MANISHI MAR 1968 G.K.U.

ॐ

मनीषी

1968

MANISHI

दयानन्द कॉलेज पत्रिका

अजमेर

कॉलेज अजमेर

विद्या परम देवतम्

मनीषी

(दयानन्द कॉलेज पत्रिका, अजमेर)

A DAYANAND COLLEGE MAGAZINE

AJMER

1968

सम्पादक–मण्डल

प्रधान सम्पादक
र० शं० वर्मा

सम्पादक (अंग्रेजी) : म० कृ० मरवाह
सम्पादक (हिन्दी) : ल० काँ० शर्मा
छात्र सम्पादक (हिन्दी) : रमेश 'मित्र' एम. ए. पूर्वार्द्ध

नोट:—पत्रिका में दिये गये विचारों और तथ्यों का उत्तरदायित्व केवल सम्पादकों पर है और इसकी जिम्मेदारी कॉलेज अधिकारियों की नहीं है ।

संकेतिका

हिन्दी विभाग

CONTENTS

ENGLISH SECTION

श्री मेहरचन्द महाजन

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश

तथा

अध्यक्ष, सार्वभौम आर्य समाज शिक्षण संस्था परिषद्

दिनांक १२ दिसम्बर '६७ को चंडीगढ़ में जिनके असामयिक निधन से आर्य जगत को महान क्षति हुई है।

मनीषी

दयानन्द कॉलेज पत्रिका

यो भूतं च भव्यं च सर्वं यश्चाधितिष्ठति ।
स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥

वर्ष ३४ | अजमेर मार्च १९६८ | अकं १

ईश-प्रार्थना

ओं सहनाववतु,
सह नौ भुनक्तु, सह वीर्यं करवावहै ।
ते जस्विनावधीतमस्तु, मा विद्विषावहै ॥

हे परमपिता परमात्मा !
यही वरदान माँगते हैं हम आपसे,
कि हम रक्षा कर सकें अपनी
आने वाले कष्टों से,
ऐसी बुद्धि दीजिए ।
नाश कर सकें उन कष्टों का
हम सब मिल कर !
देश की रक्षा के पुरुषार्थ के
कार्यों को करें,

हम सब एक साथ मिलकर !
हे भगवान !
ऐसी शक्ति दें आप हमें,
कि
हम सब तेजस्वी होकर
एक साथ अध्ययन कर सकें !
किसी से विद्वेष न करें
और
सदैव हम सब एक होकर रहें !

संपादकीय

वैचारिक प्रतिक्रियाएं, स्तवन एवं श्रद्धांजलि

दल-बदल राजनीति का अभिशाप : राजनीतिक अस्थिरता !

१. भारतीय लोकतंत्र ने विगत दो दशकों में, अनेक कटु एवं तिक्त अनुभव, किए हैं। किसी भी राष्ट्र के जीवन में यद्यपि बीस वर्ष कोई अधिक महत्व नहीं रखते, किन्तु स्वाधीनता के पश्चात् हमारे राष्ट्रीय जीवन के विगत दो दशकों का महत्व सहज ही विस्मृत नहीं किया जा सकता। जहाँ एक ओर पुराने प्रतिष्ठित नेतृत्व का ह्रास अथवा विघटन हुआ है, वहीं नये नेतृत्व का उदय भविष्य के प्रति हमें आश्वस्त करता है और हममें यह विश्वास भी जगाता है कि नई पीढ़ी अपने उत्तरदायित्व एवं वर्चस्व के प्रति जागरूक है।

सत्ता का सिंहासन और उसका प्रलोभन, एक स्वर्ण-मृग के समान राजनीति की सीता को युग-युगान्त से ललचाता रहा है, किन्तु इधर हमारे विधायकों में इस प्रलोभन को लेकर जो अवांछनीय तत्व पनपे हैं, उनसे प्रबुद्ध-वर्ग में एक अभूतपूर्व चिन्ता भी व्याप्त होती जा रही है ! विभिन्न राज्यों में जब पुराने मंत्रिमण्डल टूटे और नये बने, तो हमें एक घृणित दृश्य भी देखने को मिला, और वह थी विधायकों की दल बदल की प्रवृत्ति ! नवजात हरियाणा राज्य का 'आयारामः गयाराम' हमारे राजनीतिक जगत में एक मुहावरा बन गया है और इसकी पृष्ठभूमि से जो कलुषित सौदेबाजी एवं व्यावसायिकता झांकती है, उससे सभी चिन्तनशील लोगों की भृकुटियां तन गई हैं ! क्या राजनीतिक सत्ता इतनी वांछनीय है कि उसके लिए हमारे विधायक नैतिकता को तिलांजलि दे कर और अपने सिद्धान्तों का गला घोंट कर आज इस दल में और कल उस दल में, राजनीतिक सत्ता की प्राप्ति के लिए चले जाएं ? कुछ यथार्थद्रष्टा राजनीतिज्ञ कह सकते हैं कि यह संक्रातिकाल की अनिवार्यता है, इससे आंशिक रूप में सहमत होते हुए भी हमें यह कहना होगा कि हमारे राजनीतिक क्षितिज पर, जो अवांछनीय प्रवृत्तियां पनप रही हैं, वे देश के भविष्य को रसातल में ले जा सकती हैं। इससे पूर्व कि इस अनिष्टकारी अध्याय का प्रारम्भ हो, हमें इसकी रोकथाम के लिए प्रबल प्रयत्न एवं निष्ठा का परिचय देना होगा। विधायक की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा की परिपूर्ति के स्थान पर राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि समझना होगा। क्या हम राष्ट्रपिता गाँधी के उस वाक्य को फिर दोहराएं कि लक्ष्य की पवित्रता के साथ-साथ साधनों की पवित्रता भी बड़ी महत्वपूर्ण है। 'येन-केन-प्रकारेण' की प्रवृत्ति राजनीति में एक दूषित अध्याय का सृजन करती है और इसी का परिणाम है कि एक प्रातः हम नये मन्त्रिमण्डल के निर्माण की सूचना पाते हैं. तो रात्रि को किसी अन्य मन्त्रिमण्डल के विघटित होने की सूचना भी हमारे मन में एक सनसनी पैदा कर देती है ! इन कारणों से राष्ट्रीय जीवन में जो राजनीतिक अस्थिरता आती जा रही रही है, उससे देश का भविष्य अंधकाराच्छन्न होता जा रहा है और कोई आश्चर्य नहीं कि इस पारस्परिक मतभेद एवं राष्ट्रीय हितों की क्षीणता के वातावरण में कोई विदेशी शक्ति हम पर हावी न हो जाये ! ऐसी स्थिति में हम देश के चिन्तनशील लोगों से अपील करना चाहते हैं कि वे समय रहते इस दूषित वातावरण की 'कुत्सा' को समाप्त करें और एक नए स्वास्थ्य-प्रदायक वातावरण की सृष्टि करें।

भारतीय लोकतंत्र इक्कीस साल का गबरू जवान है, उसमें महत्वाकांक्षा है, नवनिर्माण की उत्कंठा है; किन्तु इन सभी पवित्र उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एक अनवरत क्रियाशीलता एंव राजनीतिक स्थिरता भी चाहिए। जब तक किसी दल को कार्य करने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलेगा, तब तक राष्ट्रीय नवनिर्माण का स्वर कैसे मुखरित हो सकता है ! जो योजनाएं देश का कायापलट कर रही हैं, उसकी सफल परिसमाप्ति के लिए राजनीतिक स्थिरता अत्यन्त आवश्यक है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत में देश के बढ़ते हुए महत्व को दृष्टि में रखते हुए यह स्थिरता और भी अधिक वांछनीय हो जाती है, किन्तु इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं कि हम किसी दल-विशेष की स्थिरता की कामना करते हैं और परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से

चिन्तित हैं। इस के विपरीत हम तो यही कहना चाहेंगे कि देश की राजनीति में जो भी परिवर्तन आएं, उनका एकमात्र लक्ष्य राष्ट्रीय हितों की परिपूर्ति ही होना चहिए। स्वदेश-भक्ति एंव राष्ट्रीय नवनिर्माण सर्वोपरि हैं और लोकतंत्र की जिस भावना को हमने अबतक पनपाया है, उसकी पावन परम्पराओं को विकसित करना हम सबका काम्य है।

इसके अतिरिक्त हमारी चिन्ता का एक कारण और भी है। आए दिन हमारी विधानसभाओं एवं संसद् में जो व्यवहार विभिन्न दलों के सदस्यों द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, उसका देश की नई पीढ़ी पर विशेष रूप से प्रभाव पड़ता है। राजनीति की छीना-झपटी एवं सिद्धान्तों की उछल-कूद में नैतिकता आँसू बहाती है। और गुण्डागर्दी का वातावरण उभर कर सामने आता है! जो कुछ आज हमारी विधानसभाओं एवं संसद् में होता है, उसी का परिणाम हमें कल अपनी शिक्षण संस्थाओं एवं राष्ट्र के व्यापक प्रांगण में देखने को मिल सकता है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने कार्य, व्यवहार एवं लक्ष्य के प्रति जागरूक हों और कोई भी ग़लत सबक नई पीढ़ी के सामने न रखें। हमारे राष्ट्रीय नेता लोकतंत्र की जिस आधारशिला को रखने जा रहे हैं, उसकी नींव में यह अवांछनीय प्रवृत्तियां घातक सिद्ध हो सकती हैं। लोकतंत्र के जिस विशाल भवन की परिकल्पना हमारे नेताओं को आन्दोलित करती रही है, उसकी भी यही मांग है कि हम अपने उद्देश्यों के प्रति स्पष्ट एवं जागरूक हों और उनकी प्राप्ति के लिए जिन साधनों को अपनायें, वे पवित्र एवं वांछनीय हों। देश के आंतरिक वातावरण में विघटन, पृथक्करण एवं साम्प्रदायिकता न पनपे और इसके स्थान पर सामान्य नागरिक के मनमें राष्ट्र की नीतियों के प्रति कोई शंका उत्पन्न न हो, इसके लिए यह आवश्यक है कि हमारे विधायक एवं संसद्-सदस्य अपने व्यवहार एवं कार्य के प्रति विशेष रूप से जागरूक हों और देश के नवयुवक-वर्ग के लिये अक्षय प्रेरणा के स्त्रोत सिद्ध हों।

२. पुस्तकालय और अध्ययन की बढ़ती हुई प्रवृत्ति :

जितना दो वर्षों से हम इन्हीं पंक्तियों में पुस्तकालय के जन्म और विकास की कहानी कहते रहे हैं, कुछ अपेक्षायें एवं चुनौतियां भी प्रस्तुत की गईं थीं; हमें प्रसन्नता है कि उनका सामुचित उत्तर तो नहीं, किन्तु आंशिक उत्तर अवश्य मिला है। इस वर्ष पुस्तकालय-भवन की साज-सज्जा में वृद्धि हुई है। पुस्तक-संग्रहालय के केन्द्रीय मंच पर प्रेरणादायी गुलदस्ते रखे गए हैं एवं केन्द्रीय अध्ययन-कक्ष में मनभावन-बिछावन ऐसे विद्यार्थियों के लिए भी आमंत्रणकारी सिद्ध हुआ है, जो पठन-पाठन से कोसों दूर भागा करते थे। पत्र-पत्रिका-कक्ष में काफी हलचल रहने लगी है और पुस्तक-संग्रहालय के केन्द्रीय-कक्ष में भी जिज्ञासु विद्यार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है, पर सामूहिक अध्ययन-कक्ष एवं वैयक्तिक अध्ययन-कक्ष (क्यूबीकल्स) अब भी अकेलेपन की सांय-साँय से आक्रान्त हैं। यदा-कदा ही इन कक्षों में जिज्ञासु विद्यार्थियों के दर्शन हो पाते हैं। एकाकीपन का यह संत्रास महाविद्यालय के सभी सदस्यों के प्रति एक खुली चुनौती है। क्या हम उम्मीद करें कि निकट भविष्य में नए आने वाले विद्यार्थियों की पाँत इसका समुचित उत्तर दे सकेगी।

जब से जियालाल शिक्षक-प्रशिक्षण-संस्थान के पुस्तकालय का, केन्द्रीय पुस्तकालय में विलीनीकरण हुआ है, तब से ऊपर की मंजिल में भी चहल-पहल बढ गई है, किन्तु अभी यह अधिक उत्साहजनक नहीं कही जा सकती। दूसरी मंजिल पर जहाँ पत्र-पत्रिकाओं की सजिल्द फाइलों का सचयन है, वहीं अब शिक्षा-साहित्य का भी समुचित भण्डार है। एक ओर कोने में वैदिक साहित्य का संग्रह भी बड़ी निष्ठा से किया गया है, किन्तु यह निष्ठा तभी सनाथ हो सकेगी, जबकि इन समस्त सुविधाओं का हम पूर्णतः उपयोग करें।

पत्र-पत्रिका कक्ष के सन्दर्भ में एक बात हमें प्रायः खटकती है और वह यह है कि महाविद्यालय की हिन्दी-प्रधान नीति के बावजूद हिन्दी की पत्र-पत्रिकाएं कम संख्या में आती हैं; यद्यपि इन्हीं का उपयोग सबसे अधिक होता है! अंग्रेजी की पत्रिकायें या अन्य भाषाओं की पत्रिकायें आयें। इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं, किन्तु विद्यार्थियों की

मनःस्थिति एवं आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए हिन्दी की पत्र-पत्रिकाओं की संख्या निश्चय ही बढ़नी चाहिए। क्या हम आशा करें कि हमारे हिन्दी-प्रेमी आचार्य महोदय इस ओर भी समुचित ध्यान देकर, अविलम्ब इस अभाव की परिपूर्ति करेंगे?

पुस्तकालय का वातावरण निश्चय ही आमंत्रणकारी है और यह एक ऐसी ज्ञान-निधि है, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं। बाहर से आने वाले अतिथियों ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है, किन्तु अब भी एक कमी हमें खटकती है, और वह है पुस्तकालय-भवन के अनुरूप विशाल पुस्तक-भण्डार की! इसमें कोई संदेह नहीं कि ज्यों-ज्यों वित्तीय सुविधायें प्राप्त होती जा रही हैं, त्यों-त्यों इसका निरंतर विकास होता जा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राजस्थान सरकार इस अभाव की पूर्ति में हमारे सहायक रहे हैं। यदि निकट भविष्य में इनकी सहायता हमें और भी अधिक मात्रा में सुलभ हो सकी, तो इसमें कोई संदेह नहीं कि यह पुस्तकालय आत्मा की दृष्टि से भी सम्पन्न हो जाएगा और इस पर अजमेर नगर गर्व कर सकेगा!

३. हिन्दी-संस्कृत में स्नातकोत्तर कक्षाएँ

हिन्दी-संस्कृत में स्नातकोत्तर कक्षायें आरम्भ होने के साथ ही महाविद्यालय के कला संकाय में एक ऐसी आवश्यकता की परिपूर्ति हुई है, जिसके अभाव से हम अनेक वर्षों से संत्रस्त थे। एक ऐसी शिक्षण-संस्था, जो सार्वजनिक जीवन में हिन्दी के वर्चस्व को स्वीकार करती हो और हिन्दी की निधि को निरंतर विकसित करने की दृष्टि से उसकी श्रद्धेया माता संस्कृति को भी परम आदर की दृष्टि से देखती हो, उसी संस्था में हिन्दी-संस्कृत के सर्वोच्च अध्ययन की व्यवस्था न होना एक बड़ी लज्जाजनक बात थी! यद्यपि आचार्य महोदय इस अभाव की परिपूर्ति के लिए १९६५ से ही सन्नद्ध थे, किन्तु परिस्थितियों की विपरीतता, उनके मार्ग में एक बाधा उपस्थित करती रही! उनकी अनवरत लगन एवं कार्य-निष्ठा से सन् १९६७ के सत्र से इस चिर-अभाव की भी परिपूर्ति हो सकी। हिन्दी में आशा से अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश और संस्कृत में तीन विद्यार्थियों का मिल जाना एक विस्मयकारी उपलब्धि थी। (दुर्भाग्य से संस्कृत में केवल एक ही विद्यार्थी, जो कि कॉलेज में प्राध्यापक भी हैं, अंत तक टिके रह सके!) दयानन्द कॉलेज में राजनीति-विज्ञान, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र एवं चित्रकला में स्नातकोत्तर विभाग थे, किन्तु हिन्दी और संस्कृत विभाग की अभिवृद्धि से कला संकाय में एक पूर्णता-सी आ गई। अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी ही दो ऐसे विषय रहे हैं, जिनमें स्नातकोत्तर विभाग की आवश्यकता है। कॉलेज के विकास के अगले चरण में हमें विश्वास है कि इस अभाव की भी परिपूर्ति हो सकेगी। वाणिज्य एवं शिक्षा संकाय में स्नातकोत्तर अध्ययन की व्यवस्था है ही, किन्तु विज्ञान एवं कृषि में अभी इस चरमोपलब्धि को पाना शेष है। सौभाग्य की बात है कि इन अभावों के प्रति महाविद्यालय का अधिकारी-वर्ग पर्याप्त सजग है और ज्यों ही सुविधायें एवं साधन सुलभ होंगे, त्यों ही महाविद्यालय को पूर्णत्व की प्राप्ति हो सकेगी।

४. अजयमेरू की तृषित धरा में बनास का जलावतरण!

अजमेर, राजस्थान का एक समृद्ध एवं केन्द्रीय नगर होने के कारण, एक विशेष महत्व का अधिकारी रहा है। यहाँ पर राजस्थान लोक सेवा आयोग, माध्यमिक शिक्षा-मंडल एवं राजस्व-मंडल और अब हिन्दुस्तान मशीन-टूल्स लिमिटेड (एच एम टी) के अस्तित्व में आ जाने से इस नगर की गरिमा में और भी वृद्धि हुई है। एक अभाव विगत दशक से इस नगर को आक्रांत किए था, और वह था जल-व्यवस्था का सीमित वितरण! इस संकट की परिकल्पना हम तभी कर सकते हैं, जब पानी के लिए रात-रात भर जागने वाले लोगों की कष्ट-कहानी सुनी जाए! पिछले कुछ सालों में नगर की जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हुई है, किन्तु उसके जलसाधन सीमित ही रहे और उनका परिणाम था जल का निरंतर अभाव एवं तृषित व्यक्तियों की करुणा-कहानी, जो कि खारे जल से अपनी तृषा का निवारण करते थे! एक साल तो ये खारे पानी के कुएं भी जवाब दे गए, और तब उन अधिकारियों के कानों पर, जिन पर कभी भी जूं नहीं रेंगती थी, चिन्ता के बादल उमड़ने लगे! बनास से जल लाने की योजना बनी, किन्तु

राजस्थान [illegible] को सन्देश देते हुए

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दल के सदस्य

कॉलेज के नवीन पुस्तकालय कक्ष में

१५ अगस्त १९६७ की एडवर्ड मैमोरियल की प्रदर्शिनी में कॉलेज द्वारा प्रस्तुत कृषि एवं खाद्य प्रदर्शिनी

श्री सालिग राम गोयल, प्रवक्ता (भौतिक शास्त्र) जिनके आकस्मिक निधन (२३-१०-६७) ने मनीषी परिवार को शोकाभिभूत कर दिया

कल-युग का भागीरथ अपनी राजनीति के मायाजाल में ऐसा उलझा कि वह हर साल चुनाव से पहले वादे तो बहुत करता और सरसब्ज बाग भी बहुत दिखाता, पर न जाने ऐसी कौनसी बात थी, जिसके कारण ये सारी योजनाएं कागज़ पर ही धरना दिए बैठी रहतीं ! जनता का असंतोष निरंतर उमड़ने-घुमड़ने लगा और सत्ताधारियों के सिंहासन डोलने लगे ! एक कहावत है: 'बारह साल में तो घूरे के भी भाग पलटते हैं ।'-तो अजमेर के भाग पलटे और बनास-योजना को सन् १९६८ के ३० मार्च को अपनी परिपूर्ति का अंतिम चरण मिल सका ! (यद्यपि अब भी इस योजना के अन्तर्गत काफी काम बाकी है !) किन्तु, हमें उम्मीद करनी चाहिए कि घूरे के भाग पलटने के लिए अब फिर बारह साल की दरकार न होगी !

अजयमेरु की तृषित धरा पर बनास का जलावतरण तो हो गया है, और अब वे प्राणी जो एक समय नहाने के लिए तरसते थे, संध्या को भी नहाते हुए देखे जा सकते हैं । पर अभी नगर के सभी क्षेत्रों में जल का वितरण पूर्ण मात्रा में नहीं हो सका है; यह जितनी जल्दी सम्पन्न होगा, उतनी ही जल्दी हम अजमेर को काया पलटते हुए देख सकेंगे ! अजमेर, अपने उद्यानों एवं वाटिकाओं के लिये प्रसिद्ध रहा है । यहाँ फल, फूल एवं सब्जियां काफी मात्रा में होते हैं, बनास के इस नए जल से कुंवारी धरती अपने परिपूर्ण योवन को प्राप्त कर सकेगी, एसा विश्वास किया जाना चाहिए । जल मनुष्य की एक बुनियादी आवश्यकता है और इसकी प्रचुरता से नगर के औद्योगीकरण में पर्याप्त वृद्धि होनी है । जल के अभाव में, हमारी उत्साही उद्योगपतियों की योजनाएं, अधर में लटकी हुई थीं, जल के पूर्ण मात्रा में मिलने पर ये योजनाएं साकार हो सकेंगी और तब हम एक नए समृद्ध जीवन का आस्वादन कर सकेंगे ! औद्योगीकरण के साथही-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के निर्माण में भी इस बुनियादी आवश्यकता की पूर्त्ति का प्रचुर देय है । क्या हम आशा करें कि 'चश्म-ए-नूर' के उजड़े हुए फिज़ां में नूरजहाँ की तरह नई बुलबुलें फिर अपना आशियाँ बसा सकेंगी ?

५. स्नातकोत्तर कक्षाओं का मानसिक क्षितिज: विचार-गोष्ठियाँ !

शिक्षा को जीवन्त बनाने के संदर्भ में प्रायः शिक्षाशास्त्रियों द्वारा इस बात की महती आवश्यकता प्रतिपादित की जाती रही है कि ज्ञान विज्ञान को जीवन की ऊष्मा प्रदान करने के लिए, सजीव विचार गोष्ठियों की आयोजना की जाए । जहाँ शोधकार्य से एकांतिक साधना को सम्बल प्राप्त होता है, वहीं विचार-गोष्ठियों से बौद्धिक जीवन के सामूहिक पक्ष को प्रेरणा एवं स्फूर्ति प्राप्त होती है । स्नातक एवं अधिस्नातक स्तर पर हमारे महाविद्यालय में ये प्रयोग सम्पन्न हुए हैं । इन्हीं पंक्तियों में हमने स्नातकोत्तर शिक्षा की चरम-उपलब्धि के रूप में शोध कार्य की महत्ता पर विचार प्रकट किया था । इस उद्देश्य की आवश्यकताओं की परिपूर्ति के लिए विचार-गोष्ठियां प्रारम्भिक सोपान का कार्य करती हैं । यह प्रसन्नता की बात है कि विभिन्न विषयों में इस प्रकार की विचार गोष्ठियां आयोजित की गई हैं और पारस्परिक विचार-विनिमय से हमारे विद्यार्थी एवं प्राध्यापक लाभान्वित हुए हैं, किन्तु इस बात की अब और भी आवश्यकता अनुभव की जा रही है कि इन विचार-गोष्ठियों को योजनाबद्ध रूप दिया जा सके । इनके सम्मुख कुछ सुस्पष्ट उद्देश्य हों, जिन्हें कि हम क्रमशः लक्ष्यसिद्धि के रूप में प्राप्त कर सकें । हिन्दी की अधिस्नातक कक्षाओं में एवं विज्ञान की स्नातक कक्षाओं में यह प्रयोग सफलतापूवक सम्पन्न हुआ इसके कुछ परिणाम भी हमारे सामने आये । इसी अंक के अगले पृष्ठों में आप इन विचार-गोष्ठियों के परिपक्व फलों का आस्वादन कर सकेंगे । आवश्यकता इस बात की है कि प्राध्यापकगण एवं बाहर से आए विद्वान् भी इस पावन अनुष्ठान में पर्याप्त योग दें । उनके सहयोग एवं मार्ग-दर्शन पर ही इन विचार-गोष्ठियों का भविष्य निर्भर करता है । आशा की जानी चाहिये कि इन गोष्ठियों के वित्तीय पक्ष को महाविद्यालय के विद्यार्थी-कोष से पर्याप्त अनुदान एवं सहायता-सुविधा मिल सकेगी ।

६. साहित्य-परिषद् की विकास-रेखाएँ

हिन्दी साहित्य-परिषद् के क्रिया-कलाप में, अधिस्नातक कक्षायें खुल जाने के कारण, एक विशेष स्फूर्ति एवं गतिविधि

इस वर्ष देखी गई। बड़े उत्साह एवं योजना के साथ चुनाव सम्पन्न हुए और एक नई जीवनानुभुति के साथ साहित्य-परिषद का उद्घाटन प्राचार्य श्री विपिन बिहारी वाजपेयी के मूल्यवान विचारों के साथ सम्पन्न हुआ। आपने परिषदों के क्रिया-कलाप की चर्चा करते हुये साहित्य की नवीनतम प्रवृत्तियों का उल्लेख किया और सृजनात्मक प्रतिभा के विकास के लिये एक स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की। श्रद्धेय वाजपेयीजी ने तरुण साहित्यकारों का उद्बोधन करते हुये कहा कि उन्हें साहित्य की विविध विधाओं के सृजन में रुचि लेनी चाहिये और समसामयिक साहित्य की गतिविधियों से भी अवगत रहना चाहिये।

परिषद् के समापन समारोह के अवसर पर स्थानीय क्षेत्रीय महाविद्यालय के प्राचार्य श्री प्रभुदयाल शर्मा हमारे मुख्य अतिथि थे। आपकी अध्यक्षता में एक विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जियालाल शिक्षक-प्रशिक्षण-संस्थान के प्रोफेसर श्री भूदेव शास्त्री ने अपने उद्बोधक एवं तथ्यप्रवण विचारों से परिषद् के सदस्यों को एक नई प्रेरणा प्रदान की। इसी अवसर पर रवीन्द्र की कहानी 'शेषेर रात्रि' के नाट्य रूपान्तर को अभिनीत किया गया, जो कि विद्युत-व्यवस्था के सहयोग न देने के कारण, दृश्य तो रहा, किन्तु श्रव्य न हो सका।

वित्तीय दृष्टि से परिषद् ने पर्याप्त प्रगति की, इसके लिए परिषद् के परामर्शदाता एवं विभागाध्यक्ष के प्रयत्न निश्चय ही अभिनंदनीय हैं। कुल मिलाकर ऐसा अनुभव हुआ कि हम में जोश-खरोश तो काफी रहा, किन्तु पुष्ट योजना एवं लक्ष्यों के प्रति सजगता न हो पाने के कारण हम अपने ईप्सित फल को प्राप्त न कर सके। इस वर्ष का यह कटु अनुभव भविष्य के लिए शिक्षा-प्रदायक हो, यही कामना हम कर सकते हैं।

परिषद् की एक महत्वपूर्ण एवं अंतिम उपलब्धि है, विभागीय पुस्तकालय के लिए धन-संग्रह। आशा की जाती है कि इस संग्रह में अगले वर्ष और भी धनराशि का योग होगा और हम विभागीय पुस्तकालय के स्वप्न को मूर्त रूप प्रदान कर सकेंगे। इसमें उच्चस्तरीय पुस्तकों एवं साहित्यिक पत्रिकाओं के लिए प्रावधान होना चाहिए। स्नातक एवं अधिस्नातक—सभी कक्षाओं की आवश्यकता पूर्ति हमारा लक्ष्य है। सन्दर्भ-ग्रन्थों एवं प्रामाणिक कोषों से भी यदि विभागीय पुस्तकालय विभूषित हो, तो अध्यापक-वर्ग एवं उच्चकक्षाओं के विद्यार्थियों में एक नयी संचेतना देखी जा सकती है। एवमस्तु।

७. सर्वोत्तम रचना-पुरस्कार : बधाई !

इस वर्ष 'मनीषी' के हिन्दी विभाग में सर्वोत्तम रचनाओं के रूप में दो समीक्षात्मक निबन्ध-प्रथम एवं द्वितीय-निर्णीत हुए : प्रथम निबन्ध के लेखक हैं, श्री रमेश 'मित्र' और द्वितीय के श्री भँवरलाल पारीक। इन दोनों छात्रों में समीक्षात्मक निबन्धों के प्रति एक विशेष अभिरुचि देखी गई, इनकी शैली एवं तर्क-योजना भी प्रभावशाली हैं। रचनात्मक साहित्य में श्री क्षेमेन्द्र की कहानी अनुभूतिशील चेतना से परिप्लावित है और उनमें एक श्रेष्ठ कहानीकार के अंकुर निहित हैं। हम इन तरुण लेखकों की प्रतिभा के समुचित विकास की कामना करते है और उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई भी देते हैं।

८. शोध के बढ़ते हुए चरण : डॉक्टर-द्वय की उपलब्धियाँ :

इन्हीं पंक्तियों में हमने गत वर्ष डॉ. कैलाश नारायण गुप्ता का अभिनन्दन किया था, और भी अधिक हर्ष की बात है कि इस सत्र में उनके बौद्धिक परिवार में दो और उल्लेखनीय अभिवृद्धियाँ हुई हैं। प्रथम हैं डॉ० मदन मोहन लवानिया और द्वितीय हैं डॉ० राजेन्द्रकुमार सक्सेना। डॉ० लवानिया का शोध-विषय है : 'संक्रमण काल में एक ग्राम : बदलते हुए परिप्रेक्ष्य में ! (ए विलेज इन ट्रान्जीशन) और उनके निदेशक रहे हैं डॉ. रामनारायण सक्सेना, निदेशक : समाज-विज्ञान-संस्थान, आगरा विश्वविद्यालय, आगरा।

आपके शोध-प्रबन्ध का निष्कर्ष इस प्रकार है : राजस्थान के एक ग्राम का, बदलते हुए परिप्रेक्ष्य में, समाज शास्त्रीय दृष्टि से अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। मूल रूप से इसमें ग्रामीणों के बदलते हुए नैतिक मूल्य, विचार, व्यवहार, सामाजिक संगठन एवं संरचना पर शोधकर्त्ता ने

विशेष रूप से प्रकाश डाला है । स्वाधीनता के पश्चात के विगत दो दशकों में जो भी परिवर्तन हमारे ग्राम में उपस्थित हुए हैं, उन्हीं का मार्मिक विश्लेषण डॉ० लवानिया की मुख्य उपलब्धि रही है ।

प्रोफेसर राजेन्द्रकुमार सक्सेना को इसी सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय के इतिहास-विभाग के अन्तर्गत, उल्लेखनीय शोधपूर्ण कार्य करने के उपलक्ष्य में, डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है। उनका विषय था : 'मराठों का प्रमुख राजस्थानी रियासतों से १७६१-१८१८ ईस्वी के बीच सम्बन्ध ।' इनके निर्देशक थे-पंजाव विश्वविद्यालत के इतिहास विभाग के आचार्य एवं अध्यक्ष श्री आर. आर. सेठी ।

आपके शोध-प्रबन्ध का निष्कर्ष इस प्रकार है : मराठों के आततायी व्यवहार से राजपूत शासक अत्यन्त क्षुब्ध थे। यद्यपि उन्हें उत्तरी भारत की राजनीति में प्रविष्ट कराने में राजपूतों का ही हाथ था पर फिर भी जीर्ण-जर्जर क्षात्र-शक्ति पर मराठों द्वारा जो कड़ी शर्तें थोपी गई, उनसे विवश होकर राजपूत राजाओं ने ईस्ट इण्डिया कंपनी के हाथ अपनी आज़ादी भी गिरवी रख दी, और तब आरम्भ हुआ उन कुचक्रों का, जिनके कारण एक विदेशी शक्ति उत्तरोत्तर भारत की राजनीति पर हावी होती गई !

महाविद्यालय के सारस्वत जीवन में, इस प्रकार दो डॉक्टरों की और अभिवृद्धि हुई है। इससे कॉलेज की गरिमा एवं राजस्थान के बौद्धिक जीवन में उनकी प्रतिष्ठा को चार चाँद लगेंगे, यह निर्विवाद है। डॉ० मदनमोहन लवानिया एवं डॉ० राजेन्द्रकुमार सक्सेना गतिशील एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं। इनसे विद्यार्थियों को सदैव एक सुस्पष्ट मार्गदर्शन एवं प्रेरणा मिलती रही है, यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। इस अभिवृद्धि से आगे चलकर छात्रों को शोध-कार्य में प्रवृत्त होने और उल्लेखनीय बौद्धिक उपलब्धि में दत्तचित होने की प्रेरणा भी प्राप्त होगी, ऐसा सहज ही सोचा जा सकता है। मनीषी-परिवार डॉक्टरद्वय का अभिनन्दन करता है और उनके उपयोगी एवं उल्लेखनीय सारस्वत जीवन की दिन-दूनी, रात-चौगुनी उन्नति की आकांक्षा भी !

९. तरुण प्राध्यापक श्री शालिगराम गोयल का निधन।

सत्रारम्भ के समय तरुण प्राध्यापक श्री गोयल के आकस्मिक निधन ने हम सबको शोकाभिभूत कर दिया। अभी वे जीवन के २५ बसन्त ही देख पाये थे कि यह वज्रपात हो गया ! जीवन के एक कोमल किशलय को क्रूर झंझावात ने लील लिया ! वे महाविद्यालय के भौतिक-विज्ञान-विभाग में एक तरुण प्रवक्ता थे, उनके सम्मुख जीवन की अनन्त संभावनाएँ हिलोरें ले रही थीं ‥ कि एक क्रूर प्रात : यह सुना गया कि गोयल साहब नहीं रहे। मृत्यु ने उन्हें हमसे छीन लिया। यह तरुण प्राध्यापक अपने विद्यार्थियों में बहुत ही अधिक लोकप्रिय था, क्योंकि वे विद्यार्थियों के मनोवेगों को, उनके प्रेरणास्त्रोतों को भली-भांति जानते थे। मनीषी-परिवार उनके शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनकी आत्मा की शान्ति के लिए अनन्त प्रार्थनाएँ भी।

१०. दिवगंत शिक्षाशास्त्री, राजनेता एवं अंतरिक्ष यात्री :

डॉ० मेहरचन्द महाजन डी. ए. वी. आन्दोलन के सूत्रधार एवं मंत्रदाता थे। पंजाब के डी. ए. वी. कॉलिजों पर तो उनका वरदहस्त था ही, किन्तु समस्त भारत के डी. ए वी. कॉलेज उनके स्नेह एवं संरक्षण को प्राप्त कर सके थे। उनके निधन से दयानन्द विश्वविद्यालय की योजनाओं पर असह्य आघात हुआ है, किन्तु यदि आर्य-जगत् उनकी अंतिम आकांक्षा को पूर्ण कर सका; तो यह उनकी आत्मा के प्रति सर्वोत्तम श्रद्धांजलि होगी। डॉ० महाजन अपनी न्ययप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सदैव जागरूक रहे। उन्हीं के कारण पंजाब एवं दिल्ली में राजकीय महाविद्यालयों की तुलना में डी. ए. वी. कॉलिजों का मस्तक सदैव ऊँचा रहा और ऐसे भी दर्जनों उदाहरण हैं कि राजकीय सेवा का परित्याग कर अनेक प्रसिद्ध विद्वानों ने डी. ए. वी कॉलेजों में काम करना अपनी प्रतिष्ठा एवं रुचि के अधिक अनुरूप समझा। वस्तुतः महाजन साहब के व्यक्तित्व में

हम सतत् गतिशीलता एवं दिव्य आभा के दर्शन करते हैं और ऐसे प्रभावपूर्ण आलोक का हमारे बीच से उठ जाना एक दुर्दान्त दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है।

समाजवादी आन्दोलन के प्राण डॉ० राममनोहर लोहिया, जिन्हें कि संविद मंत्रिमण्डलों का सूत्रधार और साहित्यकारों एवं कवियों का प्रेरणादाता कहा जाता रहा है, हमारे बीच एक ऐसी पावन परम्परा छोड़ गये हैं, जो हमें भावी संकट में क्रियाशील बनाए रहेगी। उनके व्यक्तित्व की प्रखरता एवं ओजस्विता हमारे संसदीय जीवन की एक विलक्षण घटना थी। उनका आंकड़ा-विज्ञान और अर्थशास्त्र का ज्ञान अनेकों के लिये एक सुखद विस्मय प्रमाणित हुआ, किन्तु उनका मानवीय स्नेह और कर्मठता सदैव हमारा पथ प्रशस्त करती रहेगी। श्री दीनदयाल उपाध्याय अपने सौजन्य एवं निर्भ्रान्त व्यक्तित्व को लेकर सदैव याद किए जायेंगे। जिन परिस्थितियों में उनकी हत्या हुई, वह हमारी सुरक्षा-व्यवस्था के लिये एक चुनौती है। इसी प्रकार अमेरिका में डॉ० मार्टिन लूथर किंग की राजनीतिक हत्या हमारे रोंगटे खड़े कर देती है और हम बर्नार्ड शॉ की तरह सोचने लगते हैं कि अति सज्जन होना कभी-कभी बड़ा खतरनाक होता है। उसके लिये बड़ा मूल्य भी चुकाना पड़ता है। महात्मा गाँधी,, प्रेजीडेण्ट कैनेडी, दीनदयालु उपाध्याय और मार्टिन लूथर किंग की शहादत हमें यह स्मरण कराती है कि हमारी तथाकथित सभ्यता के मध्य कहीं बर्बरता का अंश भी विद्यमान है। शान्ति के ऐसे सेनानियों का निधन सभी गम्भीर लोगों को जहां एक ओर विषाद में डुबो देता है। वहां हम इस बात के लिये भी जागरूक होते है कि जब तक इस प्रकार की बर्बरता से हम परित्राण नहीं पा लेते, तब तक हमारी महान् विभूतियों का जीवन सुरक्षित नहीं है। मेजर यूरी गागरिन जिन्हें प्रथम अंतरिक्ष यात्री होने का सौभाग्य प्राप्त है और जो सोवियत वैमानिक की दृढ़ता एवं कर्तव्य-परायणता के प्रतीक हैं, उन्हें भी एक आकस्मिक विमान-दुर्घटना का शिकार होना पड़ा। गागरिन महत्वाकांक्षी तरुण एवं तरुणियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय थे और उनकी गौरवशाली परम्परा सदैव अविस्मरणीय रहेगी। इन सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति मनीषी-परिवार सादर नमन् करता है और उनके अधूरे छोड़े हुए कार्य को पूर्ण करने का संकल्प।

११. दिवंगत साहित्यकार :

१९६७-६८ का सत्र साहित्यकार जगत के लिए वस्तुत: एक अभिशापित वर्ष प्रमाणित हुआ, क्योंकि इस वर्ष हिन्दी के अनेक मूर्धन्य साहित्यकार हमसे विदा हो गए! छायावाद के बुद्धिपक्ष एवं भावपक्ष के प्रतिष्ठापक सर्व श्री नंददुलारे वाजपेयी एवं शान्तिप्रिय द्विवेदी आकस्मिक रूप से हमसे मृत्यु के ठंडे हाथों द्वारा छीन लिए गए! वाजपेयी जी का व्यक्तित्व अपने शिखरत्व को प्राप्त हुआ ही था कि वे हमारे बीच नहीं रहे। सागर विश्वविद्यालय के हिन्दी-विभागाध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक गौरवशाली परम्परा की स्थापना की। वे विक्रम विश्वविद्यालय के उपकुलपति अधिक समय तक नहीं रह सके। उपकुलपति की प्रशासनिक परिधि में परिसीमित रहने पर भी उनका साहित्यकार जागरूक रहा-प्रमाण है : 'धर्मयुग' में प्रकाशित उनकी नई कविता संबंधी लेखमाला! हिन्दी का यह मूर्धन्य समीक्षक नवलेखन की उपेक्षा अधिक समय तक न कर सका उन्होंने उसके स्वस्थ एवं अस्वस्थ रूप का बड़ा ही संतुलित विवेचन हमारे सामने प्रस्तुत किया। शान्तिप्रिय द्विवेदी का सम्पूर्ण जीवन साहित्य के प्रति समर्पित रहा। यह एकाकी साहित्यकार जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों से आजीवन लड़ता रहा, किन्तु उनके सौन्दर्य-लोक पर सामाजिक जीवन की कलुषित छाया कभी भी न पड़ पाई। वे आजीवन साहित्य के अद्यतन रूप के उपासक रहे और उन्होंने बड़ी ही निष्ठा के साथ भावात्मक शैली में छायावाद से लगाकर अब तक के साहित्य का प्रभाववादी विवेचन किया। डॉ० श्रीकृष्णलाल एक सफल अध्यापक एवं श्रेष्ठ समीक्षक तो थे ही, किन्तु उनका 'मानव' भी अपनी सहृदयता के कारण अपने आसपास के जीवन में बड़ा लोकप्रिय रहा। हास्य-रस की दो विभूतियां-डॉ० हरिशंकर शर्मा एवं बेढब बनारसी-हँसते-हँसते ही परलोक की यात्रा को चल पड़े! ये दोनों विभूतियां आर्य जगत् की देन हैं। जो लोग आर्य समाज की सिद्धान्तवादिता एवं कठोरता की शिकायत करते हैं,

(शेष पृष्ठ ४९ पर देखें)

काँटा, जो निकल गया !

गिरधर बासवानी

[सत्य केवल वही नहीं होता, जिसे हमने दूसरों में देखा। सत्य वह भी है, जो हमने किया, कर रहे हैं या करने जा रहे हैं। इसे देखो, फिर निर्णय करो-दोनों में कितना सत्य है ? दोनों के मध्य के तीसरे सत्य को पकड़ने का प्रयास करो, यही वास्तविक सत्य है। लेखक की प्रस्तुत कहानी की मूल संवेदना यही है। —छात्र सम्पादक]

"बेटा मुझे तो बहुत चिंता होगई है ।"

"क्यों माँ ?" बेटे का मुँह पुस्तक में ही था ।

"तुझे शायद शीला पसंद नहीं ....'

बेटे ने मुँह से पुस्तक हटाई ।

माँ ने आगे कहा, "मुझे परोक्ष रूप से कह गई है कि मेरे पत्र घर में कोई नहीं खोलता, तो भी तुमने उसे पत्र नहीं लिखा, उसने तेरा फोटो मांगा तो वह भी तुमने उसे नहीं भेजा ।"

"इसीलिये तुम समझती हो कि वह मुझे पसंद नहीं ?" बेटे के मुँह पर मुस्कराहट दौड़ आयी ।

"तो क्या समझूं ? शायद तुमने इसलिये हां भर दी हो कि वह हम सबको, और विशेषतया मुझे पसंद थी ।"

"इसीलिये मैंने हाँ कही ? पागल हूं ? शादी मेरी है और पसंद भी मेरी है ।"

"तो फिर तुम उसे पत्र क्यों नहीं लिखते ?"

"पत्र लिखना क्या आवश्यक है ?"

"क्यों नहीं ? औरत होते हुए भी वह तुझे कह गई, तो भी ...... "

"पहले वह लिखेगी तो उत्तर दे दूंगा ।"

"वह कैसे पहले लिखेगी ?"

"तो मैं पहले क्यों लिखूं ?"

माँ का मुंह उतर गया । भारी आवाज में कहा, "बेटा, कहो तो मैं यह रिश्ता तोड़ दूं । फिर मुझे न कहना कि मां ! तुमने ही मुझे फंसाया ...."

"तुमने मुझे फंसाया नहीं, मुझे तो शीला ने ही फंसाया है । उसे देखकर ही तो मैंने "हां" कही थी ।"

मां का चेहरा खिल उठा, बोली... ..."लेकिन मुझे तुम्हारी इस प्रवृत्ति का मतलब समझ में नहीं आता । जवान हो, तुम्हारा मन तो कहता होगा चिट्ठी-पत्री लिखने के लिये ?"

"मन तो कहता है पर उसका कहना नहीं मानूंगा ।"

"क्यों, ऐसा करने में हर्ज ही क्या है ? तुम्हारी सगाई हो चुकी है ।"

"बहुत बड़ा हर्ज है मां । उसका दिमाग चढ़ जायगा, समझेगी कि मैं उसकी कठपुतली हूं ।"

"ऐसा क्यों समझने लगी, वह तो खुश होगी कि मुझे बहुत प्यार करता है । बेचारी खुश हो तो अच्छा ही है ।"

"नहीं, इस तरह उसे खुश नहीं करना है ।"

"बेटा", मां का चेहरा फिर फीका पड़ गया ।

"मां मुझे पसंद है, बहुत पसंद है—लेकिन इस बात के लिये मुझे मजबूर न करो । मैं उसे बहुत चाहूंगा, प्यार करुंगा, परंतु दिखाऊंगा नहीं कि मैं उस पर मरता हूं ।"

"क्यों बेटा ? उसे तो इससे संतोष मिलेगा ।"

"नहीं मां, यहां उसे आने दो, फिर देखना-कितना संतोष उसे मिलता है !"

"मुझे तो तेरी ये बातें समझ में ही नहीं आती ।"

"अच्छा आओ, मैं तुम्हें समझाऊं । लड़की को अगर पहले से ही बहुत प्यार दिया गया, अभी से ही उस पर बलिदान होना शुरू कर दिया, तो वह चुलबुली हो जाएगी । प्यार करेगी, परंतु इज्जत नहीं । मुझे इज्जत भी चाहिये । यह आवश्यक है कि पत्नी इज्जत भी करे और थोड़ा भय भी माने ।"

"बेटा, तेरे ऐसे विचार कैसे हो गए ?"

"मां, तुम बुरा क्यों मानती हो ? क्या मैं उसे अपने से कम समझते हुए खुश नहीं रखूंगा, मैं उसे दिल से तो इतना प्यार करुंगा कि दिल की सम्पूर्ण दौलत उसके कदमों में होगी, लेकिन दिखावा नहीं करुंगा ।"

"बेटा, तुम तो पागल हो गए हो ।"

"पागल नहीं, मुझे मालूम है कि लड़कियाँ हमारे प्यार का नाजायज़ फायदा उठाती हैं । हमारे प्यार व समानता की

भावना की कदर नहीं करती हैं—वह भले ही यह समझे कि मेरा पति कठोर है, बेपरवाह है, लेकिन मैं हूं तो नहीं।"
"बेटा तेरी बातें सुनकर तो मेरा जी घबराने लगता है।"
"मेरे भी सिर में दर्द होने लगता है, अच्छा छोड़ो इन बातों को।"
"छोड़ कैसे, मुझे तो डर लगता है कि तुम्हारे इन विचारों के कारण वह आकर दुखी न हो।"
"किसी को दुखी रखना, हमारे खानदान के किसी लड़के के खून में नहीं है मां!"
"मैं जानती हूं।"
"मां, तुम गलत समझ रही हो, मेरा मतलब यह नहीं कि पुरुष अपनी स्त्री को भूत-प्रेत की तरह डराए, लेकिन उससे थोड़ा गुस्सा होना आवश्यक है। किसी भी समय वह अपनी पत्नी से आंख के इशारों पर काम करा सके, वरना घर का काम काज ठीक न चलेगा।"
"कहां से ये पागलपन की बातें तुमने सीखीं?"
"आसमान से नहीं सीखीं, मां!"
"तो फिर कहां से सीखीं?"
"जीवन से, ज़िन्दगी से।"
"किसके जीवन से?" मां की आवाज में दुःख झनझना उठा
"मां, अब मुझे आगे कुछ कहने के लिये मजबूर न करो।"
"नहीं, तुम्हें सब-कुछ बताना ही होगा!"
"जो कुछ मेरे मन में है, अगर बाहर न निकले तो अच्छा ही है।"
"तुम्हें बताना ही होगा!" मां ने जिद्द की।
बेटे ने सिर झुका लिया, "मां, तुम बहुत अच्छी हो। तुमने पिता जी के लिये सब-कुछ किया है—उन्हें हर तरह के सुख, और मन की शांति प्राप्त हुई। लेकिन, कभी २ जब तुम गुस्सा करती हो, पिताजी को कितना अपमानित करती हो, पिताजी मन से पीड़ित हो जाते हैं, पर तुमसे कुछ कह नहीं पाते, कहना नहीं चाहते। उन्होंने तुम पर आज तक गुस्सा नहीं किया, परन्तु तुमने उन्हें हम छोटे बच्चों के सामने इज्जत नहीं दी। मैं देखता हूं कि पिताजी के मन में यह एक कांटा चुभता रहा है।"

बेटे ने सिर उठाकर मां की तरफ देखा, मां का सिर झुका हुआ था और आँखों में आँसू थे। रूँधे गले से कहा—

"बेटा, तुमने जो देखा, सीखा। तुमने इतना सब कहकर मुझे आभास करा दिया कि मैं कहाँ थी, और आज यह भी जान गई कि मेरी ज़िन्दगी का एक निर्बल पक्ष भी है, उसे सुधार लूंगी, लेकिन तूने जो देख-देख कर सीखा, वह फिर भी अधूरा है। तू कहेगा-कैसे? तो देख, तेरे पिताजी के मन में जो एक कांटा चुभता रहा है, वह तो आज निकल जाएगा, पर तू, जिसके साथ ज़िन्दगी बिताने जा रहा है, उसके मन में पहले से ही कांटा चुभा रहा है। यह कांटा अगर चुभ गया, तो तब तक कसकता रहेगा, जब तक तेरे बेटे ऐसी ही बात कहकर इसे न निकालेंगे। बेटे, एक कांटा निकल गया, दूसरा कांटा मत चुभो ·······"

"मां, तुम सचमुच माँ हो। मुझे माफ करदो! सचमुच, मैंने देखकर जो सीखा, अधूरा था। मैं ऐसा नहीं करूंगा कि शीला के मन में कोई कांटा चुभे, और ज़िन्दगी भर चुभता रहे। मैं ····· मैं शीला को आज ही पत्र लिख दूंगा, मां ···" कहकर बेटा माँ के पाँवों पर झुका और माँ ने 'मेरे बेटे' कहकर बेटे को सीने से लगा लिया। ●●

उपन्यास के मूल्यांकन में तात्विक अनुशीलन की अनिवार्यता (पूर्वपक्ष)

भंवरलाल पारीक, एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

[भंवरलाल पारीक का, विभिन्न विद्वानों के उद्धरणों से जड़ा हुआ यह निवन्ध, हमारी विचार-गोष्ठी में चर्चित विषय का पूर्वपक्ष है। लेखक में जहाँ मार्मिकता को परिपक्वता है, वहीं उसमें कुछ मताग्रह भी है, जो कि कहीं-कहीं 'पूर्वग्रह' का रूप भी लेता दृष्टिगोचर होता है। फिर भी अपने पक्ष को सुदृढ़ रूप में रखने का लेखक में जो कौशल है, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। पूर्वपक्ष के प्रतिपादक में जो गुण होने चाहिएँ, वे इस निवन्ध में प्रचुर मात्रा में हैं। इसी विषय पर 'उत्तरपक्ष' प्रस्तुत कर रहे हैं श्री रमेश 'मित्र', जिसे कि आप विचार-मंच के उत्तरार्द्ध में पढ़ेंगे। --सम्पादक]

परम्परा से निगड़ित वैयक्तिकता और सामाजिकता जब स्वच्छन्दता की ओर अग्रसर होती है, तब साहित्य में गद्यरूपी स्रोतस्विनी स्रोतों की सीमा से बाहर आकर नया आकार धारण करती है। जागरूक और गतिशील भावों के समायोजन की शक्ति पद्य की विधा में समाहित नहीं हो पाती है, तब भावानुवर्तिनी गद्य की विधा का विकास अंगड़ाई लेता है। मनुष्य की अपरिमित विकसित प्रवृत्तियाँ गद्य के द्वारा अभिव्यक्ति का पथ सुगम बनाती हैं। उपन्यास के उद्भव के मूल में इन्हीं प्रवृत्तियों का पुट है। कुछेक मनीषी उपन्यास से ही वास्तविक गद्य की उत्पत्ति मानते हैं। लाक्षणिक ग्रन्थों के अकट-विकट बन्धनों से परिवेष्टित होकर ही साहित्यकारों ने साहित्य की इस विधा को अपनाया होगा। डॉ० रामअवध द्विवेदी ने लिखा है: 'सच तो यह है कि उपन्यास एक ऐसा साहित्यरूप है, जो बन्धनों की उपेक्षा करने में ही अपनी सार्थकता मानता है, क्योंकि वह निर्बन्ध जीवन के आधार पर ही निर्मित हुआ है।' 'दि मेकिंग ऑफ लिटरेचर' में स्कॉट जेम्स ने लिखा है कि उपन्यास के जीवन में, प्रारम्भ से ही आज तक उपन्यासकार ने अपनी स्वतंत्रता का उपयोग, इस कथा-साहित्य में किया है। शिवनारायण श्रीवास्तव ने 'हिन्दी उपन्यास' में लिखा है कि लेखक को इतनी अधिक स्वतंत्रता और किसी साहित्य-रूप में उपलब्ध नहीं, यह साहित्य का सबसे अधिक उच्छृंखल और अस्थिर रूप है।

इन विभिन्न विद्वानों की विचारधाराओं से ऐसा लगता है कि साहित्य की अन्य विधाओं से उपन्यास में लेखक को अधिक स्वतंत्रता मिलती है, परन्तु इनमें स्पष्टतः यह उल्लेख नहीं है कि यह पूर्णतः निर्बन्ध है। इनमें तत्वों की प्रभुता और प्रमुखता स्वीकार नहीं की गई है, परन्तु तत्वों की पूर्णतः अवहेलना भी नहीं की गई है। उपन्यास को तत्वों में बांधना इन्हें अभीष्ट नहीं है, परन्तु उसे पूर्णतः निर्बन्ध भी नहीं देखना चाहते हैं। उपन्यास का प्रारंभ भले ही स्वच्छन्द प्रवृत्ति की देन हो, परन्तु इसके प्रचार, प्रसार और व्यापकत्व के लिये, तत्वों की उपादेयता कम नहीं है। जो विद्वान् उपन्यास को साहित्य का उच्छृंखल और अस्थिर रूप मानते हैं, मैं समझता हूँ, उनकी यह विचारधारा अस्थिर है। जो उपन्यास इन विचारों से प्रभावित होकर लिखे जाते हैं, वे कुछ समय के लिये ही अपनी स्थिरता रख सकते हैं, अर्थात् वे भी पाठकों की नज़र में अस्थिर ही हो जाते हैं।

उपन्यास आधुनिक युग में साहित्य के सभी अंगों में अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। वास्तव में उपन्यासकार अपनी कृति में किसी विशिष्ट दृष्टिकोण का सहारा लेता है और उसके आधार पर मानव-जीवन का मूल्याङ्कन करते हुए अपने जीवन-दर्शन का स्पष्टीकरण करता है। मानव-जीवन के वैविध्यपूर्ण पहलुओं को वह निहारता है और परखता है। जीवन-दर्शन के अभाव में उपन्यास कुल मिला कर, एक अशक्त कृति कही जाती है। उपन्यास के प्रचार-प्रसार के साथ उसके उत्तरदायित्व में भी वृद्धि हुई है। आधुनिक पाठक उपन्यास से केवल मनोरंजन की ही अपेक्षा नहीं करता है, वरन् जीवन-दर्शन को भी वांछनीय समझता है। प्रतिभा और श्रुताभ्यासरहित कलाकार युक्तियुक्त रूप से जीवन-दर्शन की मांग का पूर्णतः निर्वाह नहीं कर सकता। इस निकषपट्टिका पर खरे उतरने वाले उपन्यास ही ख्यात हो सकते हैं, प्रसिद्धि पा सकते हैं। सस्ते और उद्देश्यहीन उपन्यास, हिन्दी साहित्य की विस्तृत धरा पर कालक्रमेण उर्वरक का काम करते हैं। जीवन-दर्शन के

उद्देश्य से अतिदूर रहने वाले उपन्यास अल्पकालीन चमत्कार के उत्पादक भले ही बन जायें, परन्तु उनका अस्तित्व शीघ्र ही नष्ट हो जाता है और वे साहित्यिक दृष्टि से निरर्थक हो जाते हैं।

उपन्यास के तत्वों के अनुशीलन के संबंध में गुलाबराय जी ने लिखा है :

"उपन्यास साहित्य के वर्तमान विकास ने इन तत्वों की परम्परा बहुत अंश में निरर्थक-सी करदी है। अब न तो कथानक में व्यवस्था और शृंखला का पहला-सा मान रहा है और न चरित्रचित्रण में संगति और संबद्धता का आग्रह है। मनुष्य क्षणिक दशाओं (Moods)) का समूह-सा दिखाई देता है और अवचेतना का द्वार खुल जाने से मानसिक जीवन और भी संकुल हो गया है। वह व्यवस्था में अव्यवस्था उत्पन्न कर देता है। यह विधा नितान्त नियमहीन तो नहीं है, किन्तु एक गतिशील वस्तु को नियमों में बांधना कठिन है। पिछले नियमों और तत्वों में बहुत कुछ सार है। विद्यार्थियों को उनका जानना आवश्यक है, किन्तु उन सबको पत्थर की लकीर समझ लेना या उनके आंशिक अभाव के कारण किसी कथाकृति को निंद्य ठहरा देना कलाकार के साथ अन्याय होगा। नये कलाकारों को सहृदयतापूर्वक समझने की आवश्यकता है।"

गुलाबराय जी का दृष्टिकोण समन्वयवादी है। उपन्यास में तत्वों के महत्व को गौण भी नहीं किया है और तत्वों के अत्यल्प अभाव में किसी कृति को दूषणयुक्त भी इन्होंने नहीं माना है। इस विधा में तत्वों को नगण्य नहीं ठहरा सकते।

देवराज उपाध्याय ने उपन्यास की गतिशीलता और तत्वों पर आलोचना के प्रसंग में लिखा है :

"इसमें इतना लचीलापन है, इस पर किसी तरह का बंधन नहीं। यह कोई भी रूप किसी भी समय धारण कर सकता है। इसमें एक व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन की कहानी रह सकती है, या एक घन्टे की या एक मिनिट की मदोन्मत्त साहसिकों की कथा रह सकती है, या पूरा समाज भी इसकी परिधि में आसकता है, या कथा का नितान्त प्रभाव भी हो तो कोई परवाह नहीं, जीवित मनुष्यों की कथा हो सकती है, कब्र से उठकर यहाँ मनुष्य आ सकते हैं, भड़कीले वर्णन हो सकते हैं, रेखाचित्र हो सकते हैं या केवल अर्द्ध-स्फुट कथनों के द्वारा पाठकों की अनुमान-वृत्ति या अर्थापत्ति के सहारे सब कुछ छोड़ा जा सकता है। सर्वसमर्थ सर्वदा ईश्वर समकक्ष और झरोखे पर बैठकर सबका मुजरा लेने वाले लेखकों की शैली अपनाई जा सकती है, उत्तम पुरुषात्मक 'मैं' वाली शैली से भी काम लिया जा सकता है।"

इस उद्धरण से यह स्पष्ट है कि विषय तथा शैली आदि के अनुसार उसके विविध रूप हो सकते हैं, अतः इसकी व्यापकता सीमाहीन है। साहित्य की यह विधा बहुरूपिये की भाँति बहुरूपा है। इसमें उपाध्याय जी ने कथावस्तु के वैविध्य और भाषाशैली के विविध रूपों की समाविष्टि का समर्थन किया है। इन्होंने इसमें कथावस्तु के नितान्त अभाव को भी ग्राह्य बताया है। लेखक उपन्यास के लिखने में पूर्ण स्वतन्त्र है, परन्तु पाठक और आलोचक भी कृति को ग्राह्याग्राह्य समझने में परतंत्र नहीं है। यदि लेखक उपन्यास के लिखने में तत्वों की अवहेलना कर सकते हैं, तो पाठक भी तत्वों के अभाव में अरुचिपूर्ण कृति की अवहेलना कर सकते हैं। जो नवलेखनवादी विद्वान् लेखकों को तत्व, की निरावलंबता की शिक्षा देता है, उसका आशय नये लेखकों को मात्र प्रोत्साहन देना है, न कि सही अर्थ में तत्वों की अवहेलना करना। साथ ही यह विचारधारा एकांगी और अपूर्ण है। इसमें लेखकों को प्रोत्साहन दिया जाता है, परन्तु पाठकों और आलोचकों का ध्यान नहीं रखा जाता। तत्वों की उपेक्षा करने की विचारधारा उन मदोन्मत्त विचारकों की हो सकती है, जो अपने आपको नवलेखनवादियों का अग्रदूत कहलाने का लोभ संवरण नहीं कर सकते। उन सारी विचारधाराओं से, जो तत्वों की उपन्यास में उपेक्षा करना चाहती है, यही निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि उपन्यास में विपय-वैविध्य विस्तृत स्थान पा सकता है। तत्व-रहित उपन्यास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह संभव है कि अन्य तत्वों की गौणता के साथ किसी एक तत्व-विशेष की ही उसमें प्रधानता हो जाय। तत्वों के होते हुये भी किसी कृति-विशेष

में उन्हें स्वीकार नहीं करना भी तत्व-विरोधियों के लिये आत्मतुष्टि हो सकती है, जो वास्तविकता से परे है। कथा-वस्तु, चरित्रचित्रण आदि तत्वों का रूप भले ही बदल जाय, परन्तु उनकी आत्मा के अभाव की परिकल्पनामात्र आत्म-प्रवंचना है। हाथ-पैर पटकने को ही तैरना समझने वाले बालकों की तरह, तत्वरहित उपन्यास को साहित्य में उत्कृष्ट रूप देने वाले संशयशील कृतिकार साहित्य-निधि में कूदकर, अपने आपको, तत्वों का सहारा न लेने के कारण डूबो लेते हैं और अपना अस्तित्व संदेह में डाल लेते हैं।

उपन्यास के उद्देश्य पर विचार करते हुए डॉ० श्यामसुन्दरदास ने लिखा है :

"उपन्यासों में मुख्यतः यही दिखलाया जाता है कि पुरुषों और स्त्रियों के विचारमात्र और पारस्परिक सम्बन्ध कैसे हैं, वे किन-किन कारणों अथवा प्रवृत्तियों से प्रेरित होकर कैसे-कैसे कार्य करते हैं, अपने प्रयत्नों में वे किस प्रकार सफल अथवा विफल होते हैं और इन सबके फल-स्वरूप उनमें कैसे-कैसे मनोविकार आदि उत्पन्न होते हैं। उपन्यास-लेखक का जीवन के किसी एक अथवा अनेक अंगों के साथ बहुत ही घनिष्ठ सम्बन्ध होता है, इसलिए किसी-न-किसी रूप में यह प्रकट करना उसका कर्तव्य हो जाता है कि जीवन के साधारण और असाधारण सभी व्यापारों का उस पर क्या और कैसा प्रभाव पड़ा है। कुछ विशेष सिद्धान्तों अथवा विचारों के प्रतिपादन के उद्देश्य से तो बहुत ही कम उपन्यास लिखे जाते हैं, पर सभी उपन्यासों में कुछ-न-कुछ विशेष विचार अथवा सिद्धान्त आप-से-आप आ जाते हैं।"

डॉ० श्यामसुन्दरदास की यह विचारावली उपन्यास के उद्देश्य के सम्बन्ध में है, परन्तु इससे यह भी स्पष्ट होता है कि निरुद्देश्य कोई उपन्यास नहीं लिखा जाता है और यदि उपन्यास सोद्देश्य लिखा जाता है, तो उपन्यास की समीक्षा में उपन्यास के उद्देश्य-तत्व के महत्व का प्रतिपादन होता है। विभिन्न विद्वानों द्वारा उपन्यास में तत्वों को स्वीकार करना ही तत्वों के महत्व का निदर्शन है। उपन्यास में तत्वों का समावेश होना चाहिये, परन्तु उस सीमा तक जिसमें उपन्यास की गुरुता और उपयोगिता में वृद्धि कर सके।

अधिकतर विद्वान् इस मत के अनुयायी हैं कि कथानक के अभाव में उपन्यास की रचना भी संदिग्ध हो जाती है। डॉ० भगीरथ मिश्र लिखते हैं :

"यद्यपि आधुनिक काल में कथानक का महत्व कम समझा जाता है, पर यह उपन्यास का मूल है। उपन्यास में व्याप्त कुतूहल का तत्व कथानक के सहारे ही विकास पाता है। उपन्यास का समग्र रूप कथानक के ढाँचे पर ही विकसित होता है। कथानक का चुनाव और निर्माण उपन्यासकार की प्रमुख विजय है और लेखन के कौशल का संकेत इसमें मिल जाता है। कथानक के समस्त अंगों का सुन्दर संगठन, घटनाओं का समुचित विन्यास उपन्यास को सुन्दर बनाने के लिये आवश्यक होता है। यह धारणा भ्रान्त है कि उपन्यास में कथानक का कोई महत्व नहीं, या सामान्य कथानक को भी वर्णन-कौशल द्वारा उत्तम बनाया जा सकता है, क्योंकि वर्णन-कौशल के साथ कथानक की उत्कृष्टता भी मिल जाय, तो मणिकांचनयोग होगा।" मिश्रजी ने उपन्यास में कथानक की अनिवार्यता बताई है। सामान्यतः जिस उपन्यास का कथानक जितना सुगठित और ठोस होता है, वह उतना ही महत्वपूर्ण बन जाता है। यह भी आवश्यक नहीं है कि ठोस कथानक का समावेश उपन्यास को श्रेष्ठ या सफल बनाता ही है। कथानक की परिपक्वता के अभाव में श्रेष्ठ कृति का सर्जन हो ही नहीं सकता, यह भी आवश्यक नहीं है।

यह निर्विवाद तथ्य है कि उपन्यास के तत्वों के अभाव में कृति में सौष्ठव और माधुर्य आ ही नहीं सकता। जाने-अनजाने में तत्वों को उपन्यास में स्थान देना ही होगा। कथानक-रहित उपन्यास निरर्थक है। अन्यान्य सामान्य गुणों के कारण कहीं २ श्लाघ्यतम तत्वों का व्यतिक्रम श्लाघनीय हो सकता है, परन्तु उनकी सर्वत्र उपेक्षा पाठकों के लिये उपन्यासकार की कृति की उपेक्षा

परिवर्तन को स्वीकार करना पड़ता है, करना चाहिए अन्यथा सर्जक और उसका सृजन दोनों ही पिछड़ जाएंगे और परिणाम यह होगा कि उपन्यास अथवा सम्बन्धित विधा का विकास रुक जाएगा।

जब सृजन परम्परागत आधार पर होता है, तो यह आवश्यक हो जाता है कि उसका अनुशीलन अथवा उसकी समीक्षा का आधार भी परम्परागत ही हो। समीक्षा का यह ढंग परम्परागत-शास्त्रीय-ढंग होगा, जिस पर कि आधुनिक सर्जक को आपत्ति है। समीक्षा के प्राचीन ढंग को प्र.ध्यापकीय-समीक्षा-पद्धति कह कर इसकी आलोचना की गई है, और कहा गया है-इसमें कुछ निश्चित नुस्खों और नपे-तुले सिद्धान्तों के आधार पर आलोच्य उपन्यास की आलोचना की जाती है और परम्परागत तात्विक-विशेषताओं की उपेक्षा की जाती है जो आज के उपन्यास में नहीं होतीं। इसका परिणाम यह होता है कि आज के उपन्यासकार के व्यक्तित्व का वह रूप, जिसे वह उपन्यास के माध्यम से प्रस्तुत कर रहा होता है, करना चाहता है, समीक्षक और समीक्षा के द्वारा विकृत तो हो ही जाता है, कभी-कभी नष्ट तक भी हो जाता है। आधुनिक उपन्यासकारों (कहानीकार आदि भी) की मान्यता है कि उपन्यास ऐसे भी हो सकते हैं, जिनमें उपन्यासकार किसी एक तत्व-विशेष का ही मूल रूप में चरम-उत्कर्ष दिखाना चाहता हो और इस प्रक्रिया में वह जानबूझ कर अन्य तत्वों का गौणतम रूप में समावेश करे अथवा उन्हें बिलकुल ही छोड़ दे। यदि ऐसी स्थिति में प्राचीन परम्परागत समीक्षापद्धति का प्रयोग किया जाता है, तो यह निश्चित ही उपन्यासकार के साथ अन्याय होगा। ऐसी स्थिति में उपन्यासकार के एक तत्व के चरम-उत्कर्ष को उतना सराहा नहीं जाएगा, जितना कि अन्य तत्वों के गौण हो जाने के कारण उसे कटुतम आलोचना का शिकार बनाया जाएगा। इसे अन्याय ही कहा जा सकता है, जो सर्जक के साथ हो सकता है। वस्तुतः कोई भी परम्परा न तो केवल अच्छाइयों का ही भण्डार हो सकती है और न केवल बुराइयों का। फिर, किसी परम्परा से सदा-सदा के लिए बंध जाना कहाँ तक उचित है, जबकि परम्परा का परित्याग कर आगे बढने पर प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता हो। यह नहीं है कि एक निश्चित परम्परा का निरन्तर पालन किए जाना भारतीय वाङ्मय की ही विशेषता रही है बल्कि, बहुत अधिक आधुनिक कहे जाने वाले तथाकथित पाश्चात्य राष्ट्रों में भी परम्पराओं का अस्तित्व रहा है और है। किन्तु, यह भारतीय वाङ्मय की ही विशेषता है कि यहाँ बिना उपयोगिता का विचार किए, परम्पराओं का अनवरत रूप से पालन किया जाता है, जबकि पाश्चात्य राष्ट्र प्रायः अनुपयोगी परम्पराओं का बहिष्कार करने में नहीं हिचकिचाते। यही कारण है कि पश्चिमी देशों में साहित्य की सभी विधाएँ समय के साथ-साथ आधुनिकता को अपनाती चली गई और काफी आगे निकल गई, किन्तु भारतीय साहित्यकार ने उसे बहुत देर से देखा और फिर अभिनव प्रयोग किए गए। काव्य में छायावादी, रहस्यवादी और रोमान्टिक कविता, पश्चिम में बहुत पहले ही नवीन-पथ का अनुसरण करने लगी थी, जबकि भारत में यही सब काफी विलम्ब से हुआ। यह स्वाभाविक ही है कि जब किसी नई दिशा में नए प्रयोग किए जाते हैं, परम्परागत मार्ग का परित्याग किया जाता है, तो उसका विरोध होता है, आलोचना होती है। किन्तु, आलोचना के भय से अपनी-प्रगति के मार्ग को स्वयं ही अवरुद्ध कर देना, बुद्धिमत्ता नहीं है। हिन्दी कविता में 'छायावाद' को पदार्पण करते समय कम संघर्ष नहीं करना पड़ा था, और यही कारण है कि वह अपने पाँव जमा सका और आज तो हिन्दी साहित्य के इतिहास में छायावाद का अपना महत्व है। किन्तु, इससे यह भी प्रमाणित ही गया कि नई, 'टेकनीक' का जो भी प्रयोग किया जाए, उसमें प्राण होने चाहिए और होनी चाहिए शक्ति, तभी वह अपना स्थान बनाने में समर्थ हो सकता है।

हिन्दी उपन्यास में भी अभिनव प्रयोग किये जाने लगे हैं। 'नई-कविता', 'नव-गीत' और 'नई-कहानी के पश्चात अब 'नव-उपन्यास' की स्थिति भी बल पकड़ने लगी है और उपन्यास के क्षेत्र में इस नवीनता के दर्शन अनेक रूपों में होने लगे हैं। अब उपन्यासकार गिने-चुने तत्वों के आधार पर उपन्यास की रचना नहीं करता, अपितु इस पक्ष को गौण बनाते हुए किसी एक विशेषता का प्रतिस्थापन

आचार्य वाल्ले, राजस्थान के राज्यपाल सरदार हुकुमसिंह जी का स्वागत करते हुए

राजस्थान के कृषि मंत्री श्री शोभाराम जी

कॉलेज के नवीन पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए

छात्र संघ के उद्घाटन अवसर पर श्री शिवचरण माथुर, शिक्षा मंत्री राजस्थान

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता कृष्णगोपाल गर्ग

वार्षिक क्रीड़ा दिवस पर सलामी लेते हुए

आनन्दसिंह झाला, बी. ए. (अन्तिम-वर्ष)

कॉलेज क्रीड़ा-नायक (Gen. Captain)

करने लगा है। एक समय था, जबकि उपन्यास में कथा-तत्व की दृष्टि से अनेक विशेषताओं की मांग की पूर्ति की जाती थी, किन्तु आज यह बात नहीं है। उपन्यासकार यदि चाहे तो कथा की क्रमबद्धता और घटनाओं की संगति की अवहेलना भी कर सकता है। इसी प्रकार, यदि वह चाहे, तो मात्र चरित्र-चित्रण या पात्र या संवाद या उद्देश्य या देशकाल और वातावरण या भाषा-शैली में से किसी एक या दो अथवा अधिक की पूर्णतः अवहेलना करता हुआ अन्य शेष तत्वों का ही निरूपण कर सकता है। ऐसी स्थिति में, ऐसे उपन्यास का अनुशीलन इस जानकारी के पश्चात करना ही अपेक्षित है कि उपन्यासकार अथवा उपन्यास का अभीष्ट क्या है। यहाँ समक्षिक द्वारा प्रत्येक दृष्टि से उपन्यास में कुछ खोजने का प्रयास करना और उसके न मिलने पर उपन्यास की कमियों का ही गीत गाना, व्यर्थ की बकवास के अतिरिक्त और क्या हो सकता है?

और जब यह स्वीकार किया जा सकता है कि उपन्यास-शिल्प की दृष्टि से उपन्यासकार का अभीष्ट ही मुख्य है, तो यह भी स्वीकार करना होगा कि उपन्यास की समीक्षा के पुराने सिद्धान्त को त्याग दिया जाना चाहिए और ऐसे सिद्धान्त और मानदण्ड निर्धारित किए जाने चाहिए, जो उपन्यास में आधुनिकता की दृष्टि से समीक्षा के उपयुक्त हों। जब विधा नवीन दिशा का अनुसरण कर रही है, तो उसकी समीक्षा के लिए भी नए सिद्धान्तों की आवश्यकता है। आज, तत्वों के आधार पर उपन्यास का निरूपण समयानुकूल बात नहीं रह गई है, क्योंकि "उपन्यास साहित्य के वर्तमान विकास ने इन तत्वों की परम्परा बहुत कुछ अंश में निरर्थक-सी कर दी है। अब न तो कथानक में व्यवस्था और शृंखला का पहला-सा मान रहा है और न चरित्र-चित्रण में संगति और सम्बद्धता का आग्रह है। मनुष्य क्षणिक मनोदशाओं का समूह-सा दिखाई देता है और अवचेतना का द्वार खुल जाने से मानसिक जीवन और भी संकुल हो गया है। यह व्यवस्था में अव्यवस्था उत्पन्न कर देता है। यह विधा नितान्त नियम हीन तो नहीं है, किन्तु इन सबको पत्थर की लकीर समझ लेना या उनके आंशिक अभाव के कारण किसी कलाकृति को निंद्य ठहरा देना कलाकार के साथ अन्याय है। नए कलाकारों को सहृदयतापूर्वक समझने की आवश्यकता है।" (गुलाबराय: 'काव्य के रूप')

उपर्युक्त पंक्तियों को ध्यान से देखने पर पता चलता है कि इनके लेखक की स्पष्ट मान्यता है—पुरानी व्यवस्था को स्वीकार करने के लिए हम बाध्य नहीं हैं, क्योंकि उसकी आवश्यकता ही नहीं है। समय, परिस्थिति और आवश्यकता के अनुसार किसी भी विधा में मोड़ आना स्वाभाविक है और इसीलिए पुराने तत्वों का महत्व भी घट गया है। अब उपन्यास में कथानक की पहले-सी कोई खास-आवश्यकता नहीं है और कथानक अगर मिलता भी है, तो वह शृंखलाबद्ध या क्रमबद्ध रूप में नहीं। जैनेन्द्र के 'परख' से लेकर 'मुक्ति-बोध' तक, सारे उपन्यास ऐसे ही हैं। इसी प्रकार अब चरित्र-चित्रण का औचित्य भी मान्य नहीं है कि वह विश्वसनीय हो ही; क्योंकि प्रत्येक पात्र को चरित्र-चित्रण की दृष्टि से एक ही साँचे में नहीं ढाला जा सकता और इसी प्रकार अविश्वसनीय चरित्र-चित्रण का बहिष्कार भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि चरित्र की भिन्नता स्वाभाविक है, भले ही हम उस पर इसीलिए विश्वास न कर सकें कि हमने हमारे जीवन में वैसा कुछ विचित्र-सा नहीं देखा है। राजकमल चौधरी का 'मछली मरी हुई' उपन्यास, चरित्र-चित्रण की नवीनता की दृष्टि से, निस्सन्देह एक श्रेष्ठ रचना है, जबकि उसमें कुछ औपन्यासिक-तत्व गौण हैं। मनोविज्ञान के प्रयोग के सन्दर्भ में चारित्रिक विविधता स्वाभाविक है। यह स्थिति तो तब है, जबकि व्यावहारिक मनोविज्ञान का उपन्यास की सीमा में अभी पूर्ण प्रवेश नहीं हो पाया है। जब ऐसा होगा, तब उपन्यास में तत्वों का अस्तित्व अवश्य ही खतरे में पड़ जाएगा। अतः प्रयास यही होना चाहिए कि ऐसे उपन्यासों का तत्वों के अभाव में अनुशीलन अथवा उनकी समीक्षा के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाया जाए, जो किसी पूर्वाग्रह से प्रभावित न हो। दूसरे शब्दों में, नव-उपन्यास की समीक्षा के सन्दर्भ में उपन्यासकार के अभीष्ट को ही सामने रखा जाना चाहिए।

ऊपर हमने गुलाबराय जी की कुछ पंक्तियां उद्धृत की हैं, जिन्हें देखने से ऐसा लगता है कि इन पंक्तियों का

लेखक इस क्षेत्र में भी प्राचीन और नवीन के मध्य समन्वय का पक्षपाती है, दोनों के बीच से एक नए पथ की कल्पना करता है। तभी तो वह एक ओर कहता है : 'मनुष्य क्षणिक मनोदशाओं का समूह-सा बन गया है ...... अवचेतना का द्वार खुल जाने से मानसिक जीवन और भी संकुल होगया है.........एक गतिशील वस्तु को नियमों में बांधना कठिन है।' और दूसरी ओर तत्वों के महत्व को भी यह कहकर स्वीकार करता है : 'पिछले नियमों और तत्वों में बहुत कुछ सार है।' एक ओर इन तत्वों को 'पत्थर की लकीर' न मानने की बात कहता है, तो दूसरी ओर इन तत्वों के 'आंशिक अभाव के कारण किसी कलाकृति को निंद्य ठहरा देना कलाकार के साथ अन्याय है और 'नये कलाकारों को सहृदयतापूर्वक समझने की आवश्यकता है' की बात कहता है। अपने जीवन की संध्या में गुलाबराय जी ने 'नवीन' को देखा और इसलिए इसके अस्तित्व-व्यक्तित्व को स्वीकारा, किन्तु जिस प्राचीन के सम्पर्क में उनके जीवन का प्रभात और दोपहरी बीते, उसके प्रति अपने मोह को वे दबा नहीं पाए। यदि, जीवन की संध्या में देखा गया 'नवीन' जीवन के प्रभात में ही दिख जाता, और दोपहरी भी उसी के सान्निध्य में बीती होती, तो गुलाबराय जी संभवतः ऐसा नहीं लिखते। यह कौन कहता है कि पुरानी परम्परा के गुणों और अच्छाइयों की उपेक्षा कर दी जाए, उसकी अवहेलना की जाए? अच्छाई तो सदैव अच्छाई ही है और इसीलिए वह पुरानी भी नहीं पड़ती, नवीन ही रहती है और नवीन का नवीन से विरोध कैसा! हमारा आशय तो यही है कि महज प्राचीन के प्रति मोह के कारण नवीन की गति और प्रगति में बाधा नहीं डालनी चाहिए, अनुपयोगी प्राचीन का बहिष्कार कर नवीन के प्रति सहृदय होना चाहिए और ऐसा करने पर उपयोगी प्राचीन का गौरव भी बना रहेगा, और नवीन का विकास भी नहीं रुकेगा। कहना न होगा कि इसी मार्ग का अनुसरण कर हिन्दी गद्य की उपन्यास-विद्या, गौरवपूर्ण इतिहास के साथ, निरन्तर आगे बढ़ रही है, विकास कर रही है। स्मरण रहे—बिना उपयोगिता का विचार किए—स्थायी सिद्धान्तों के आधार पर सच्ची समीक्षा नहीं की जा सकती और अहितकर एवं अन्यायपूर्ण होने कारण की भी नहीं जानी चाहिए। समय और परिथिस्थति की आवश्यकता के अनुकुल दृष्टिकोण अपना कर ही कलाकार के साथ न्याय किया जा सकता है।

मेरा हृदय तो एक छोटा सा सरोवर है,
उस सरोवर में विश्व कमल खिला है,
उस विश्वकमल पर अपनी आभा से अवतरित हो कर मुझे
पूरे प्रकाश में अपने दर्शन दे।
मुझे तो तेरी चाह है,
जैसे अन्धेरी रात के अंतस्तल में प्रकाश की प्रार्थना छिपी
रहती है।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर

वत्सला टूट गई !

प्रो० लक्ष्मीकान्त शर्मा

['वत्सला टूट गई।' एक मनोवैज्ञानिक उपन्यास है, जो कि आत्मकथात्मक शैली में लिखा गया है, और जिसमें कि डॉ० नीहार, डोरोथी और वत्सला की कहानी है। देश की समसामयिक परिस्थितियाँ जिसमें बीच-बीच में झांकती हैं और इस प्रकार उपन्यास को एक विस्तृत चित्रफलक प्रदान करती हैं। व्यष्टि और समष्टि किसी की भी उपेक्षा नहीं है इसमें; एक सन्तुलन, एक राष्ट्रीय विचारधारा उपन्यास की मांसपेशियों में ऐसी गति का संचार करती है कि जिसमें हम संघर्ष-संकुल भारत की नियति के दर्शन तो करते ही हैं, पर भविष्य के लिए भी इसमें एक अरुणिम आशावाद है, जो अनास्था को नहीं जगाता, अपितु व्यक्ति मानस में आस्था का रक्त-संचार करता है। प्रस्तुत अवतरण में आप पढ़ेंगे कर्तव्य और प्रणय के झूले में डोलते डॉक्टर-मन के अन्तर्द्वन्द्व की कहानी, चीनी आक्रमण के समय उसकी कर्तव्यपरायण निष्ठा की कहानी, जिसने संपूर्ण राष्ट्र में एक अपराजेय शक्ति का उदय किया था। संपादक]

कर्तव्य और प्रणय के झूले में डोलता डॉक्टर का मन !

अगले दिन प्रातः ही मुझे दो तार मिले—एक डा० चटर्जी का था और दूसरा वत्सला मुखर्जी का। डा० चटर्जी ने मेरे स्वदेश लौटने पर प्रसन्नता प्रकट की थी और सूचित किया था कि क्या मैं तेजपुर के मिलिटरी अस्पताल में काम करना पसंद करूंगा। वत्सला ने लिखा था कि वह उत्सुकतापूर्वक उसके आने की बाट जोह रही है और कि, वह बम्बई से विमान द्वारा तुरन्त ही कलकते पहुंच जाय। इन दो तारों ने मेरे मानसिक संतुलन को भंग कर दिया था और मैं सोच रहा था कि कुछ दिन मुक्त रहकर साँस लूंगा, पर कर्तव्य का आवाहन मेरे विश्राम से कहीं अधिक महत्व का है। हिमालय की बर्फीली चोटियों पर चीन का आक्रमण हो गया था और समस्त राष्ट्र एक तनाव की स्थिति में था। उस आकस्मिक आक्रमण ने जैसे राष्ट्र का बुद्धिबल अत्यंत प्रखर कर दिया था और सभी राजनीतिक-दल अपने मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीयता की पांत में आकर खड़े हो गये थे। संपूर्ण राष्ट्र में एक असाधारण चेतना की लहर हिमालय से कन्या कुमारी तक और पूर्व से पश्चिम तक दौड़ गई थी। युवक और युवतियां स्वदेश-भक्ति से प्रेरित खूंखार दुश्मन से मुकाबला करने के लिये कृत-संकल्प थे। उनकी मुट्ठियां बंध गई थीं और वे प्रतिशोध की आग में धधक रहे थे। शत्रु के अपवित्र चरणों को नेफा और लद्दाख के मोर्चे पर देखकर हमारे जवानों की आंखों में खून उतर आया था ! चप्पे-चप्पे जमीन के लिए विकट संग्राम हो रहा था। असंख्य घायल फौजी अस्पतालों में दिन-रात आ रहे थे। ऐसी स्थिति में मेरा विवेक अपने मार्ग को चुनने के लिये विवश था और मैंने डा० चटर्जी को तुरंत तार द्वारा सूचित किया कि उनका प्रस्ताव मुझे स्वीकार है।

पारिवारिक सदस्यों ने जब इस संवाद को सुना, तो एक खलबली-सी मच गई। अभी माँ पूरी तरह से अपने पुत्र को निहार भी न पाई थी कि यह कैसा पैगाम आ पहुंचा ! अभी बहन अपनी शोखियों से भैया को नचा भी न पाई थी कि यह कर्तव्य का कैसा बिगुल बज गया ! प्रेम भरे दो दिल अंगड़ाइयां ही ले रहे थे कि शबनम शोले बन गये और उनकी आग ऐसी भभकी कि माँ की मिन्नत, बहन की जिद्द और प्रेमिका के मदमाते नयन, इन सबको भुलाकर मैं कलकते की ओर दौड़ पड़ा। वत्सला से मिलते हुये तेजपुर में अपने कर्तव्यसूत्र को संभालने के लिये।

विमान के यात्रियों में बड़ी सरगर्म चर्चा थी, भारत और चीन के सीमा-विवाद को लेकर यह समझा जा रहा था कि यह मात्र सीमा-विवाद नहीं है, अपितु लोकतंत्र पर तानाशाही का आक्रमण था। जीओ और जीने दो ! की भूमि पर आज लुटेरे की आँख लगी थी। सह-अस्तित्व और विश्व-बन्धुत्व का राग अलापने वाले नेता अनायास ही गंभीर हो गये थे और सोच रहे थे कि कहीं हमारी नीति में कोई बुनियादी त्रुटि तो नहीं है। स्वाधीनता के बाद एक प्रकार की मानसिक शिथिलता जो आ गई थी, वह अब कटने लगी। देश के चिंतन और कर्म में एक

नुकीलापन आ गया था, पर हमारे नेताओं ने विवेक को नहीं खोया था। उन्होंने राष्ट्र का आवाहन किया और राष्ट्र ने भी उसका समुचित उत्तर दिया। गहनों के अंबार लग गये, सोना पिघल कर बंदूक और तोप की धाँय-धाँय में बदल गया और तिजोरियों की संपत्ति, मध्यवर्ग की सीमित आय और मेहनतकश जनता की खून और पसीने की कमाई बचत के आंदोलन में जुट गई। करोड़ों रूपये इकट्ठे हो गये, और सैनिक उत्पादन के कारखाने दिन और रात बड़ी मुस्तैदी से धुँआ उगलने लगे।

यह समय युद्ध था और राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक एक अपराजेय सैनिक था। संपूर्ण राष्ट्र एक सैनिक-शिविर में परिवर्तित हो गया, कोमल अंगुलियां स्वेटर बुनती रहीं, मजबूत इरादे फालतू गर्म कपड़े इकट्ठे करते रहे और समस्त राष्ट्र का तन, मन और धन जैसे शत्रु से पंजा लड़ाने के लिये उद्यत हो गया। नौजवानों का खून उबल रहा था, युवतियों के संकल्प दृढ़ हो रहे थे, माताओं, बहनों और पत्नियों के दिल फौलाद हो रहे थे कि चोर हमारे आंगन में घुस आया है और हमें अपनी सारी ताकत के साथ उसे धकेल देना है। ऐसे ही कुछ विचार और भावनायें मेरे दिल और दिमाग से टकराते रहे कि मेरा हवाई जहाज दमदम हवाई अड्डे पर पहुंच गया। आहिस्ता-आहिस्ता विमान नीचे उतरा और विमान के पिंजरे में बंद प्राणी अपने-अपने परिचितों एवं संबन्धियों को ढूंढ़ने लगे। मैं भी उस विराट् जनसागर में किसी परिचित आकृति को खोज ही रहा था कि पीछे से मेरे कंधे पर मि० मुखर्जी का स्नेह-भरा हाथ पड़ा। सामने वत्सला नमस्कार की मुद्रा में मुस्करा रही थी।

पारस्परिक कुशल मंगल के आदान-प्रदान के बाद हम मुखर्जी के बंगले पर पहुंच गये थे और सारे रास्ते भर वत्सला मुझसे विदेश के बारे में नानाप्रकार के प्रश्न करती रही। यूरोप का जीवन मुझे कैसा लगा, मेडिकल शिक्षा की स्थिति वहां कैसी है, अंग्रेज युवतियों का जीवन किस प्रकार का है, इंगलैंड के लोग और अन्य यूरोपीय राष्ट्र चीन के आक्रमण के बारे में क्या सोचते हैं-आदि-आदि अनेकानेक प्रश्न उसके जिज्ञासु अधरों से फूट पड़े।

बातों ही बातों में मैंने उसे बताया कि मेरी नवनियुक्ति तेजपुर के फौजी अस्पताल में हो गई है और इसी कारण कलकत्ते अधिक न ठहर सकूंगा। इस पर वत्सला के चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगीं और उसके होश फाख्ता हो गये। क्या सोचा था, क्या हो गया!

"तो आप ड्यूटी ज्वाइन करने आये हैं, न कि मुझसे मिलने"– उलाहने के स्वर में वत्सला ने कहा।

"नहीं, ऐसी बात नहीं है। आप दोनों में विरोध क्यों देखती हैं? क्या ये दोनों भिन्न प्रतीत होती हुई क्रियायें एक नहीं हो सकतीं"?– मैं अनायास पूछ बैठा, जिज्ञासु और प्रगयशीला वत्सला से।

"हाँ, आपके विचार सही हैं और मैं सोचती हूं कि आपको यथाशीघ्र अपनी ड्यूटी जॉयन कर लेनी चाहिये। मुझसे कहीं अधिक आवश्यकता है, आपकी, उन घायलों को, बहादुर सैनिकों को, जो मोर्चे से लहू-लुहान होकर लौटे हैं। वत्सला सब्र करना जानती है, उसका दिल फौलाद का है। वह डॉक्टर को उसके मरीजों से अधिक विलग नहीं रख सकती!"

तभी आकर टोका मिसेज मुखर्जी ने:

"अरे, पहले खाना तो खालो, बातें फिर भी हो सकती हैं। साहब, आप लोगों का डायनिंग-टेबल पर इंतजार कर रहे हैं।"

"हाँ माता जी, हम अभी आते हैं।"

डायनिंग-टेबल पर मिस्टर मुखर्जी आज का ताजा अखबार पढ़ रहे थे। मेरे पहुंचते ही गंभीर होकर बोले:

"साला चीनी बढ़ता ही आ रहा है। उसकी निगाहें आसाम के तेल-क्षेत्रों पर है। हमारे मुल्क की तैयारी कम है। कैसे काम चलेगा?"

"हाँ, आपका सोचना ठीक है। हम पर आकस्मिक

आक्रमण जो हुआ है। ऐसी स्थिति में आक्रांता सुरक्षित स्थिति में रहता है। उसके पास खोने को तो कुछ होता नहीं, उसे तो पाना-ही-पाना है।"–मैंने मुखर्जी के मनोबल को सुदृढ़ करने की दृष्टि से कहा।

"पर अपन लोग ढ़ीला है, अहिंसा का राग अलापता है और दोस्ती का पैगाम भेजता है। यह गलत है।"–उन्होंने राष्ट्र के सुरक्षा-प्रयासों की तीव्र आलोचना करते हुये कहा।

"मुखर्जी साहब, आप ठीक फरमा रहें हैं। पर अब हमें दुश्मन के हाथ लग गये हैं! भारत के बूढ़े शरीर में भी जवानी का खून खौलने लगा है। सब ठीक हो जायगा।"–मैंने देश के भविष्य को हस्तामलकवत् देखते हुये कहा।

"अरे फिर वही बहस, आप लोग खाना क्यों नहीं खाते!" श्रीमती मुखर्जी ने हमारी बातों में हस्तक्षेप करते हुये कहा।"

"हां, हम खाने को तो भुला ही बैठे थे। आओ नीहार, दुश्मन को हराने के लिये डटकर खाना खायें।"

"हां, अब हमारा हर काम एक ही लक्ष्य को दृष्टि में रखकर होना चाहिये और वह है स्वदेश की रक्षा और लुटेरे दुश्मन को मातृभूमि से खदेड़ना और ऐसी मार लगाना कि वह भूलकर भी इधर मुंह न करे!"

बातों-ही-बातों में मैंने मुखर्जी को तेजपुर अस्पताल की अपनी नई नौकरी के बारे में बताया। इस पर उन्होंने मेरी पीठ ठोंकी और आशीर्वाद दिया कि मैं अपने मिशन में कामयाब होऊं।

अब मैं मुखर्जी के स्टडी-रूम में बैठा हूं और उनकी और वत्सला की पसंद की पुस्तकें और पत्रिकायें देख ही रहा था कि फुदकती मैना-सी आ गई वत्सला।

"कहिये डाक्टर, इतने लंबे अर्से की गैरहाजिरी में आपने हमें भी कभी याद किया!"—चपलतापूर्वक यह प्रश्न पूछकर वत्सला मेरे नयनों में झांकने लगी, जैसे उत्तर को शब्द रूप में न पाकर, उसे भावरूप में ही प्राप्त कर लेना चाहती हो।

"अरे, तुम सब लोगों की याद ही तो मुझे यहां खींच लाई है।"–मैंने वत्सला को आश्वस्त करने की दृष्टि से कहा।

... पर प्रश्न लरजते रहे, और उत्तर लड़खड़ाते रहे। व्यष्टि की तृषा, समष्टि के माध्यम से अपने आपको व्यक्त करती रही, तभी अचानक बोल पड़ी वत्सला—

"डाक्टर, जी चाहता है कि मेरी भी ड्यूटी तेजपुर अस्पताल में लग जाय, अपने मुल्क के लिये जो शूरवीर घायल हुये हैं, उनकी मरहम-पट्टी करना कितना सुखद होगा और कितना प्रेरणाकारी होगा आपका सान्निध्य!"

"समय आने पर यह भी हो जायगा। प्रतीक्षा करो, प्रतीक्षा का फल मीठा होता है!"

"प्रतीक्षा ही तो करती रही हूँ, इन लंबे-लंबे दो-ढ़ाई साल से, पर जब प्रतीक्षा सार्थक हुई, तो भारत-माता का आमंत्रण मिल गया! कैसी खुशनसीब और बदनसीब हूं मैं!"

"खुशनसीब और बदनसीब एक साथ ही कैसे?"

"खुशनसीब तो इसलिये कि आपकी ड्यूटी लेह के अस्पताल में न लगकर तेजपुर में लगी है और बदनसीब इसलिए कि अभी पूरी तरह मिल भी न पाये थे कि बिछुड़ चले!"

"...तो वत्सला मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करुंगा, घायलों की सेवा-सुश्रूषा और सैनिकों की मरहम-पट्टी में। आओगी न, वचन दो!"

तब एक फौलादी इकरार हुआ और शस्यश्यामला वसुधंरा पर एक अमांगलिक उल्कापात भी!

अब कैसे बततलाऊं मैं इस वत्सला को कि मैं किसी का हो चुका हूँ। यह नादान लड़की कैसी भोली है कि ढ़ाई साल तक मेरी प्रतीक्षा करती रही, कितनी धैर्यशालिनी है यह! आठ-सौ दिन और रातें चक्कर काटते रहे, पर इसका धीरज नहीं चुका! किसी के स्नेह का दीपक प्रणय की तन्हाई में अंगड़ाइयां लेता रहा, पर यह परवाना शमा पर ही नाचता रहा! उफ, प्रणय तुम कैसे अजीब बाजीगर हो? दोनों हाथों से कंदुक-क्रीड़ा करते हो, किसी का भाग्य उछलता है, तो किसी का लुंठित होता है!

.........पर तुम्हें इससे क्या, तुम तो वज्र के समान कठोर और कुसुम के समान कोमल हो न! प्रणय, आँख-मिचौनी का खेल क्यों खेलता है?

तब स्पष्ट है कि वत्सला के प्रति मेरे मन में प्रणय

भाव नहीं है, पर कोमल भावना तो है, इसी ने तो इस बेचारी को भ्रमित किया है। मैंने सदा वत्सला को अपना मित्र समझा, प्रेरणाकारी दिव्य प्रसून समझा, पर यह तितली के-से रंगीन पंख लेकर मेरे भाग्याकाश पर क्यों मंडराना चाहती है? क्या यह नारी-हृदय को छलना है, रूप की मृग-मरीचिका है और बसंत के मादक स्वप्नों की अलसाई हुई मुस्कान है?...... अपने अन्तर्मन में झांकता हूं और मन की गहन उपत्यकाओं में वत्सला को केवल एक मित्र के रूप में देखता हूं, एक ऐसे मित्र के रूप में, जिसके साहचर्य की सुरभि मन-प्राणों में बस गई है! फिर यह भ्रांति क्यों? क्या इस आवरण को मुझे ही हटाना होगा, पर बहरहाल मैं खुद उलझ गया हूं, क्या उलझा हुआ व्यक्ति किसी को सही रास्ते पर ला सकता है?......तभी कर्तव्य की रणभेरी बजती है और मैं पल्ला झाड़कर खड़ा हो जाता हूँ, अपने आपको घायलों से घिरा हुआ पाता हूँ, उनकी मर्मभेदी पुकार मन को तार-तार कर देती है! इन्हीं का उपचार करना मेरे जीवन का पवित्र संकल्प है और इन्हीं को एक समर्थ सैनिक का स्वास्थ्य प्रदान करना मेरे जीवन का अंतिम लक्ष्य है, ताकि ये लड़ सकें और दुश्मन को खदेड़ सकें। उनकी नापाक छाया, हमारी पवित्र भूमि पर न पड़ पाये, यही तो मेरा ईप्सित है। 'नीहार! तुम प्रणय की कोमल रंगीनियों के लिए नहीं बने हो, तुम्हारा जीवन किसी महत्तर कर्तव्य के प्रति समर्पित है!'........कोई उपचेतना के तट पर बुदबुदाता है।.......और मैं कोल्हू के बैल को तरह, उसी पथ पर बढ़ चलता हूँ।

× × ×

तेजपुर का सैनिक अस्पताल प्रातःकाल के ८ बजे मैं अपनी ड्यूटी पर पहुंच गया, मेरे सहकारी ने सर्जीकल वार्ड में घूम-घूम कर हर मरीज की हिस्ट्री-शीट् से मुझे परिचित करवाया। मैं हर केस के विस्तार में गया, उनकी पेचीदगियों को समझा और अपने करणीय को निश्चित किया। मन-ही-मन उस विशाल हॉल में लेटे हुये सैनिकों को प्रणाम करता हूं, आखिर ये मातृ-भूमि के संरक्षक हैं, उन्होंने अपने प्राणों की बलि देकर स्वदेश की प्रतिष्ठा की रक्षा की है। ऐसे शूरवीरों के प्रति मन श्रद्धा से अभिभूत हो जाता है और मैं एक मेजर के बेड के पास जाकर कुछ पूछताछ करता हूं।

मुझे बताया गया था कि मेजर ने बड़े हौसले के साथ चीनियों के प्रबल आक्रमण का सामना किया था। वे अपनी ब्रिगेड से अलग होकर एक अनजाने प्रदेश में हतचेतन अवस्था में कई सप्ताह पड़े रहे और उनके साथियों ने उन्हें बड़ी मुश्किल से ढूंढ़ पाया। अब भी वे निद्रावस्था में बड़बड़ाते हैं, सावधान, आगे ..... बढ़ ...... निशाना ......सा .. ....ध!' आदि-आदि।

मेजर साहब के मन में युद्ध की घटनाएँ इतनी घनीभूत हो गई थीं कि वे स्वप्नावस्था में भी युद्ध के मैदान में अपनी बीमारी का पल्ला झाड़कर पहुंच जाते थे। भारतमाता के इस सुपुत्र से बात करने के लिहाज से मैं उनके बेड के पास जाता हूं और पूछता हूं:

"मेजर साहब, कैसी तबियत है?"

"डाक्टर, अब तो काफी ठीक हो चला हूं, पर मन में अब भी तोपों और मशीन-गनों की धाँयं-धाँयं समाई हुई है, अब तो आपसे एक ही अर्ज है कि जल्द-से-जल्द मुझे चंगा कर दें, ताकि मोर्चे पर जा सकूँ।" – मेजर साहब ने अपने बेड से कुछ उचकते हुये कहा।

मैं स्टूल लेकर उनके पास बैठ जाता हूं और उनसे पूछता हूँ:

"लड़ाई के आपके तजुर्बे कैसे रहे? आप अभी इतने ठीक नहीं हुये हैं कि आपको काम पर भेजा जा सके। आपकी ख्वाहिश पूरी हो, इसके लिये पुरजोर कोशिश कर रहा हूं।"

"बस मत पूछो डाक्टर साहब, तबियत पंख लगाकर उड़ना चाहती है, नसों में खून खौल रहा है, उस दुश्मन के दांत खट्टे करने के लिये। साले बड़े पाजी होते हैं। अपने भाइयों की लाशों को रौंदते हुये लहरदार ढंग से धावा बोलते हैं। जिन्दगी की तो उनके यहाँ कोई कीमत नहीं"! "हां, सो तो ठीक ही है, पर इस की क्या वजह कि हमारे जवानों के इतने दिलेर होने पर भी हमें कई मोर्चों पर मुंह की खानी पड़ी!" "डाक्टर साहब, हमारी सरकार तो अहिंसा की थी ना, हमारी तैयारी ही कहाँ थी, दिलेर जवान तो थे, पर उसके पास नये ढंग के हथियार कहां थे? वे इतना ही तो कर सकते थे कि अपने आपको आग में झोंक दें और मुझे खुशी है कि

मेरे नौजवान मौत से कतराये नहीं, उन्होंने वो पंजा मिलाया कि साला दुश्मन भी याद करेगा!" "आप बजा फरमा रहे हैं जनाब, अब हमारी सरकार ने गलती महसूस की है और फौजी कारखाने नये-से-नये हथियार तैयार कर रहे हैं। बाहरी मुल्कों की भी हमें मदद मिल रही है।"

"इस बार यदि दुश्मन ने अपना नापाक चेहरा हमें दिखाया, तो सालों को भून देंगे और चटनी बना देंगे सुसरों की!" "हाँ, मेजर साहब आपके इरादे तो फौलादी हैं और मैं शुक्रगुजार हूं उस खुदा का, जिसने वतन के लिये ऐसे सपूत पैदा किये हैं!"

"डाक्टर साहब, अफसोस यही है कि मेरे साथी मुझे उठाकर यहाँ ले आये, नहीं तो मेरी तमन्ना यही थी कि आखिरी दम तक उन लुटेरों को चकनाचूर करता रहूँ! पता नहीं, कैसे बर्फ में बेहोश होकर दब गया था, और मेरे जवान मुझे यहां ले आये! जब होश आया, तो मैं हैरान था। कहाँ आ गया हूँ मैं?" "मेजर साहब, आप ठीक होकर दुश्मन के दांत खट्टे करें, इसी लिये तो आपको यहां लाया गया है ......"

मैं अपना वाक्य पूरा भी न कर पाया था कि मेरे सहकारी ने आकर सूचना दी कि एक एमरजेंसी केस आया है और मुझे ऑपरेशन-टेबल पर चलकर उसकी गोलियां निकालनी हैं और उसके घावों पर ड्रेसिंग करनी है।

सुनने के साथ ही मैं उठ खड़ा हुआ और दौड़ा-दौड़ा ऑपरेशन-थियेटर में गया। एक जवान ऑपरेशन-टेबुल पर बेसुध पड़ा था, उसे प्राथमिक सहायता तो मिल चुकी थी, किन्तु गोलियाँ बड़ी बुरी तरह से उसकी पसलियों में समा गई थीं। मैंने आनन-फानन में उसकी पसलियों पर क्रॉस का चिन्ह अंकित करते हुये गोलियां निकाली, तब सहकारी डाक्टर ने तुरन्त ही उसकी मरहम-पट्टी की। गोलियां निकालने के कुछ समय बाद ही उसे होश आया और वह अस्फुट रूप में कुछ बुदबुदा रहा था, ऐसा लगता था कि उस अचेतनावस्था में भी उसकी बंदूक तनी है और वह दनादन गोलियाँ दाग रहा है! मैंने उसकी आंखों पर की पट्टी हटाई और पूछा– "क्यों जवान, अब कैसे हो? बंदूक के फायर अब भी जारी हैं! देखते नहीं, यह अस्पताल है और यहां तुम्हें इलाज के लिये लाया गया है।"

"........मैं कहां ...... हूं .... बंदूक .... कहां .... है, मोर्चा .... कहां है?"–वह बड़बड़ाया।

"जनाब, आप लड़ाई के मैदान में नहीं हैं, अस्पताल में हैं अस्पताल में।" मैंने अपने मुंह को उसके कान के पास ले जाकर कहा। सहकारी को संकेत किया कि इसे तुरन्त ही सर्जीकल-वार्ड में बेड नम्बर ८१ पर पहुंचा दिया जाय।

इसी तरह के 'केसेज' से उलझते-उलझते दोपहरी के ३ बज गये। न खाने की सुध थी, न पीने की, आराम तो कल्पना से बाहर था, क्योंकि मैं उसे हराम समझता था! बंगले पर गया, तो बेचारी मिसरानी रसोई के आगे बैठी ऊंघ रही थी। वह १ बजे से ही मेरा इन्तजार कर रही थी। हालाँकि मैंने उसे कह रखा था कि जब १-१।२ बजे तक न आ पाऊं, तो वह खाना बनाकर रख दिया करे, पर वह है कि मुझे ताजा खाना ही खिलाना चाहती है!

खाना खाते-खाते ४ बज गये, ५ बजे मुझे फिर अस्पताल पहुंचना है। सोफे पर लेटे-लेटे कुछ चिकित्सा-विज्ञान की पत्रिकाएँ देखता हूं, पढ़ते-पढ़ते ऊंघ जाता हूं, तभी फोन की घंटी टनटना उठती है। फिर कोई 'एमरजेंसी केस', आ गया है। जल्दी-जल्दी कपड़े पहनता हूं और ऑपरेशन-थियेटर पहुंच जाता हूं। दिन-रात यही क्रम चलता है। गोलियां ...... मरहम-पट्टी .... रिसते हुए घाव ...... फ्रैक्चर .... कटे हुए अंग ...... ऑपरेशन ...... सर्जीकल इन्स्ट्रूमेंटस् सहकारी डाक्टर और नर्सें ...... फौजी जवान, मेजर, कप्तान और ब्रिगेडियर .... इन्हीं में, मैं साँस लेता हूं, और यही मेरी दुनियां है! अविराम, अक्लान्त श्रम, कर्तव्य की रणभेरी कानों में निरन्तर गूंजती रहती है .... किसी मीठे स्वप्न की भांति डौरोथी .... और वत्सला आती हैं और नयनों में स्फूर्ति एवं चिर-स्फूर्ति का अंजन आँज कर चली जाती हैं। फिर काम में जुट जाता हूं, अपने आपको एक सैनिक समझता हूं, घायलों के मोर्चे पर डटा हुआ हूं! .... पर हाथ में बन्दूक नहीं है, है केवल ऑपरेशन के औजार, मरहम-पट्टियां और दवाइयाँ! यही तो जीवन है, लगता है समग्र देश एक शिविर है, समस्त देशवासी अपराजेय अनन्त सैनिक!

'गालियों का युग !'

गोपाल भार्गव, तृतीय वर्ष कृषि

[आज के दैनन्दिन आचरण में, एक ओर अनेक रूपों में गालियों का प्रयोग कितना व्यापक हो गया है. हास्य व्यंग्य के आवरण में प्रस्तुत लेख में देखिए। -छात्र-सम्पादक]

क्या आप गालियाँ देते हैं ? अवश्य देते होगें, जोर से नहीं तो मन में, लेकिन आप चौंक क्यों गये ? गाली देना कोई बुरी बात नहीं ! अजी यह तो वह अस्त्र है, जो अच्छे-अच्छे पहलवानों की हवा बन्द कर देता है, और इससे आप स्वयं परिचित हैं !

कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। न जाने किस युग में, किस अवतार द्वारा, इसका प्रादुर्भाव हुआ ! कम-से-कम कंस ने कृष्ण को, रावण ने राम को, मूर्ख, अज्ञानी मूढ़, कह कर गाली दी ही थी।

युग बदले, समय बदला, मानव बदला, चाँद पर बढ़ने की रफ्तारें बढ़ीं, मानव-मस्तिष्क विकसित हुआ, गालियों की डायरियाँ भी भरती गईं। गालियों के अनेक रूप हमारे समक्ष चले आये। उदाहरणार्थ-मित्रों में दी जाने वाली गालियाँ, सड़क पर रौनक बढ़ाने वाले युवकों की गालियाँ, सास-बहू के बीच दी जाने वाली गालियाँ, ब्याह में दी जाने वाली गालियाँ, और फिर गालियाँ तो एक रुचिकर विषय बन गया, जिसे देने वाला व्यक्ति दादा माना जाता है !

हमें ही लीजिए। न जाने किस देवता की कृपा से हम इस विषय को नहीं अपना सके। न तो स्कूल में और न ही कॉलेज में। जब स्कूल से कॉलेज में आये, तो एक वर्ष पश्चात् एक मित्र मिले। दुआ-सलाम के तुरन्त बाद ही कहने लगे-'यार ! गाली देना सीखा या नहीं ? हम हारे खिलाड़ी की तरह उनका मुँह ताकते रहे। क्या कहते ? वह बोले, "कॉलेज में पढ़ते हो या मन्दिर में ?" गुस्सा तो इतना आया कि इतनी गालियाँ दूं कि जनाब की तबियत झक हो जाय। पर अपने पर तरस आया, काश हमें भी गालियाँ आतीं !

देखिये, आजमाइये, फिर हमें बताइये, आपको कहाँ तक सफलता मिली है। कवि-सम्मेलन में जाइये। जब कविता-पाठ चल रहा हो, तो ठीक मंच के विपरीत दिशा में खड़े होकर आप अपने श्रीमुख से दो-चार गालियों का सृजन कीजिए, देखिये क्या होता है ! कवि-सम्मेलन में मस्त श्रोता अनायास आपकी ओर आकर्षित हो जाएंगे। दो-चार युवक आपके समक्ष आकर गालियाँ देंगे। फिर आप दीजिए। देखिये फिर तमाशा, नई-नई गालियों का सृजन चन्द मिनटों में अपने उत्पादन की चरम सीमा पर होगा, और गाली-सम्मेलन प्रारम्भ हो जायगा, जिसका उद्घाटन आपके श्रीमुख द्वारा होगा !

गाँधी का नियम था-कोई आपको एक थप्पड़ मारे, तो आप दूसरा गाल भी उसके आगे करदो। ठीक उसी तरह, आपको, कोई गाली दे, तो आप अपनी हलकी-सी मुस्कराहट से उसका स्वागत कीजिए, यही काफी है। वह गरम होकर गाली की और व्याख्या करेंगे, फिर आप हँस भर दीजिये। देखिये, फूल-सी नाजुक गालियों से आप लद जायेंगे, पर ध्यान रखिये, कहीं श्रीमान जी गाली देते-देते खड़ताल-नुमा हाथ पैर न चलाने लगें, वरना आपका कीर्त्तन हो जायगा !

यदि पहलवान मारे तो कमजोर हमेशा गाली देकर अपना मन ठन्डा करेगा। आजकल के डेढ़-हाथ के दादा, भजन करते हाथ-पाँव, रूखे बाल, सूखे गाल, स्वेच्छाचारिणी जिह्वा अति क्रूर रूप से आप पर गाली की बौछार, करते

हैं। ऐसे में कहीं आप डर गये तो गये, काम से, और यदि कोमल हाथों के दो-चार थप्पड़ जड़ दिये, तो वे गाली तो देगें, पर अपने घर की ओर भागते-भागते, आपकी तरफ नहीं !

कहीं आप यह तो नहीं समझ रहे कि मैं गालियां तो नहीं देता हूँ, पर दिलचस्पी ज्यादा रखता हूं ! खुदा खैर करे, अपने मुँह से तो सा ··· ला भी अटकते-अटकते ही निकलता है, क्योंकि गाली देने से पहले अपनी तन्दुरुस्ती का ख्याल आ जाता है। कहीं गाली देते ही पड़ौसी ने हाथ जमा दिये तो !

मैं यह तो नहीं कहता कि आप गाली न दीजिये। जरूर दीजिए, पर मीठे मधुर और आकर्षक शब्दों में, ताकि सुनने वाला भी कहे, प्लीज एक बार और ·· !

यदि आप गाली देने के शौकीन हैं, तो अपने मित्रों को प्रोत्साहन हरगिज न दीजिए, अन्यथा गुरू गुड़ और चेला शक्कर, और कन्ट्रोल के जमाने में यह शक्कर भी हाथ से जाती रही, तो समझिये नुकसान ही है ! फिर भी, यदि गाली दिये बिना रह नहीं सकते, तो एकान्त में जाकर अपने को इतनी गाली दीजिये कि आप का जी भर जाय, आदत भी जाती रहेगी, कोई देखेगा भी नहीं !

अस्तु, गालियाँ देना उचित नहीं। शिक्षा नहीं दे रहा, पते की बात कह रहा हूँ ! आप मुझे गालियाँ तो नहीं दे रहे कि आया बड़ा शिक्षा देने·······जी, गाली दीजिये, शौक से पर समयानुसार। अनुचित गालियों का प्रयोग न कीजिये। केवल वही गालियाँ दीजिये, जो रुचिकर हों, और सभी जिनकी सराहना कर यही कहें :—

"वाह साहब ! क्या गाली दी, मजा आगया!" ······

हिन्दी : विभिन्न विद्वानों की दृष्टि में

महेन्द्रकुमार शर्मा, तृतीय वर्ष कला

[राष्ट्रभाषा-हिन्दी को राजभाषा बनाने के मार्ग में बाधा यह नहीं है कि उसका विरोध है, बल्कि एक सबसे बड़ी बाधा कतिपय राजनैतिक दलों के राजनीतिक स्वार्थ हैं। इस तथ्य की पुष्टि करते हैं--- विभिन्न महान व्यक्तियों के वे विचार, जिनका संग्रह प्रस्तुत लेख में किया गया है। छात्र-सम्पादक]

वह गाँधी जिसने सन् १९२१ में भुजा उठाकर कहा था कि इस देश की राष्ट्रभाषा केवल हिन्दी है, वह गाँधी जिसने १९३० में कांग्रेस से अपनी इस मान्यता को मनवाया था, वह गाँधी जिसने १९३६ में पहले-पहल प्रदेशों में बनने वाली कांग्रेस सरकारों से यह वचन लिया था कि वे केवल एक साल में अपना कामकाज हिन्दी में करने लगेंगीं, वह गाँधी जिसने १५ अगस्त, १९४७ यानी भारत की आजादी के दिन बी. बी. सी. को केवल एक पंक्ति का सन्देश देते हुए कहा था—"दुनियां से कह दो, गाँधी अंग्रेजी नही जानता !" आज उसी के कथित उत्तराधिकारी गर्व से यह कहते हैं कि हमें हिन्दी नहीं आती, हिन्दी राजकाज के लिये अक्षम है, हिन्दी के लागू करने से देश टूट जायेगा, बिना अंग्रेजी के हम अपंग हो जायेंगे, हमारे ज्ञान-विज्ञान का स्रोत सूख जायेगा, हिन्दी सीखकर हमें मूर्ख और जाहिल नहीं बनना है, जब संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और ब्रिटेन की भाषा अंग्रेजी है, तब भारतीय गणराज्य की भाषा अंग्रेजी क्यों नहीं हो सकती ? कैसी विडम्बना है !

मगर २६ जनवरी, १९६५ को सर्वत्र हिन्दी लागू की गई। जनता और हिन्दी के भोले नेता सरकार के भ्रमजाल में रहे। यद्यपि ये लोग (हिन्दी प्रेमी) सरकारी नौकरियां, पद-पुरस्कार पाकर सन्तुष्ट होते रहे, तथापि अंग्रेजी के समर्थक योजनाबद्ध रीति से (सरकारी अफसरों और विभागों में) साम-दाम-दण्ड-भेद से आगे बढ़ते रहे।

सन् १९६३ में एक विधेयक पास हुआ, जिससे हिन्दी लंगड़ी हुई और अब १९६७ का यह दूसरा विधेयक प्रस्तुत है, जिससे वह बिलकुल अपंग हो जाएगी। उधर शिक्षा में प्रादेशिक भाषाओं का सिद्धांत स्वीकृत हुआ, इधर केन्द्रीय सेवा-आयोग में प्रादेशिक भाषाओं को अनुमति मिली। इस तरह शिक्षा, परीक्षा और प्रशासन तीनों में से हिन्दी की वरीयता और अनिवार्यता को चुपके-से, चतुराई से समाप्त कर दिया गया! सन् १९५० में जो हिन्दी राजभाषा मानी गई थी, आज वह केवल प्रादेशिक भाषा है।

भारत के शिक्षामंत्री श्री त्रिगुण सेन ने अभी घोषणा की है कि भारत में विश्वविद्यालय तक शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाएं होंगी। यद्यपि मैं इस घोषणा का स्वागत करता हूं तथापि यह भी महसूस करता हूं कि किसी भी देश में किसी विदेशी भाषा का ऐसा दौरदौरा नहीं, जैसा इस देश में अंग्रेजी का है। स्वतंत्रता-प्राप्ति को २० वर्ष हो गये। पराधीनता के समय जो अंग्रेजी भाषा हम पर लादी गई थी और डेढ़-सौ, पौने दो सौ वर्षों के अंग्रेजी राज्य रहने पर भी जिसे इस देश के दो प्रतिशत लोग भी अच्छी तरह नहीं जान पाये, इस देश पर स्वतंत्रता के बाद भी अंग्रेजी लदी रही और आज भी अंग्रेजी के समर्थक उसे लादे रखना चाहते है, इससे अधिक खेद की बात नहीं हो सकती।

शिक्षा के क्षेत्र में इस विदेशी भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने से, शिक्षा के हर विषय को अंग्रेजी माध्यम से सीखने में कितना अपव्यय होता है, यह एक सोचने की बात है। फिर अंग्रेजी में हमारे कितने भाई-बहन अनुत्तीर्ण होते हैं इस बात पर भी गौर किया जाये तो इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि केवल एक अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण होने के कारण फिर से समस्त विषयों में परीक्षा देनी पड़ती है। भारत सरकार के शिक्षा-सलाहकार श्री जे. पी. नायक ने इस प्रकार के अनुत्तीर्ण छात्रों के सम्बंध में, कहा था—"लगभग साठ से सत्तर प्रतिशत देहाती छात्र अंग्रेजी का न्यूनतम ज्ञान प्राप्त न होने के कारण फेल हो जाते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि पुनः परीक्षा में बैठने के लिये उन्हें सारे विषय दोबारा पढ़ने पर बाध्य होना पड़ता है।" यह सोचने की बात है कि केवल अंग्रेजी में फेल हो जाने से दुबारा परीक्षा देने में कितना समय और शक्ति हमारे देश की आबादी की नष्ट हो रही है!

आज का युग हमारे देश के लिये नव-निर्माण का युग है। भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हम विज्ञान पर निर्भर हैं, परन्तु हम देखते हैं कि वैज्ञानिक प्रगति बड़ी धीमी गति से हो रही है। उसका मुख्य कारण विदेशी भाषा द्वारा वैज्ञानिक शिक्षा है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. डी.एस. कोठारी के शब्दों में—"अपनी भाषा (मातृभाषा) में ज्ञान प्राप्त करने के विशेष लाभ से इन्कार नहीं किया जा सकता। तकनीकी शब्द यदि विदेशी भाषा में हों, तो उन्हें समझना और याद रखना कठिन होता है, तोता-रटन्त, मानसिक दबाव और बौद्धिक ह्रास। अत: विज्ञान को व्यापक स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य केवल क्षेत्रीय भाषाओं से ही सम्भव है।"

अतएव देश के विद्यार्थियों के समय की बचत, एक विदेशी भाषा में अनुत्तीर्ण होने पर, उनके जीवन का एक प्रकार से नाश न हो, देश की भौतिक उन्नति तथा वैज्ञानिक प्रगति के लिये, हर दृष्टि से शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा का होना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है।

आद्य शंकराचार्य ने भारतीय संस्कृति का उद्धार करने के लिये देश के चारों कोनों पर चार मठों की स्थापना—बद्रिकाश्रम में ज्योतिष्पीठ, गुजरात में द्वारकापीठ, उड़ीसा में पुरीपीठ और दक्षिण में शृंगेरीपीठ, की थी। बद्रिकाश्रम् में ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य ने अंग्रेजी भाषा से छुटकारा न मिलने का कारण बताते हुऐ कहा था कि —"इसका एक मात्र कारण यही है कि कुर्सी पर गोरों की जगह काले अंग्रेज बैठ गये हैं, जो न अपनी सभ्यता-संस्कृति को पसंद करते हैं और न वेशभूषा और भाषा को। वे अंग्रेजी में बोलना, उसका उपयोग करना गौरव की बात समझते हैं। किन्तु उन्हें ध्यान रखना चाहिये कि जब तक विदेशी भाषा का बहिष्कार करके हम अपनी जन-जन की हिन्दी भाषा को महत्व न देंगे, तब तक हम पूर्ण स्वाधीन कहलाने के अधिकारी नहीं हैं!"

गुजरात में स्थापित द्वारकापीठ के शंकराचार्य ने जब राजभाषा विधेयक के सम्बन्ध में एक प्रश्न का उत्तर देते हुये कहा था कि-"भारत के स्वाधीन होते ही १५ अगस्त, १९४७ के दिन दो काम किये जाने चाहिये थे-सबसे पहले गोहत्या के कलंक का उन्मूलन और दूसरा अंग्रेजी की विदाई। किन्तु देश का दुर्भाग्य है कि आज देश के माथे पर दोनों कलंक चिपके हुये है ।" इसका मूल कारण केवल राजनीतिक स्वार्थ है ।

यह विचित्र बात है कि दो प्रतिशत लोगों की समझ में आने वाली विदेशी भाषा समस्त भारतीय भाषाओं को अपने शिकंजे में जकड़े हुये है। जबतक हम अंग्रेजी से पूरी तरह से अपना पिंड नहीं छुड़ायेंगे, तब तक हिन्दी और संस्कृत ही क्या, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, उड़िया, गुजराती आदि किसी भी भारतीय भाषा की प्रगति असम्भव है। हमें संगठित हो कर अंग्रेजी की गुलामी से मुक्त होना ही चाहिये।

उड़ीसा में स्थित पुरी-पीठ के शंकराचार्य ने धार्मिक जनता के नाम पर अपना संदेश देते हुये कहा था : "समस्त भारतीय देशभक्त जनता को इस राष्ट्र-विरोधी और भारतीय भाषाओं को डसने वाले राजभाषा विधेयक का डटकर विरोध करना चाहिये तभी हम अंग्रेजी के इस कलंक से मुक्त हो सकेंगे।"

दक्षिण के श्रृंगेरी-पीठ के श्री शंकराचार्य से पूछे गये इस प्रश्न का कि दक्षिण में हिन्दी का विरोध क्यों ?-का उत्तर स्पष्ट करते हुये कहा-"जनसाधारण में किसी भी भारतीय भाषा का किंचित् भी विरोध नहीं है। यह सब राजनीतिक प्रोपेगन्डे और व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण ही स्टंट खड़ा किया गया है।"

मैसूर के मुख्यमंत्री श्री निर्जालगप्पा ने भोपाल में 'रविशंकर शुक्ल हिन्दी भवन' का उद्घाटन करते हुये कहा था-"हिन्दी केवल उत्तर की नहीं, दक्षिण की भी भाषा है। दक्षिण की जनता बुनियादी तौर पर हिन्दी के कतई विरुद्ध नहीं है, वहां तीस प्रतिशत से अधिक लोग हिन्दी सीख चुके हैं और स्वेच्छा से सीखने का यह क्रम अब और भी तेजी से आगे बढ़ता जारहा है।"

८ अक्टूबर, १९६७ को राष्ट्रपति डा० जाकिर हुसैन ने दिल्ली में पहली बार आयोजित गुजराती साहित्य-परिषद् के तीन-दिवसीय अधिवेशन का उद्घाटन करते हुये कहा : अंग्रेजी के बदले क्षेत्रीय भाषाओं को लागू करने के के लिये समय की कोई सीमा तय करने से अधिक महत्वपूर्ण बात तो यह है कि क्षेत्रीय भाषाओं को लागू करने के दिशा में हार्दिक और निष्ठापूर्ण शुरुआत की जाये। अंग्रेजी शिक्षा – दीक्षा ने हमारे सामान्य दैनिक जीवन की परम्पराओं को भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। अंग्रेजी ने हमारे माता-पिता, पत्नी, बीबी जैसे शब्दों को भी हमसे भुलवा दिया और हम मादर-फादर, ममी-डैडी के चक्कर में पड़ गये। इतना ही नहीं एक समय ऐसा भी आया कि हमारे घरों की भाषा भी बदल गई तथा पति-पत्नी, भाई-बहनें आपस में अंग्रेजी में बोलने लगे और प्रेम-पत्र भी अंग्रेजी में लिखे जाने लगे !"

श्री विनोबा जी ने अंग्रेजी को बेकारी का कारण बताते हुये कहा—"आज जो बेकारी की समस्या है, उसका एक कारण अंग्रेजी शिक्षा भी है। आज का युवक अंग्रेजी पढ़ लेने के बाद सिवा नौकरी के और कोई काम करना नहीं चाहता। वह खेती करे या कोई उत्पादन-श्रम ऐसी कल्पना अंग्रेजी पढ़ने से नहीं मिलती। हर साल गांव से लाखों युवक शहरों में पढ़ने के लिये आते हैं,—पर परीक्षाएं पास करके गांव में जाना पसंद नहीं करते। जो भाषा हमारे मन में नौकरी की वृत्ति पैदा करती है, जिसके पढ़ने से उत्पादक-श्रम और खेती से नफरत पैदा होती है, उस भाषा से स्वराज्य के बाद भी लोगों को इतना मोह क्यों है, यह बिल्कुल समझ में नहीं आता।"

●●

हिन्दी के मार्ग की बाधाएँ

कृष्णसिंह कटारिया, तृतीय वर्ष, विज्ञान

[राष्ट्र की दो आँखों---राष्ट्रभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं---में प्रखर ज्योति का अक्षय मण्डार होते हुए भी, कुछ तो मोहवश और कुछ चंद लोगों के डर से, किसी विदेशी भाषा के अ-पारदर्शी काले शीशों के चश्मे को चढ़ाए रखकर अन्धा बना रहना, बुद्धि का दिवालियापन नहीं तो और क्या है। दुर्भाग्यवश, हम ऐसे ही देश में रह रहे हैं, जहाँ शासन एक विदेशीभाषा-अंग्रेजी को सर पर चढ़ाए हुए राष्ट्रभाषा-हिन्दी को राजभाषा मानने को तैयार नहीं है। आखिर क्यों? प्रस्तुत लेख में इसी पर सशक्त एवं अकाट्य तर्कों द्वारा विचार किया गया है। ---छात्र सम्पादक]

भारतवर्ष की स्वतंत्रता का आन्दोलन राष्ट्रव्यापी रूप में आरम्भ हुआ, उसका उद्देश्य राजनीतिक शक्ति अपने हाथ में करना था, देश को अंग्रेजी साम्राज्य से छीनना था। परन्तु आन्दोलन की नींव भारतीय संस्कृति पर ही आधारित थी। किसी भी देश का व्यक्तित्व उसकी संस्कृति पर निर्भर है और यदि वह अपनी संस्कृति की रक्षा नहीं कर पाता, तो उसका अपना अलग व्यक्तित्व टिकना भी संभव नहीं।

१९४७ के बाद स्वतंत्र भारत में हम अंग्रेजों की दी हुई संस्कृति के उपासक बने। राजनीतिक सत्ता हमारे हाथ में आने से कोई परिवर्तन नहीं हुआ। आज हम देख रहे हैं कि वास्तव में अंग्रेजों की बनाई हुई समाज-रचना, शिक्षा, शासन और मोटे तौर पर पाश्चात्य संस्कृति, इतने मजबूत ढंग से जम गये हैं कि यदि हम यह कहें कि आज हम स्वतंत्रता के काल में उस अंग्रेजी सामाजिक ढंग और संस्कृति के कट्टर उपासक हो गये हैं, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

अंग्रेजी राज्य की पक्की नींव डालने वाले लार्ड मेकाले हैं, जिन्होंने सलाह दी कि भारतवर्ष की शिक्षा पद्धति न केवल अंग्रेजी के माध्यम से हो, परन्तु इंगलैण्ड में जो पद्धति प्रचलित है, उसी के अनुसार यहाँ शिक्षा दी जाय। उस शिक्षा की नींव अंग्रेजी है, उसके तरीके इंगलैण्ड से लाए हुए हैं। आज विषयों का पठन-पाठन, कॉलेज और विश्वविद्यालय की रचना वहीं की परम्परा के अनुसार हुई है। हम उसी प्रवाह में बहे जा रहे हैं, जिसे अंग्रेजों ने बहाया था। इस समय देखा जाए तो हमारे शिक्षा-शास्त्री सबसे ज्यादा अंग्रेजी के भक्त बने हुए हैं! जो पद्धति अंग्रेजों ने चलाई है, उसी को वे चाहते हैं, बल्कि उनकी महत्वाकांक्षा यह है कि इंगलैण्ड और अमेरिका के ढंग के विश्वविद्यालय हमारे यहाँ बनें। वेश-भूषा में भी हम देखते हैं कि जो परिवर्तन अंग्रेजों के समय में प्रारंभ हुआ, वह स्वतंत्रता के बाद और तेजी से बढ़ रहा है! सार्वजनिक रूप से जितनी उपेक्षा भारतीय भोजन की होती है, उतनी किसी और चीज की नहीं होती। शायद हमें इस बात की शर्म लगती है कि कहीं हम अपना रोटी-दाल का भोजन करते हुए न देखे जाएँ!

२६ जनवरी, १९५० को संविधान द्वारा देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी भारत में राजभाषा मान ली गई थी, पर साथ ही यह शर्त लगा दी गई थी कि उसका प्रचलन १५ वर्ष बाद होगा। विधि-मंत्री डा० अम्बेडकर ने संविधान का ढाँचा बनाया और उनकी सहायता के लिये अधिकतर दक्षिणी लोग रखे गए। उस कच्चे संविधान में चार पंक्तियों का एक पैरा निकला था, जिसमें लिखा था कि भारत की भाषा देवनागरी में लिखित हिन्दी होगी। हिन्दी-विरोधी इससे चौकन्ने हो गए।

भाषा के प्रश्न को संविधान में टालने की पूरी कोशिश की गई, परन्तु अन्त में जब सारी धाराओं और अध्यायों पर विचार हो चुका, तो भाषा का प्रश्न लेना ही पड़ा। समय की अवधि, जो प्रारम्भ में ५ साल रखी जाने वाली थी बढ़ते-बढ़ते १० वर्ष हो गई और जब हिन्दी-विरोधियों को इतने पर भी संतोष न हुआ, तो १५ वर्ष की अवधि की बात आई। इसका फल यह हुआ कि डा० अम्बेडकर ने भाषा-प्रश्न से अपने को अलग कर लिया। और इस समस्या को हल करने के लिये श्री कन्हैयालाल

माणिकलाल मुन्शी जो पहले ही घोषणा कर चुके थे, 'हिन्दी फैसलों की भाषा नहीं हो सकती' आये। यह सब नेहरूजी के विचारों को मूर्तरूप देने के लिये हो रहा था। स्मरण रखना चाहिए कि अनुच्छेद ३४८ श्री मुन्शी के प्रयास का फल है, जिसके द्वारा हिन्दी को एक प्रकार से सदा के लिए उच्चतम और उच्च न्यायालयों से दूर रखने का प्रयत्न किया गया है। १४ सितम्बर को भाषा फार्मुला संविधान-सभा में पास हो गया। पन्त जी और सरदार पटेल ने दोनों में सक्रिया भाग नहीं लिया, एक नेहरूजी के अनुवर्ती और दूसरे उससे विरक्त ! इस तरह यह स्पष्ट हो जाता है कि हिन्दी को राजभाषा बनाने में देश के नायकों की मनोवृत्ति राष्ट्र-भावना के कितने विपरीत और असंतुलित थी।

नेहरू जी के संबन्ध में कहा जाता है कि वह अंग्रेजों के समान किसी भी प्रश्न को लम्बा खींचते थे, परन्तु अंग्रेजी को स्थिर रखने तथा उसे बढ़ाने में नेहरूजी ने बड़ी तत्परता दिखाई। ऐसी तत्परता जिसे अंग्रेज भी अपने १५० सालों में न दिखा सके थे। मृत्यु से पूर्व नेहरूजी ने एक तरह यह भी पास करवा दिया कि जब तक एक भी राज्य अंग्रेजी का चलन चाहेगा, हिन्दी राजभाषा नहीं बनेगी। बाद में शिक्षा-मंत्रालय में पारिभाषिक शब्दावलियों के लिये कितनी ही समितियाँ नियुक्त कीं कि शब्द बन जाएँगे, तब हिन्दी सरकारी भाषा बनेगी। इस प्रकार ऐसे निर्वाद प्रयोग आरम्भ किये, जिनसे हिन्दी का प्रश्न खटाई में पड़ जाए। मौलाना आजाद के पीछे डा० श्रीमाली शिक्षा मंत्री बने और उन्होंने हिन्दी का कुछ भला करना चाहा तो नेहरूजी ने उन्हें कामराज योजना में अलग कर दिया। फिर श्री चागला को शिक्षा मंत्री बनाया गया। क्या इसका यह अर्थ नहीं है कि नेहरूजी ने सदा हिन्दी को न पनपने देने के लिए राजकाज मे उसे दूर रखने के प्रयत्न किये और ये प्रयत्न हिन्दी के लिए अहितकर सिद्ध हुए। दो भाषाएँ पढ़ाने की जो नीति अपनाई गई, उसका भी यही उद्देश्य है कि अंग्रेजी समग्र भारत में बनी रहे और दक्षिणी राज्यों से हिन्दी विदा हो जाए !

नेहरूजी के आश्वासनों की आड़ में जब कोई अंग्रेजों को भारत में टिकाये रखने की बात कहता है, तब वह यह क्यों भूल जाता है कि इस सम्बन्ध में गाँधी जी ने भी कुछ आश्वासन दिये थे। गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन शुरू किया। वे हमेशा भारतीय संस्कृति पर जोर देते थे, भारतीय भाषा को राष्ट्रभाषा बनना चाहिए और हिन्दी ही ऐसी भाषा हो सकती है, इसका प्रचार करते थे। उनका कथन था कि वेशभूषा में, खान-पान में, रहन-सहन में हमें भारतीय ढंग बरतना चाहिए। एक बार विनोबा ने कहा था—"जिस प्रकार मनुष्य को देखने के लिए दो आँखों की आवश्यकता होती है, उसी तरह राष्ट्र के लिए दो भाषाओं—प्रान्तीय और राष्ट्रभाषा की आवश्यकता होती है। अंग्रेजी भाषा चश्मे के रूप में काम आयेगी। चश्मे की जरूरत सबको नहीं पड़ती। कभी-कभी कुछ लोगों को उसकी जरूरत पड़ सकती है। बस इतना ही अंग्रेजी का स्थान है-इससे अधिक नहीं!" इस प्रकार देश की भावना का जैसा प्रतिनिधित्व विनोबा कर सकते हैं, उतना सारे अंग्रेजी भक्त मिलकर भी नहीं कर सकते।

अंग्रेजी के पक्ष में सबसे प्रबल तर्क यह दिया जाता है कि सम्पूर्ण आधुनिक ज्ञान-विज्ञान आँग्ल भाषा में ही उपलब्ध है, अतः उसके बिना शिक्षा का स्तर ऊँचा होना असंभव है। वास्तविकता यह है कि आज हमारे देश की महती शक्ति केवल इसी भाषा अध्ययन के पीछे नष्ट हो रही है। भारत का, विशेषतः उच्चतर माध्यमिक एवं बी. ए. का छात्र अपना आधे से अधिक समय अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करने में व्यय करता है। किन्तु फिर भी अधिकांश छात्र अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण होते हैं। भारत के छात्र जितनी शक्ति, समय, बुद्धि और धन अंग्रेजी को सीखने में लगाते हैं, यदि उतनी ही शक्ति वे अपनी रुचि के किसी दूसरे विषय में लगा पाएँ, तो वे अपने विषय को अधिक समझ सकेंगे।

अब रहा तकनीकी विषयों का सवाल, तो तकनीकी विषयों पर भी बहुत कुछ साहित्य तैयार हो चुका है। शेष में और गति लाई जा सकती है। जैसा कि पाँच साल का समय और माँगा गया है। पाँच साल कुछ कम नहीं हैं। पर यदि मन ही न हो, तो फिर जैसे पाँच साल कम है, वैसे ही पचास साल भी कम हैं। यह एक उदाहरण से स्पष्ट हो गया है। जब कमालपाशा के हाथ में तुर्की का शासन आया, तब उसके सामने भी भाषा-नीति की समस्या

उपस्थित हुई थी, उसने शिक्षा-शास्त्रियों को बुलाकर पूछा "तुर्की भाषा के माध्यम से राजकाज करने में कितने वर्ष लगेंगे ?" लोगों ने बताया दस वर्ष। कमालपाशा ने तुरन्त आदेश दिया— **"समझ लीजिए वे दस वर्ष कल प्रातः १० बजे समाप्त हो जायेंगे। आप सारा राज-काज का काम तुर्की भाषा में ही करेंगे।"** पवित्र मन और राष्ट्रीयता की भावना का यह एक ऐसा दिव्य उदहारण है, जिसके उज्ज्वल प्रकाश में हम अपनी भाषा और शिक्षा-नीति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। स्वभाषा के प्रति जब स्वाभिमान की भावना होती है, तब ऐसी ही शुभ घोषणाएँ होती हैं।

न तो अंग्रेजो ओर न्याय पर्यायवाची हैं, न ही अंग्रेजी और विज्ञान पर्यायवाची हैं और न ही अंग्रेजी और प्रगति पर्यायवाची हैं। शायद अंग्रेजी-भक्त इस तथ्य से इंकार नहीं करेंगे। परन्तु यदि "अन्तर्राष्ट्रीय लाभ" के नाम पर अंग्रेजी की वकालत की जाती है, तो ऐसे वकीलों की तुलना उस व्यापारी से की जा सकती है जो अपने व्यापार को चमकाने के लिए विदेशी महिला से विवाह कर लेता है, क्योंकि विदेशों के समाज से उस महिला के सामाजिक सम्पर्क हैं। उस व्यापारी को इस प्रकार के विवाह द्वारा पति-पत्नी के प्रेमपूर्ण आनन्द की प्राप्ति की आशा नहीं होती।

जब किसी देशी भाषा को भारत के राजकाज की भाषा बनाना है, तो वह हिन्दी है। यदि इस में रुकावट डाली गई तो वह निष्फल होगी ही, उसके अनेक दुष्परिणाम भी निकलेंगे। अंग्रेजी को राजतंत्र और उसकी आवश्यकता की पूर्ति के लिए शिक्षा में अनिवार्य बना कर रखने का पिछले २० वर्ष में जो नुकसान राष्ट्र को हो चुका है, उसको पूरा कर पाना अत्यंत कठिन है, क्षति का मोटा अनुमान ही लगाना काफी होगा। बड़े शहरों के अलावा करोड़ों छात्र पिछले २० सालों में ऐसे क्षेत्रों के स्कूल कॉलिजों में शिक्षा पाने गए, जहाँ अंग्रेजी के पठन-पाठन का वातावरण व व्यवस्था ऐसी नहीं थी कि वे अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर सकते। लिहाजा, करोड़ों की संख्या में पढ़ाई छोड कर बैठ गए और देश लाखों भावी वैज्ञानिकों, डाक्टरों, इंजिनियरों से वंचित हो गया, जब कि उनकी उस स्तर तक की 'साक्षरता' पर करोड़ों रुपया खर्च हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में भारी अपव्यय का कारण अंग्रेजी में पढ़ाई है। इससे इन्कार करना सचाई से आँख मूँद लेना है।

हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रश्न न सुलझने का मुख्य कारण यह है कि समाज के प्रत्येक कार्य में और शिक्षा में भी अंग्रेजों ने अपनी भाषा को इस प्रकार जमा दिया कि जिन लोगों ने आरम्भ में विरोध के साथ इसको सीखा, वे ही उसके कट्टर समर्थक इसलिये बन गये कि उनका प्रभुत्व दूसरी राष्ट्रभाषा के आने से शायद हट जाए! देश के बहुत से लोग ऐसे भी हैं, कि अंग्रेजी हमेशा के लिए हमारी राष्ट्रभाषा बने। हिन्दी-विरोधी इस विदेशी भाषा की श्रेष्ठता मानने को तैयार हैं, किन्तु किसी भी भारतीय भाषा को अपने से बढ़ी हुई मानना नहीं चाहते।

संक्षेप में हम यह कह सकते हैं कि स्वतंत्रता के बाद भारतवर्ष अपने नए आदर्श और अपना नया व्यक्तित्व स्थापित नहीं कर सका और न करने की कोशिश में है। कोई आमूल परिवर्तन या क्रान्ति हम किसी क्षेत्र में न ला सके। इसके कई कारण हो सकते हैं, कारण चाहे जो हों, यह तथ्य स्पष्ट है कि हम तेजी के साथ पश्चिमी समाज, संस्कृति और आदर्श को अपना रहे हैं और उन में कहाँ तक सफलता पा सके हैं, यह संदेहास्पद है। एक प्रकार से कहा जा सकता है कि यद्यपि हमने राजनैतिक दृष्टि से अंग्रेजों को हराया, तथापि उन्होंने सांस्कृतिक दृष्टि से हमें जीत लिया और शायद हमेशा के लिए !

(भारतीय प्रजातंत्र के तीन अभिशाप) सिफारिश, रिश्वत, भाई-भतीजावाद

महावीर प्रसाद अजमेरा, तृतीय वर्ष कला

[देश में प्रजातंत्र है। ऐसा प्रजातंत्र है, जिसमें अनेकानेक बुराइयों ने घर कर लिया है। इसलिए आवश्यकता है--- बुराइयों के उन्मूलन की। इसी में देश और उसके प्रजातंत्र की सुरक्षा है। इन बुराइयों के उन्मूलन के लिए विद्यार्थी वर्ग क्या-कुछ कर सकता है, इस लेख में इसी विषय पर, एक राजनीति-विज्ञान के छात्र का दृष्टिकोण प्रस्तुत है। --छात्र सम्पादक]

भारत एक प्रजातांत्रिक देश है। आज विश्व में अन्य शासन-प्रणालियों की अपेक्षा प्रजातंत्रीय शासन-प्रणाली ही अधिक सफल और श्रेष्ठ मानी जाती है, जिसका कारण है कि प्रजातंत्र 'जनता की आवाज' है। जैसा कि अनेक विद्वानों ने इसके बारे में परिभाषाएं दी हैं–

लिकंन—"प्रजातंत्र का अर्थ है-प्रजा का शासन, प्रजा से और प्रजा के लिए ।"

श.ले—"प्रजातंत्र वह शासन है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का अपना भाग होता है।"

इस प्रकार अनेक विद्वानों ने प्रजातंत्रीय शासन के बारे में अपने विचार लिखे हैं और उन्हीं के आधार पर इस शासन-प्रणाली की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित मानी जाती हैं —

(१) प्रजातंत्र राष्ट्रीय भावना तथा देश प्रेम को जागृत करता है।

(२) प्रजातंत्र देश-प्रेम की भावना बढ़ा कर क्रान्ति के खतरे को कम करता है।।

(३) लोकतंत्र में राज्य प्रभुता-शक्ति पर नहीं अपितु सहमति पर स्थिर रहती है।

(४) लोकतंत्र सामाजिक एकता का एक उत्कृष्ट साधन है।

लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या प्रजातंत्र शासन-प्रणाली पूर्ण रूप से सफल हुई है या नहीं ? इस प्रश्न का उत्तर यही आता है कि यद्यपि प्रजातंत्र शासन-प्रणाली पूर्णरूप से सफल नहीं हुई है, लेकिन अन्य शासन-प्रणालियों की तुलना में यह शासन प्रणाली, जिसकी लाठी उसकी भैंस के स्थान पर जनता की सर्वोच्चता स्थापित करती है। जो वास्तव में मानवता की भावना को जन्म देती है।

अब दूसरा प्रश्न हमारे सामने आता है कि भारत में यह शासन प्रणाली सफल हुई है या नहीं। मेरे विचार व पिछले तीन आम चुनावों के अनुभव से यही उत्तर मिलता है कि भारत में यह शासन प्रणाली सफल नहीं हुई है। क्यों ? आखिर वे कौन से कारण हैं जिनकी वजह से भारत में यह शासन प्रणाली सफल नहीं हो पा रही है और इसकी सफलता के लिए किन बातों की आवश्यकता है ? वे निम्न हो सकती हैं।

(१) प्रजातांत्रिक सिद्धान्तों में जनता के विश्वास की कमी का दूर होना
(२) बौद्धिक आवश्यकताएं
(३) वैधानिक परम्परायें
(४) नैतिक आवश्यकतायें
(५) राजनीतिक जागरण
(६) सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक समानता
(७) राजनीतिक दलों का विशुद्ध कार्यक्रमों पर संगठन
(८) स्वायत्त शासन का संगठन
(९) राज्य में शान्ति और सुरक्षा

पुन: प्रश्न उठता है कि भारत में प्रजातंत्र की सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण दशा क्या है। इसके उत्तर में मैं चौथी दशा नैतिक-आवश्यकता में तथा छठी दशा सामाजिक आर्थिक व राजनीतिक समानता को महत्वपूर्ण मानता हूँ। प्रजातंत्र की सफलता के लिये आवश्यक है कि व्यक्तियों का नैतिक स्तर ऊँचा हो। प्रजातंत्र वहीं फलता-फूलता है जहां

नागरिक जानते हुए भी लोक-सेवा के उद्देश्य से अपने क्षुद्र हितों को सार्वजनिक हितों के लिए बलिदान करते हैं, जहाँ नागरिक प्रजातंत्र से सम्बन्धित समस्त कार्यों को कर्तव्य की दृष्टि से करते हैं, और सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक सभी विषयों में लालच, लगाव और स्वार्थ से ऊपर उठ कर अपने निर्णयों में ईमानदारी तथा न्यायप्रियता की भावना दर्शाते हैं। इसी प्रकार प्रजातंत्र शासन समानता के स्वर्ण सिद्धान्त पर आधारित है और इस के लिए आवश्यकता है कि समस्त समाज में धर्म, जाति, रंग, सम्प्रदाय धर्म आदि के भेद के बिना प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तित्व को समान अवसर प्राप्त हो और सबके साथ कानून, न्याय तथा अवसर की दृष्टि से सामान्य व्यवहार हो ! प्रजातंत्र में एक ओर अमीरी तथा दूसरी ओर बहुत गरीबी एक साथ नहीं चल सकती। राजनीतिक क्षेत्र में आवश्यक है कि देश में स्वतंत्रता का वातावरण हो। व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रजातंत्र का हनन है।

लेकिन भारतीय प्रजातंत्र में इन दोनों दशाओं की अत्यधिक कमी है। इस निबन्ध के शीर्षक में भारतीय प्रजातंत्र के तीन अभिशाप सिफारिश, रिश्वत और भाई-भतीजावाद लिखने का मेरा आशय यही है कि इस देश में ये तीनों तत्व छुआ-छूत की बीमारी के समान बढ़ते जा रहे है और प्रजातंत्र की आवश्यक दशाओं पर कीटाणु के समान प्रहार कर रहे हैं। इसका स्पष्ट उदाहरण यह है कि जहाँ भी और जिस विभाग में भी अपनी उदरपूर्ति के लिए नौकरी करना चाहते हैं तो एक साधारण व्यक्ति ही नहीं एक शिक्षित व्यक्ति भी यही कहेगा कि श्रीमान जी क्या आपकी कोई सिफारिश है ? क्या आपकी किसी मंत्री महोदय से रिश्तेदारी है ? अगर नहीं है, तो मैं आपको नौकरी दिलवा दूगाँ, लिहाजा मेहनत क्या मिलेगी ? इस वाक्य से मैं स्वयं भी परेशान हूँ कि क्या ये वाक्य मुझे भी सुनने पड़ेंगे। मैं राजनीति विज्ञान का विद्यार्थी होने के कारण यह विश्वास करता था कि हमें शिक्षा प्राप्त होने पर उचित नौकरी मिलेगी क्योंकि प्रजातंत्रीय देश की प्रमुख विशेषता यही है कि राज्य के कार्यों के लिए हरेक-नागरिक को अपनी योग्यता के अनुसार अवसर पाने का अधिकार है। लेकिन जब उपरोक्त वाक्य जिसमें सिफारिश, रिश्तेदारी एवं मेहनत ये तीन शब्द सुनता ही नहीं जब प्रत्यक्ष में मैंने देखा तो उस समय की याद आती है कि जब मुझे भी इस प्रकार के व्यवहार की ओर से सतर्क होना पड़ेगा। क्या यही प्रजातंत्र है ? क्या यही जनता का शासन है ? क्या यही जनता की आवाज है ? क्या यही भारत के भाग्य विधाताओं का लक्ष्य है ? क्या आज के भावी नेता भी इन्ही तत्वों को प्रोत्साहन देंगे ? नहीं, भारत के वर्तमान विद्यार्थी जो देश के भावी कर्णधार हैं, इस प्रकार के तत्वों को कभी आगे नहीं बढ़ने देंगे। अगर विद्यार्थी अपनी शिक्षा का प्रमुख कर्तव्य अपने देश के विकास के लिये मानेगा और यह समझेगा कि यह देश मेरा है, मेरा जन्म देश के लिए हुआ है तो वह अवश्य ही, मुझे विश्वास है, इस प्रकार की भारतीय प्रजातंत्र में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का प्रयत्न करेगा।

मैं इस प्रकार की बुराइयों का निवारण न होना विद्यार्थियों के लिए एक चुनौती मानता हूँ, क्योंकि हमारे वर्तमान नेता व प्रजातंत्र के समर्थक हमारी आजादी के २० वर्षों में भी इस प्रकार की बीमारी का अन्त नहीं कर पाये बल्कि इसको बढ़ावा देते रहे हैं तो इसके निवारण की जिम्मेदारी मैं इन्हीं विद्यार्थियों को, जो कि भावी नेता हैं, मानता हूं।

विद्यार्थी प्रतिक्रियावादी तत्वों से ऊपर उठकर राष्ट्र तथा राष्ट्रीयता का सच्चा अर्थ समझे और देश के प्रजातंत्र में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का प्रयास करे तो मैं समझूंगा कि उन्होंने देश के लिए ही भारत में जन्म लिया है, न कि देश के ऊपर भारस्वरूप होने के लिए और इसी में विद्यार्थियों की सफलता तथा देश की प्रशंसा है।

सत्य और असत्य

रमेश 'मित्र', एम० ए०, पूर्वार्द्ध (हिन्दी)

(मनुष्य की कामनाएं सुन्दर, सुरभिमय और कोमल के हेतु चरण बढ़ाती हैं, पर मिलती है विफलता। मानव का हृदय टूक-टूक हो जाता है, और तब अवसाद उसे अनासक्ति के द्वार तक पहुंचा देता है, पर तभी उसे 'वह' अनायास ही मिल जाता है, जिसकी उसने कभी 'चाह' की थी। सुख की कामना दुःख देती है, पर दुःख के मार्ग पर कभी-कभी सुख-सुरभि फूट पड़ती है। किसे सत्य समझें और किसे असत्य, प्रस्तुत कविता में इसी तथ्य का ऊहापोह है। 'बिन माँगे मोती मिलें, माँगे मिले न चून।' --क्या यह जीवन का क्रूर सत्य नहीं है? प्रस्तुत कविता में इसी भाव को कवि ने मर्मस्पर्शी शब्दावलि के माध्यम से उरेहा है। .... सम्पादक)

तुम जो कहते हो-"बदला हूँ मैं !"
जितना है-सत्य,
उतना असत्य।

पहले मैं जाता था-फूलों की ओर
चाहता था-फूल
मिलते थे-काँटे
बिंधती थीं-उँगलियाँ
रिसते थे-पोर
अनजाने उपवन में बढ़ता ही जाता था-
दर्दों का शोर
टीस-टीस उठते थे-अंगों के छोर
भीग-भीग जाती थीं-नयनों की कोर !

फूलों की ओर
जाना ही छोड़ दिया
तोड़ दिया क्रम
रास्ता
मोड़ दिया
जोड़ दिया-और अर्थ:

और अब जाता हूँ-काँटों के पास
रोज-रोज दौड़कर
समझ कर, सोचकर-
काँटों के पास-

मिलते हैं फूल,
खिलते हैं फूल !

फूलों के पास-काँटों के ढेर।
काँटों के पास-फूलों का बास !
शब्दों का फेर है,
अर्थों का भेद है-
तुम जो कहते हो-"बदला हूँ मैं !"
जितना है-सत्य,
उतना असत्य !

शहर : गली

शमेन्द्र कुमार जड़वाल, तृतीय वर्ष (कला)

[जिन्दगी में एक ही समय पर एक निश्चित क्षेत्र-विशेष के वातावरण में कितनी छोटी-छोटी घटनाएं एक साथ घटती हैं. इनका सफल चित्र प्रस्तुत कविता में चित्रित किया गया है। छात्र-सम्पादक]

बंद खिड़कियों वाले,
कमरे में,
गाढ़ा, घुप अंधेरा,
आवाज,
सांस की और सिर्फ धड़कते दिल की।
टूटे शीशे से आती,
लैम्प-पोस्ट की एक बीमार
किरण!
बाहर,
पथराई गली पर,
दौड़ते हाथ ठेलों की,
गड़गड़ाहट।
आवाजें मिली, जुली।
और
टीन के बक्से
की दूकान से 'ठक-ठक' भरा मुहल्ला!
सामने वाले मकान से,
पैर पटकती आवाज,
(शायद कॉल-बेल बजी)
एक कुमारी का सिर
झाँका, देखा
खटाक।
(दरवाजा-बन्द)
उधर,
पड़ौसी हलवाई ने,
झूठे कुल्हड़ चाटते कुत्ते पर,
डंडा मार दिया,
और एक खूबसूरत-सी गाली!

चींऽ, चींऽऽ करता कुत्ता,
दुम दबा कर,
दौड़ लिया।
टींऽऽ टींऽऽ टींऽऽऽऽ।
और खिड़की के काँच पर,
तेज फ्लैश लाइटें,
दो क्षण।
कमरे में।
झोली सी खाट पर,
किसी ने करवट
बदल ली।
अंधेरा,
घुप,
और गाढ़ा होकर,
बढ़ रहा है, दौड़ रहा है,
गली पर,
आवाज,
सांस की,
धड़कन दिल की,
धक-धक!
(मिलीं-जुली भीड़ की आवाजें,
और उनके बीच,
चोट खाये उस
कुत्ते की आवाज भटकती है!)
'ठक-ठक' में डूबा
पथराया- मुहल्ला
खामोश अंधेरा
बस!

बिछुड़न और मिलन

भंवर लाल पारीक एम. ए., (पूर्वार्द्ध) हिन्दी

(एक बार जब प्राणों से प्राण का मिलन हो जाता है, तब दैनिक बिछुड़न में, प्राण, पुनर्मिलन के लिए कितने आकुल---आतुर हो जाते हैं। लेकिन. फिर भी न जाने किन स्थितियों में, चाहते हुए भी मिलन नहीं हो पाता, ऐसी ही एक स्थिति का चित्रण प्रस्तुत कविता में है। छात्र-सम्पादक)

जी मचल रहा आने को
अब रहा नहीं जाता
यहाँ घुटन-सी होती है
दिल भी पसीज जाता ।

चान्द्रमसी लेखा चन्द्र के पास
कुमुदिनी भी लिये हुये आस
प्रकृति भी जारही पुरुष के पास
हम भी मिल जाते आज काश!

प्रकृति मरण, विकृति जीवन
बिछुड़न मिलन के प्रतीक
दर्शन की इस भाषा के डर से
चाहते हुए भी जी
मिल नहीं पाता !

एक व्यंग्य

कन्हैयालाल काठेड़, तृतीय वर्ष, कला

(प्रस्तुत कविता में ऐसे छात्रों पर, व्यंग्य किया गया है, जो कॉलेजों में पढ़ने के लिए नहीं, हवाखोरी के लिए आते हैं. और जो अपने माता-पिता व कॉलेज के नाम पर कलंक होते हैं। विद्यार्थियों को ऐसे छात्रों से सचमुच दूर रहना चाहिए।-छात्र-सम्पादक)

तुम कॉलेज में पढ़ना सीखो।
छोड़ो अब भार किताबों का,
समझो यह डिग्री कॉलेज है ।
जहाँ एकमात्र फाइल में ही,
पूरी होती सब नॉलेज है ।
है हवा यहाँ की कुछ ऐसी,
जो देती मस्त बना जी को ।
तुम कॉलेज में पढ़ना सीखो !

यदि पढ़ने की जच जाये कभी
कक्षा में नोविल पढ़ा करो ।
जब नोट्स लिखाये प्राध्यापक,
तुम गीत प्रेम के पढ़ा करो !
ऐसा परिधान करो धारण,
कि कॉलेज के दादा दीखो ।
तुम कॉलेज मे पढ़ना सीखो !

तुम धूम्रपान करना सीखो,
सीखो फिल्मी गाने गाना ।
कहकर 'प्रजेन्ट सर' कक्षा से,
सीखो चुपचाप खिसक जाना ।
आ जाये नजर कोई छात्रा,
तो फाड़ गला 'या ·····हूँ चीखो !
तुम कॉलेज में पढ़ना सीखो !

जब आयें परीक्षायें समीप,
तो नोट्स कुँजियां ले आओ।
जो काम बने दो घन्टों में,
क्यों वर्ष समूचा घबराओ ?
कर कारतूस तैयार रात में,
सुबह कापियों में लिखो ।
तुम कॉलेज में पढ़ना सीखो !

स्मृति

राम किशोर शर्मा एम. ए., पूर्वार्द्ध (हिन्दी)

[अतीत के खण्डहरों की ओर देखने की अपेक्षा नूतन सृष्टि को खोज का भाव-साम्य प्रस्तुत कविता में द्रष्टव्य है। छात्र-सम्पादक]

स्मृति की रेख !
आ गईं तुम– किसलिए ?
किसने बुलाया ?

स्वप्न पाले थे–
नहीं देखे गए तब !
तोड़ डाले !
धूल कर डाले !
और चाहती हो-पुनः
तोड़ दूं—अस्तित्व को
व्यक्तित्व को
धूल बन जाऊँ ?
नहीं होगा !

बदल दी हैं दिशाएं,
भुलाया है-सभी बीता हुआ,
—सभी रीता हुआ,
त्याज्य होता है !

इसलिए-वह किरण जो चुक गई है-
साथ ले जाओ स्वयं के।
मैं, पुनः नूतन किरण
रौशनी से युक्त
खोज ही लूंगा !

अपनापन

शिवकरण एम. ए. पूर्वार्द्ध, (हिन्दी)

(अनजानी प्रेरणाएं जिन्दगी को किधर से किधर मोड़ देती हैं, और तब, आदमी के संकल्पों की क्या स्थिति होती है, उसका एक रूप प्रस्तुत रचना में द्रष्टव्य है। -छात्र-सम्पादक)

सोचा था:
जिन्दगी के लम्बे सफर में—
टीस और पीड़ा
गमगीन वादियां
टेढ़े-मेढ़े और ऊबड़-खाबड़ कंकरीले पथ
सभी तो आएंगे
लेकिन-

चलता रहूँगा
बढ़ता रहूँगा
लिए ओंठों पर मुस्कान
उफ तक न करेंगे—
तन और प्राण।
काश! तुम न मिलते।
पर तुम मिले—अनजानी भूल-से
स्नेह
ममता

अपनापन लिए—फूल से
लगे सँवारने-पंथ
संकल्पों का जैसे हो गया अन्त
हृदय की गहन कन्दराओं में छिपी हुई पीड़ा और टीस
सिसकीं
मचलीं
और दब गया-दर्द
फिर फूट पड़ा, आँखों की राह
मैं चुप हो गया,
भर के सिर्फ—आह !

अभिलाषाएँ

किशनसिंह यादव, तृतीय वर्ष (कला)

(अभिलाषा जब दुरभिलाषा बनने लगती है, वह त्याज्य होती है, इसलिए कि तब आदमी की आदमियत बिखरने लगती है। लेकिन जब अभिलाषा जिन्दगी को अर्थ प्रदान करने के लिए उपस्थित होती है, अभिनंदनीय होती है। प्रस्तुत कविता में पहले दुरभिलाषा का और फिर अभिलाषा का चित्रांकन है। -छात्र-सम्पादक)

इच्छा तो है बहुत, मगर कम पूरण होती,
लुप्त-प्राय: हो जातीं, कब सम्पूरण होती ?
नन्हें की तो अभिलाषा है, पढ़ लिख जाऊं,
लगे नौकरी अच्छी-सी, घर वेतन लाऊं।

नौजवान की इच्छा है शादी हो जाए,
गोरी सुन्दर मृगनयनी मुझ को मिल जाए।
खुश हो हो कर चरण पखारें राम के,
क्या परवाह है, रहें नहीं यदि काम के!

वृद्धों की तो इच्छा है—अब राम उठाए,
सुखी होय जर्जर शरीर अब सहा न जाए,
बहुत जी चुके राम तुम्हारे श्रीचरनन में,
शीघ्र बुलाओ रघुबंशी यम के महलन में।

ऊंचे कहते-नाथ! हमें अरु ऊंचा कर दो,
नोटों से तो भरी तिजोरी, हीरे भर दो।
उल्टे-सुल्टे उल्लू भगवन सीधे कर दो,
ब्लैक से या किसी तरह भंडारे भर दो।

सारी दुनियां प्रभु से ऐसा ही कहती है,
इसीलिये वह आज विकल बन कर रहती है।
मेरी भी कुछ अभिलाषाएं, हे गिरिधर,
अगर सुनो तो अर्ज करूं तुमसे मुर्लीधर।

पहली इच्छा यही कि वय यदि आधी भी हो,
हो मानव हितमात्र, योग्य सेवा के ही हो।
सब दुखियों के दु:ख प्रभु मुझ पर आ जावें,
पर दुनियां में दु:खी नहीं मुझ को नर पावें।

एक दूसरी इच्छा है, हे मेरे स्वामी,
मानव सचमुच हो मानवता का अनुगामी।
प्रेम नगर हो एक किनारा हर करती का,
और प्रेम ही थामे बस, आंचल धरती का।

और आखिरी इच्छा है, मैं जब जग छोड़ूँ,
किसी तरह से कफन तिरंगे का ही ओढ़ूँ।
भूल नहीं पाऊँ अन्तिम क्षण नाम तुम्हारा,
नहीं चाहिए फिर कोई भी अन्य सहारा।

उद्‌बोधन

जयप्रकाश गुप्त, तृतीय वर्ष विज्ञान

(कवि की कलम और वाणी की शक्ति का ही प्रभाव है, जो नव-परिणीता के प्रेम में डूबे युवक को सब कुछ छोड़ कर, देश की सीमा पर चढ़ आए दुश्मन पर भूखे शेर की तरह टूट पड़ने की प्रेरणा देती है। कवि की ऐसी ही ओजमयी वाणी प्रस्तुत कविता में है।
-छात्र-सम्पादक)

हुँकार उठो ऐ युवक देश के
दुश्मन को सबक सिखादो !
जो पौरुष को ललकार रहा
गीदड़-भभकी दिखलाता है
विद्वेष-भाव से राष्ट्र-प्रगति
पर जो कुदृष्टि उठाता है
खोलो तुम तन्द्रा के कपाट
जाओ जय घोष मचा दो
दुश्मन को सबक सिखा दो !

भारत की आत्मा की पुकार
है आग धधकती सीने में
ऐ वीर लाल, प्रण करो, उठो
लो पुण्य आज इस जीने में।
वैरी के दुस्साहस का
मद-भंजन कर, मजा चखा दो
दुश्मन को सबक सिखा दो !

स्मरण करो अपना अतीत
ऋषियों, मुनियों की तपोभूमि
फिर वीर शिवा, राणाप्रताप
लक्ष्मीबाई की जन्म भूमि
गांडीवों की टंकार पुनः कर
विश्व-कीर्ति का ध्वज फहरा दो
दुश्मन को सबक सिखा दो !

फिर विजय-पताका फहरावो
'माँ' की जय-गाथा गुंजित हो
सब थकें, मगर छू सकें नहीं
तुम से ऐसा यश संचित हो
गौरवशाली हो राष्ट्र महान
अरि का अस्तित्व मिटा दो
दुश्मन को सबक सिखा दो !

आदमी क्या है ?

सतीश कुमार, प्रथम वर्ष (कला)

('आदमी क्या है ?' दर्शन की सीमाओं में पड़ कर भी, यह प्रश्न, पूरी तरह उत्तरित नहीं हो पाया है। इसी प्रश्न के उत्तर का ही एक सन्दर्भ इस छोटी-सी कविता में प्रस्तुत किया गया है।
-छात्र-सम्पादक)

आदमी क्या है ?
मोम है,
दुख दर्द में पिघलता है।
आग है,
सूरज की तरह जलता है।
आदमी,
मुहब्बत में सिर तक झुका देता है,
जिसकी नफरत से खुदा तक का दिल दहलता है !

कॉलेज का गुलदस्ता

धन्ना प्र० शर्मा, प्रथम वर्ष, कला 'ब'

[गुलदस्ते में सजते हैं, वे फूल--जो खिल चुके हैं, और जिनकी महक से कमरा भर जाता है। प्रस्तुत गुलदस्ते और उसके फूलों में, कॉलेज और कॉलेज के आचार्य, उपाचार्य व विभागाध्यक्षों का सन्दर्भ है। गुलदस्ते में स्थान पाने की दृष्टि से वे फूल, जिनमें आकर्षण, सौन्दर्य और मधुर गन्ध है, केवल आकार की लघुता के कारण उपेक्षणीय नहीं हैं। कॉलेज को उद्यान का प्रतीक देकर, उसमें के ऐसे सभी फूलों के रूप और सुगन्ध के प्रस्तुतीकरण के सन्दर्भ में, कवि-छात्रों से आगामी पत्रिका के लिए वर्तमान छात्र-सम्पादक की एक बड़ी अपेक्षा है। क्या आप उसे पूरा करेंगे ? --छात्र सम्पादक]

गुलदस्ता कॉलेज का, प्रस्तुत है श्रीमान
महक सभी जन लीजिये, इसकी ससम्मान
आचार्य श्री दत्तात्रेय जी दाऊद गुलिस्तां के राजा
है कमल बीच श्री कृष्णराव, जिसकी सौरभ निशदिन ताजा
मन मोहन बसे मोगरे में, समाज-शास्त्र के ज्ञाता हैं
रवि शंकर बसे रेलिया में, जो अंग्रेजी के त्राता हैं
माधव को रुचती मौलश्री, हिन्दी की बिन्दी माथे पर
संस्कृताध्यक्ष श्री दिनेश चन्द्र, डेफोडिल में रहते सत्वर
हैं अर्थशास्त्र के पारंगत, विश्वेश्वर नाथ सदांविन में
मोतिया मनोहर को प्यारा, भूगोल प्रसारे जनगण में
रत्नाकर चित्रकलाधारी, बस गये रातरानी में ही
जोशी जी जयमाला धारे वाणिज्य विभाग गहे ये ही
कैलाश कुसुम हैं खिलते से, लेखा-जोखा भरपूर करें
ओंकार अरुण मुख में राजे, शोभा जो गणित-विभाग की हैं
अलबेले अजय अनार पुहुप, विज्ञान रसायन-राग के हैं
भौतिक-विज्ञान-शिरोमणि, श्री पराँजपे सौरभधारी
सुन्दर सुखधाम सुधीर, सुमन जन्तु-विज्ञान जिन्हें प्यारी
श्री कृष्णचन्द्र केसर-क्यारी, विज्ञान-वनस्पति के पंडित
जयनारायण का जश गूंजे जो, कृषि संकाय करे मंडित
यह मुश्क मधुर पशु पालक है, छौंकर महेन्द्र सिंह दुग्ध-विज्ञ
फूलों में फूल गुलाब अजब, जिसको ना जाने कभी अज्ञ
चम्पा है सुरभित श्रीधर से, जिनकी क्रीडायें बांकी हैं
बालक धन्ना हो अमर सदा, लख यह फूलों की झाँकी है
हरा-भरा निश-दिन रहे, रहे सवाई शान
गुलदस्ता खिलता सदा रखे, श्री भगवान

रेडार-यन्त्र

जयप्रकाश गुप्त, तृतीय वर्ष, विज्ञान

[१९६५ के भारत-पाक युद्ध के सन्दर्भ में 'रेडार' शब्द से प्रायः सभी परिचित हो गए होंगे कि रेडार-यंत्र हवाई हमले की पूर्व-सूचना और उसके निराकरण में कितना सहायक होता है। प्रस्तुत लेख में, इस महत्वपूर्ण यंत्र का स्वरूप, उसकी कार्य-प्रणाली और उपयोगिता बताई गई है।
—छात्र-सम्पादक]

'रेडार' शब्द की उत्पत्ति अंग्रेज़ी वाक्य 'रेडयो डिटेक्शन एन्ड रेन्जिग' से हुई है। 'रेडियो डिटेक्शन' से तात्पर्य है कि रेडार वस्तुओं का पता लगाने में तथा स्थान-निर्धारण में रेडियो-तरंगों का उपयोग करता है। 'रेन्जिग' दूरी मापन को कहते हैं। विभिन्न वस्तुओं की परास (Range) निकालने के अतिरिक्त रेडार यह भी बताता है कि वस्तु किस विशेष दिशा में स्थित है। रेडार-सेंट में एक विशेष प्रेषी, एक एरियल, एक संग्राही तथा एक निर्देशक होता है। वस्तुओं का पृथक्करण एक विशेष संकेत के प्रसारण द्वारा किया जाता है, जिसमें प्रायः रेडियो-तरंगों के स्पंदों-(Pulses) अथवा क्षणिक लहर का उपयोग होता है। प्रेषी, रेडियो-ऊर्जा को उत्पन्न करता है तथा एरियल उस ऊर्जा को प्रायः एक पतली रश्मि के रूप मे प्रेषित करता है। एरियल घूर्णन करते रहते हैं, जिसके कारण रश्मि रेडार के चारों और के क्षेत्र के ऊपर घूम जाती है। इन रेडियो-तरंगी रश्मियों के भीतर पड़ने वाली सभी वस्तुएँ थोड़ी सी ऊर्जा, रेडार-सेट की ओर परावर्तित कर देती हैं। जिस प्रकार साधारण रेडियो-संग्राही, प्रेषण केन्द्र से सीधे आने वाले संकेतों से समस्वरित हो कर उनका संग्रहण करता है, उसी प्रकार रेडार संग्राही भी परावर्तित संकेतों को पकड़ने के लिए समस्वरित (टयूब) रहता है और उन संकेतों को निर्देशक के पास पहुँचा देता है। वहाँ पर विशेष इलेक्ट्रोनिक परिपथ उस निर्देशन-चित्र की उत्पत्ति करते हैं, जिसमें रेडार-सेट के चारों ओर की वस्तुओं के स्थान दिखाई देते हैं।

रेडार-सेटों की रचना विविध उद्देश्यों की पूर्ति हेतु भिन्न होती है, परन्तु उसमें मुख्य अवयव प्रेषी, संग्राही ऐरियल तथा निर्देशक अवश्य ही होते हैं। साथ ही एक काल-निर्धारक तथा तुल्य-कालक की भी महत्वपूर्ण भूमिका है, जो अन्य अवयवों में होने वाली घटनाओं के अनुक्रम को नियंत्रित करता है। रेडार सेट का मुख्य भाग प्रेषी में, साथ ही तुल्य-कालक कार्य करता है। ये तुल्य-कालक प्रति सैकिंड प्रेषित स्पंदों की संख्या निर्धारित करते हैं तथा प्रेषी और निर्देशक को भेजे जाने वाले स्पंदों की तथा अधिक जटिल तंत्रों के लिए आवश्यक अन्य स्पंदों की उत्पत्ति करते हैं। यह कार्य-विशेष स्पंद-उत्पादक परिपथों मे नियोजित साधारण रेडिया नालियों द्वारा सम्पन्न किया जाता है।

अधिकांश रेडार प्रेषियों में जिस दोलक का उपयोग होता है, उसे 'मैगनीट्रोन' कहते हैं। लघु रेडियो-तरंगों को उत्पन्न करने का यह उपकरण एक विशेष प्रकार की निर्वात नली होती है, जिसमें उच्च आवृति वाली शक्ति वृहद्द मात्रा में उत्पन्न करने की क्षमता होती है।सूक्ष्म आकार वाला यह मैगनीट्रोन एक स्पंद के अवधि काल में कई लाख वाट तक की शक्ति उत्पन्न कर सकता है। ऐसा सम्पूर्ण प्रेषी बहुत ही छोटी जगह में स्थापित किया जा सकता है, जब कि ५०,००० वाट वाला रेडियो स्टेशन एक अच्छे लम्बे-चौड़े कमरे को पूरा भर देता है। 'रेडार मैगनीट्रोन' मुख्यतः एक तांबे के गुटके का बना होता है, जिसमें कई छिद्र अथवा कोटर होते हैं। इस ढांचे को ढकने वाली खोल के भीतर निर्वात होता है। ढांचे के केन्द्र पर कैथोड लगा होता है, जो मुक्त इलैक्ट्रोनों के स्रोत का कार्य करता है। एक लघु-वैद्युत-तापक द्वारा इलैक्ट्रोन उसी प्रकार 'उबालकर' बाहर किए जाते हैं, जिस प्रकार कैथोड-रश्मि नलियों अथवा साधारण रेडियों-नलियों में किए जाते हैं। परन्तु अत्यधिक स्पंद-शक्ति का उत्पादन करने के लिए,

मैगनीट्रोन के कैथोड को बड़ी संख्या में इलैक्ट्रानों का उत्सर्जन करना पड़ता है। जब सर्पिल गति वाले इलैक्ट्रोन कोटर-छिद्रों के सामने से सनसनाते हुए गुजरते हैं, तब वे कोटरों में वैद्युत-कम्पन आरम्भ करने का प्रयत्न करते हैं। मैगनीट्रोन के समस्त छिद्र अति उच्च प्रत्यावर्ती वोल्टता उत्पन्न करने के लिए टीम की तरह मिलकर कार्य करते हैं। एक कोटर से निकला हुआ छोटा सा कुन्डल (लूप) मैगनीट्रोन के भीतर से उत्पादित शक्ति को बाहर ले जाता हैं। वहाँ से संचरण लाइनें आकाश में प्रेषणार्थ इस शक्ति को एरियल में पहुँचा देती हैं। एरियल स्पंदों को पतली रश्मि के रूप में प्रेषित करता है। यह एरियल, जो कि प्रायः कटोरे के आकार का होता है, रश्मि के केन्द्र से लौटने वाले प्रतिनादों के लिए सर्वाधिक सुग्राहक होता है।

युद्धरत-रेडार

रेडार-सेटों का उपयोग सर्वप्रथम जर्मनी ने १९३९ में ब्रिटेन के विरुद्ध सफलतापूर्वक कर विश्व में ख्याति प्राप्त की थी। आजकल इनका प्रयोग वायुसेना, जलसेना व खगोल-विज्ञान में विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। उसी के अनुरूप उनकी रचनाएँ की जाती हैं। कुछ सेट भूमि या जलयान पर लगे होते हैं और आकाश में वायुयानों का निरीक्षण करते रहते हैं, कुछ अन्य जलयानों का पता लगाने के लिए पानी की सतह का अन्वेषण करते रहते हैं। विमानों में बैठाए हुए रेडार-सेट चालन के हेतु विभिन्न भूमि-चिन्हों की तलाश करने के लिए भूमि और जल की सतहों का सर्वेक्षण करते हैं। विशेष प्रकार के सैनिक और नाविक-सेट वायुयानों तथा जलयानों की गतिविधि का इतना यथार्थतापूर्वक प्रेषण करते हैं कि गोलाबारी के लिए पर्याप्त सूचना मिल जाती है। कुछ सेटों में तो यहाँ तक व्यवस्था रहती है कि तोप का निशाना स्वतः ही ठीक हो जाता है।

कुहरे अथवा अँधेरे में

रेडार-सेट में माइक्रो रेडियो-तरंगों का उपयोग होता है, जो शक्तिशाली सर्चलाइट की तरह आकाश में रश्मि के रूप में प्रेषित होती है तथा वायुमंडलीय विकारों में निर्बाध यात्रा करती हैं। सर्चलाइट को फेल कर देने वाले अंधेरे में भी इससे प्रत्येक वस्तु अक्षरशः दीख सकती है।

वस्तुएँ और उनका परिपार्श्व

रेडियो-तरंगें पूर्णता प्रकाश की तरह ही परावर्तित होती हैं। विभिन्न वस्तुएँ और उनके आसपास के वातावरण से प्राप्त परावर्तनों के आधार पर ही वस्तुओं के आकार, गति आदि के बारे में पता चल जाता है। जल की सतह से प्राप्त परावर्तन क्षीण होते हैं तथा पहाड़ों की नोकों, चट्टानों और शहरी मकनादि से प्रबल परावर्तन लौटते हैं, जिनसे शहर, जल आदि की उपस्थिति का अनुमान लग जाता है, क्योंकि भूमि-स्थित वस्तुओं से प्राप्त परावर्तन, नीचे उड़ने वाले विमानों के परावर्तन को अदृश्य कर सकते हैं, जैसा कि विमानों की अपेक्षा इमारतों से प्राप्त परावर्तन तीव्र होते हैं, रेडार प्रायः नीचे उड़ते, शहरी सीमा में विमानों को पकड़ने में असफल हो जाता है। इसी प्रकार रेडार तरंगें पृथ्वी की सतह के भीतर नहीं घुस सकती, पानी और भूमि दोनों लघु-रेडियो-तरंगों का परावर्तन कर देते हैं। दृष्टि रेखा से नीचे होने के कारण क्षितिज से अधिक दूर की वस्तुएँ अभिव्यक्त नहीं हो सकतीं। ये समस्त जानकारी वातावरण की प्रत्येक स्थित का अवलोकन कराने में सहायक है। अधिक दूरी पर वस्तु होने पर, रश्मि इतनी ज्यादा फैल जाती है कि उसकी पूर्ण ऊर्जा का एक न्यूनतम अंश ही उस वस्तु पर पड़ता है, अतः परावर्तन क्षीण होते हैं। जैसे-जैसे वस्तु रेडार से दूर बढ़ती जाती है, उससे प्राप्त परावर्तनों की तीव्रता कम होती जाती है। अतः दूरस्थ विमानों को चित्रित करने के लिए रेडार से पतली रश्मि डाली जाती है और उस पर तरंगें अधिक संकेन्द्रित होने से प्रतिनाद प्रबल हो जाते हैं।

दूरी और दिशा-निर्धारण : किसी वस्तु की दूरी का निर्धारण रेडियो-तरंगों के आने-जाने के समय को नापकर किया जाता है। उसकी दिशा का ज्ञान एरियल द्वारा तीव्रतम प्रतिनाद-संग्रहण के लिए आवश्यक ऊर्जा-रश्मि के प्रेषण की दिशा को देखकर किया जाता है। रेडियो-प्रतिनादों में कालान्तर का मान अति न्यून होता है। ये एक सैकिन्ड में १८६३०० मील चल लेती हैं। अर्थात्

यदि कोई हवाई जहाज रेडार-सैट से १ मील की दूरी पर स्थित हो, तो रेडियो-तरंगें उसके पास एरियल से रवाना होने के ५·३७५ माइक्रो सैकिन्ड पश्चात् पहुँच जायेंगी। लौटकर आने तक कुल इसका दुगना समय लगेगा। १ गज आने-जाने की यात्रा का समय ·००६१ माइक्रो सैकिन्ड होता है और १००० गज दूर की वस्तु तक आने-जाने का समय ६०१ माइक्रो सैकिंड होता है। इस प्रकार विभिन्न यंत्रों से समयान्तर काल ज्ञात कर वस्तु की दूरी ज्ञात कर ली जाती है। यदि कोई वस्तु स्पंद की आधी लम्बाई से कम दूरी पर स्थित हो, तो प्रेषित मूल स्पंद प्रतिनाद के कुछ न कुछ अंश को तो दबा ही देगा। वायुयान को रेडार-एरियल से ५०० फीट की दूरी पर मान लिया है। १ माइक्रो सैकिंड वाले स्पंद के लिए यह लघुत्तम परास है।

वस्तुओं का पृथक्करण : रेडार-निर्देशक, दो निकटवर्ती वस्तुओं को उसी अवस्था में पृथक्-पृथक् दिखा सकता है, जब उनसे प्राप्त प्रतिनाद पृथक् और स्पष्ट हों। जब दोनों वस्तुएँ साथ ही रेडार-रश्मि के अन्तर्गत हों, तो उनका पृथक्करण स्पंद की कालावधि पर निर्भर करता है। अधिक समीप की वस्तुओं को पृथक निर्दशित करने के लिए स्पंद की कालावधि घटा दी जाती है।

इस प्रकार रेडार आधुनिक युग में एक अत्यंत महत्वपूर्ण हथियार है। जिस देश की रेडार-व्यवस्था जितनी कुशल और सुदृढ़ होती है, वहाँ की सीमाएं अधिक सुरक्षित रह सकती हैं। वैसे रेडार शान्ति काल में भी विभिन्न उपयोगी अन्वेषणों के लिए प्रयुक्त होता है। चन्द्रमा के बारे में विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में इसने बहुत सहयोग किया है।

●●

आदतों का महत्व

प्रबोध कुमार पाटोदी, प्रथम वर्ष, कला

[एक कार्य को निरन्तर करते रहने से उसे करने की आदत पड़ जाती है। अगर कार्य अच्छा है, तो आदतें भी अच्छी होंगी और बुरा होने पर बुरी। निस्सन्देह जीवन में अच्छी आदतों की उपयोगिता व्यक्ति और समाज, दोनों के लिए होती है। इसलिए आदतों का बड़ा महत्व है और इसी महत्व को प्रस्तुत लेख में बताया गया है। छात्र-सम्पादक]

जब हम किसी काम को बराबर करते हैं, तो हमारा मन उस बात को ग्रहण कर लेता है, और शरीर का व्यापार उसी के अनुकूल होने लगता है, क्योंकि मन ही शरीर को चलाता है। जैसे हमें हॉकी खेलने जाना है, तो पहले इसका विचार हमारे मन में उठेगा। विचार आने पर हम जाने की तैयारी करेंगे, कपड़े पहनेंगे, जूते पहनेंगे और हॉकी लेकर घर से निकलेंगे। तब चलकर खेल के मैदान में पहुँच कर खेल सकेंगे। अगर विचार ही न उठे, तो काम कैसे होगा?

किसी एक ही काम का अभ्यास करते-करते आदतें बन जाती हैं। वे मन में इतनी गहरी बैठ जाती हैं कि उस काम को करने के लिये न तो हमें सोचना ही पड़ता है, और न शरीर के साथ खेंच-तान ही करनी पड़ती है।

मान लो, कि हम देर से सोकर उठते हैं। अब हमने यह तय कर लिया, कि हम प्रतिदिन प्रातःकाल ५ बजे उठा करेंगे। आरम्भ में हमें शरीर को इस विचार के अनुसार चलाना पड़ेगा। घड़ी का अलार्म लगा कर या अपनी माँ से कह कर कुछ दिन हमें पाँच बजे उठने का अभ्यास करना ही पड़ेगा। रोज-रोज ऐसा करते रहने से हम देखेंगे कि कुछ ही दिनों में बिना विशेष प्रयास किए हम पाँच बजे जाग उठते हैं। उस समय वह हमारी आदत में शामिल हो जायगा।

इन आदतों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व होता है। बचपन ही एक ऐसी उमर है, जब हर बात के अंकुर हमारे मन में जमते हैं। जो आदतें इस उमर में पड़ जाती हैं, वे आखिर तक कायम रहती हैं। इस उमर में पड़ी हुई खराब आदतों को दूर करने के लिये बड़ा प्रयत्न करना

पड़ता है। इसलिए हमें अच्छी आदतें ही डालनी चाहिए, क्योंकि अच्छी आदतें ही हमारी उन्नति की सीढ़ियाँ हैं। जब ये आदतें अच्छी होती हैं, तो सद्गुण कहलाती हैं। और इन्हीं से व्यक्ति की महानता आँकी जाती है।

एण्ड्रयू जानसन अमेरिका के प्रेसीडेण्ट हो गए थे। वे पहले दर्जीगीरी का काम करते थे। मगर उनमें बहुत सी अच्छी आदतें थीं। दर्जीगीरी में भी वे लगन के साथ अच्छा काम करते, समय की पाबन्दी रखते, और मित्रों के साथ अच्छा व्यवहार करते थे। इन्हीं आदतों के कारण वे बढ़ते-बढ़ते एक दिन प्रेसीडेण्ट के महान पद पर पहुँच गए।

एक बार वह वाशिंगटन नगर में व्याख्यान दे रहे थे। एक व्यक्ति ने उन पर ताना कसा, कि "क्या दर्जीगीरी की बात भूल गए?"

एण्ड्रयू साहब ने बुरा नहीं माना और उत्तर दिया—"महाशय, मैं दर्जीगीरी की बात नहीं भूल सकता, क्योंकि उस पेशे से मैंने बहुत उम्र तक गुजर की है। अब मैंने वह पेशा छोड़ दिया है, तो भी उस समय की अच्छी आदतें मुझ में आज भी मौजूद हैं। मुझे यह कहने में कोई शर्म नही हैं, कि दर्जीगीरी के ही गुणों ने मुझे इस स्थान तक पहुँचाया है।"

अब आप समझ गए होंगे, कि आदतें ही व्यक्ति को बड़ा बनाती हैं। इसलिए सदैव अपनी आदतों के प्रति सावधान रहिए, और छोटे-छोटे कामों में भी अपनी आदतों को खराब नहीं होने देना चाहिए।

छोटे-से-छोटा जो भी काम हाथ में लो, उसे अच्छे-से-अच्छा करिए। यह मत सोचिये कि अमुक काम छोटा है, इसे झटपट, चाहे जैसे, कर डालें, बड़े काम को ढंग से करेंगे। छोटे काम को भी योग्यतापूर्वक करने की आदत बनाइये। इसके बाद ही आप बड़े काम ठीक तरीके से कर सकेंगे।

समय की पाबन्दी करिये। सो कर उठना, पढ़ना, नहाना-धोना, कॉलेज जाना, खेलना-कूदना, सब समय पर करिये। हर काम का समय निश्चित कर लीजिये। उसी के अनुसार काम करिये। यह आपके खुद करने की बात है। घरवाले या दूसरे लोग जब आपका समय जान जायेंगे, तो विश्वास रखिये, कि वे भी आपसे समय के अनुसार ही काम लेंगे। किसी के यहाँ जाने का, किसी से अपने घर मिलने का सदैव निश्चित समय दीजिए, और जो समय आपने उसे बताया है, उसकी दृढता से पाबन्दी कीजिये। यदि आपको उसमें, कष्ट भी होता है, तो होने दीजिये। समय की हमेशा कीमत करिये! खोया हुआ समय दुबारा आपको प्राप्त नहीं होगा।

सद्व्यवहार का अर्थ है, दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार। जो बात या आचरण आपको बुरा लगता है, उसे दूसरे के प्रति मत करिये। नम्रता और मधुर भाषण करना सीखिये।

यदि आपमें उक्त तीनों सद्गुण मौजूद हैं, तो उन्हें और उन्नत बनाइये, और यदि इनका अभाव है, तो अपनी आदत में इन्हें शामिल करिये। यह बिना पैसे के रत्न हैं, जो हर किसी को थोड़े ही प्रयास से प्राप्त हो सकते हैं, और प्राप्त हो जाने पर इनसे जी-चाही वस्तु खरीदी जा सकती है।

●●

"आदत या तो मनुष्य की सबसे अच्छी सेविका है या सबसे बुरी मालकिन"।

—एमर्सन

डॉ० राममनोहर लोहिया

लखपतराज भण्डारी, एम० ए० (पूर्वार्द्ध) भूगोल

(युग-युग से शोषित और पीड़ित मानव के हितों की वकालत करने वाले और उनके हकों के लिए लड़ने वाले व्यक्तित्व बहुत कम हुए हैं। जो हुए हैं, उनमें भारत के समाजवादी नेता स्वर्गीय डा० राम मनोहर लोहिया का नाम भी प्रमुख है। प्रस्तुत लेख में, डा० लोहिया के जीवन और जीवन-दर्शन का चित्र है।
---छात्र सम्पादक)

जीवन पर्यन्त शोषित एवं पीड़ित मानव की सशक्त वकालात करने वाले मसीहा डॉ० राममनोहर लोहिया गत ११ एवं १२ अक्टूबर के संधिकाल में सदा के लिये हमसे छीन लिये गये !

क्रूर काल ने डॉ० लोहिया के रूप में एक ऐसा व्यक्तित्व इस धरती से उठा लिया, जिसकी कि आज भारत को ही नहीं, दुनियां को आवश्यकता थी। सदा शोषित एवं पीड़ित मानव के हितों की वकालत करने वाले मसीहा डॉ० राममनोहर लोहिया का सम्पूर्ण जीवन एक ऐसे अनूठे संघर्ष का इतिहास है, जिसका उदाहरण शायद अन्यत्र देखने को न मिले।

राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण विषयों पर दार्शनिक लोहिया न केवल खुलकर बोलते ही थे, वरन जहां भी और जब भी सम्भव हुआ, तत्-सम्बन्धी जन आन्दोलनों का नेतृत्व करने अथवा स्वयं सत्याग्रही बनने में भी कभी पीछे न रहे। राष्ट्रभाषा हिन्दी के सम्बन्ध में विचारक लोहिया ने जिस स्पष्टवादिता का परिचय दिया, उसे क्या कभी भुलाया जा सकता है ?

पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति से अच्छी तरह परिचित होते हुए भी डॉ० लोहिया आजीवन विशुद्ध भारतीय बने रहने में ही गौरव अनुभव करते रहे। एक बार उन्होंने कहा था– "गुलामी की तमाम यादगारें खत्म किए बिना हम मानसिक गुलामी से उऋण नहीं हो सकते। अंग्रेजी हमारी आजादी पर एक कलंक है इसे मिटाए बिना हम आजादी से दूर हैं ।"

शासन में जमे दो-तीन लाख स्वार्थी लोगों की अंग्रेजी भक्ति के प्रति उनके दिल और दिमाग में नफरत की आग थी। तभी तो (चौखम्भा) के १४ मार्च ६७ के अंक में उन्होंने स्पष्ट रूप से लिखा था– "सामन्ती अंग्रेजी भाषा का तिरस्कार किए बिना लोकनीति निखरेगी नहीं। सार्वजनिक जगहों पर अंग्रेजी गिट-पिट करने वालों का तिरस्कार करो। हिन्दुस्तान के साधारण लोग अपने अंग्रेजी के अज्ञान पर लजाएं नहीं, बल्कि घमण्ड करें। इस सामन्ती भाषा को उन्हीं के लिए छोड़ दें, जिनके मा-बाप अगर शरीर से नहीं तो आत्मा से अंग्रेज रहे हैं।"

सन् १९६३ के उपचुनाव में प्रथम बार विजयी बनने वाला यह संसद-सदस्य चार वर्ष की अल्पकालीन अवधि में ही एक ओर जहां सतारूढ़ दल के लिये सिरदर्द बन बैठा वहां दूसरी ओर आम लोगों की आशाओं का केन्द्र भी बन गया। सम्भवतः संसद के इतिहास में डॉ० साहब पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने आप जनता के हितों की पैरवी करते समय अपने मान-अपमान, यश-अपयश, हानि-लाभ की तनिक भी परवाह नहीं की। वे निडर और निर्भीक बनकर जागरूक जन-प्रहरी के रूप मे तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर शासन-संचालकों की खुलकर आलोचना करते रहे।

डॉ० लोहिया, उन गिने-चुने व्यक्तियों में से थे, जिन्होंने राजनीति को पेशा समझ कर नहीं, वरन् सेवा की भावना से अपनाया। उन्होंने अन्याय के आगे झुकना और रुकना तो कभी सीखा ही नहीं। परिस्थितियों से समझौता करके चलना उनके लिए प्रिय नहीं था। आजीवन अविवाहित रहने वाले डॉ० साहब ने अपने बारे में केवल इतना ही कहना पर्याप्त समझा– "आज मेरे पास कुछ नहीं है, सिवाय इसके कि हिन्दुस्तान के साधारण लोग और गरीब सोचते हैं कि मैं शायद उनका आदमी हूं!" डॉ० साहब के उपरोक्त कथन की सत्यता तो इसी बात से आंकी जा

जा सकती है कि उनकी १० दिनकी बीमारी के दौरान दिल्ली के विलिंग्डन अस्पताल में उन्हें देखने आने वालों में इसी तबके के लोग, संख्या में, सबसे अधिक थे। बीमारी के दौरान जब भी उन्हें होश आया, वे यही कहते पाये गए– "करोड़ों का क्या होगा ? गरीबों का क्या होगा ? किसान-मजदूरों का क्या होगा ? इतना ही नहीं एक बार समाजवादी लोहिया जी ने अपने को एक दर्जन डाक्टरों से घिरा देखकर कहा– "एक आदमी के लिये इतने डाक्टर ! अगर करोड़ों के लिये हों तब न बात बने !" कितनी चिंता, वेदना एवं दुःख-दर्द था-उनके दिल में, दबे-पिसे आम लोगों के प्रति !

बैंक-बेलेन्स बनाना तो दूर रहा, ५७ वर्षीय डॉ० साहब रहने के लिये अपनी झोंपड़ी भी नहीं बना पाए। श्री गोलवलकर जी के शब्दों में "वे सदैव राष्ट्र का हित सर्वोच्च मानते थे।" तो बख्शी गुलाम मुहम्मद के शब्दों में, "वे दूसरों के लिये जीने वाले व्यक्ति थे।" इतना ही नहीं राष्ट्रपति डॉ० जाकिर हुसैन के अनुसार "महान् देश-भक्त और जीवन भर विद्रोही लोहिया जी ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्ग के लिये उत्सर्ग कर दिया। डॉ० लोहिया के बिना देश का सार्वजनिक जीवन सूना-सा हो गया।" अतः क्रान्तिकारी लोहिया की देश-भक्ति में लेशमात्र भी संशय की गुजांइश नहीं है।

विशुद्ध राष्ट्रीयता के पोषक लोहिया जी ने १९५२ में सोशलिस्ट पार्टी के पचमढ़ी सम्मेलन में कहा था– "नीतियों को उधार लेने की आदत समाजवादियों को छोड़ देनी चाहिए। वास्तव में पश्चिमी पूंजीवाद और कम्यूनिज्म एक ही सभ्यता के दो अंग हैं।" उनकी इस स्पष्टवादिता की वजह से आजादी की लड़ाई लड़ने वाले इस सिपाही को अपने ही आजाद मुल्क में अपने ही निकटतम लोगों से भी कभी-कभी तो अकेले ही जूझना पड़ा।

समाजवाद का कट्टर और प्रभावशाली हिमायती, गरीब मजदूरों एवं किसानों का हितैषी, भारतीय सभ्यता और संस्कृति का पोषक, महान् विचारक, क्रान्तिकारी सुभाष एवं गांधी का पथानुगामी, महान् दार्शनिक और राष्ट्र प्रेमी-डॉ० लोहिया इतना सब कुछ सम्भवतः इसीलिए कर पाए, क्योंकि वे इस मिट्टी से, इस मिट्टी के लिये बने थे !

डॉ० लोहिया चाहते, तो अपना जीवन आसानी से ऐशो-आराम से बिता सकते थे। लेकिन उन्होंने गरीब और पीड़ित मानव को ऊपर उठाने के संघर्ष में अपने को जीवन भर झोंके रखा, और अन्त समय में भी इसी चिन्ता को लेकर इस दुनियाँ से प्रस्थान किया। ऐसे महामानव को हमारा कोटि २ प्रणाम ! ●●

"यदि हिन्दू ही हिन्दुत्व का रक्षण नहीं करते, यदि भारत के अपने पुत्र ही अपने धर्म के प्रति दृढ़ नहीं रहते तो इसकी रक्षा कौन करेगा ? केवल भारत ही भारत की रक्षा कर सकता है। भारत तथा हिन्दुत्व एक हैं।"

—डा. श्रीमती ऐनीबेसेंट

हास्य एकांकी—

पर्दा उठने से पहले

नगेन्द्रकुमार, द्वितीय वर्ष विज्ञान

[दुःख में सुखानुभूति और सुख में आनन्दानुभूति के लिए हास्य का सहारा कम महत्वपूर्ण नहीं होता। प्रस्तुत हास्य एकांकी को स्टेज पर पर देखकर संभवतः उतना आनन्द प्राप्त न होता, जितना इसे पढ़कर होता है। —छात्र सम्पादक]

पात्र— हरि—नाटक का प्रबन्धक,
श्याम, नरेश—नाटक में पार्ट करने वाले
हरि के मित्र,
शीला—आधुनिक फैशनपरस्त युवती
नौकर व एक दो व्यक्ति

(मेक-अप रूम में खूब शोर हो रहा है। सभी अपने अपने को सजाने सँवारने में लगे हैं। कुछ सामान गिरने, कुछ खिसकाने की आवाज आती है। कुछ व्यक्ति व एक दो युवतियाँ भी इसी कमरे में हैं, वे भी अपने को अपने अपने पात्रानुकूल रूप दे रही हैं।)

श्याम—अरे ओ हरि, जरा यह टाई तो बांध देना।

हरि—अपने आप बांधो और मैं पूछता हूँ, तुम एक भारतीय होते हुए भी यह कपड़े का टुकड़ा क्यों जबर्दस्ती गले बांधने का प्रयत्न कर रहे हो।

श्याम—(झुंझलाते हुए) – देख-देख लेक्चर न झाड़। बड़ा आया है भारतीय बन कर। अरे टाई के बिना तो सारी पर्सनल्टी ही जाती रहती है।

हरि—.... और बेटा किसी 'दादा' ने टाई के नीचे वाले भाग को कस के खींच दिया तो सारी पर्सनल्टी धरी की धरी रह जायेगी।

श्याम—सुन-सुन यह सब शरीफों के साथ नहीं होता।

हरि—क्यों रे। तू कब से शरीफों की गिनती में आ गया ?

श्याम - अच्छा छोड़ पहले यह बता तू टाई बांधेगा या नहीं ?

हरि—टाई की 'नॉट' बांधना बता दे, टाई मैं तेरे बांध दूंगा।

श्याम—अरे 'नॉट' ही आती तो तेरा लेक्चर अब तक खड़ा खड़ा सुनता क्या ? (मजाकी लहजे में) अच्छा बेटे अब पता चला कि तुझे भी टाई बांधनी नहीं आती।

हरि—आती है।

श्याम—तो बांध ना।

हरि—नहीं भाई विदेशी चीज न तो बांधेंगे न घर में किसी को बांधने देंगे।

श्याम—तो बेटा उतार पैण्ट-कमीज, ये भी तो विदेशी हैं।

हरि - नकल करो जरूर लेकिन अक्ल भी काम में लिया करो। मुझे पैण्ट-कमीज पहननी आती है, इसलिए पहनता हूँ, तुझे टाई बांधनी आती नहीं, लेकिन जनाब बांधेंगे टाई ही।

श्याम - (गुस्से में)—बस-बस, खामोश।

हरि—क्यों ?

श्याम—'क्यों' क्या, मैं किसी और से बंधवाता हूँ। आखिर ड्रामे में एक ऊँचे ओहदे वाले अफसर का रोल अदा करना है।

(श्याम जाता है, हरि खड़ा २ मुस्कुराता है। हरि (अपने ही आप से)–श्याम को देखो क्लर्की करते २ मर जायेगा लेकिन आज ड्रामे में अफसर का रोल क्या मिला, समझता है कि बस मैं ही मैं हूं आज तो ! इसी बीच एक नौकर 'माइक' लाकर उस कमरे में रख जाता है जिससे वहां की (मेक-अप रूम की) आवाज स्टेज पर भी जाती है।)

हरि—नरेश, अरे भाई अभी तक तो तुमने पैण्ट तक नहीं पहनी।

नरेश—भाई साहब, डायरेक्टर साहब कहते हैं 'वह' पेंण्ट पहनो।

हरि—कौन सी ?

नरेश—अरे वही जिस की मोहरी १९ इंच है। अब तुम ही सोचो, मैं ऊँची पर्सनल्टी वाला भला उस 'घाघरा' टाइप पेण्ट को पहनूंगा ?

हरि—(प्यार से उस के गाल पर हाथ फेरते हुए)—नहीं-नहीं, हमारा राजा बेटा उसी पेंण्ट को पहन कर पर्सनल्टी थोड़े ही खोना चाहता है। (गुस्से में) देख, पार्ट करना है तो उसी को पहनना होगा।

नरेश—अरे, पापे मुझे समझा क्या है। ऐसे ड्रामे को लात मार कर किसी दूसरे में पार्ट करूंगा लेकिन ‥।

हरि—(मुंह बनाते हुए) — करूंगा ३ इंच की मोहरी वाली पैण्ट पहन कर।

नरेश—अगर मुझ से पार्ट करवाना है तो मेरे मन-पसन्द पैंण्ट लादो।

हरि—(गुस्से मे)—बेटा, सर्टिफिकेट लेने के लिए ता चड्डी पहन कर भी स्टेज पर आ जायेगा लेकिन पार्ट करेगा चुस्त नहीं, नहीं 'टाइट' पंण्ट में। (अपने आप से कहता है) बुरा हो इन अमेरिका वालों का। सारी हवा ही बिगाड़ दी। क्या निकाली है वो 'अमेरिकन कट'। (हंसता है)

(बाहर से हंसी की आवाज आती है, हरि अपने ही में मस्त है।)

नरेश—मुझ से कुछ कहा भाई साहब।

हरि—नहीं बेटे तुझ से कोई क्या कह सकता है। लेकिन एक बात कहता हूं-तुमने कभी 'चार्ली चैपलिन, का नाम सुना है।

नरेश—(उत्सुकता से)—हाँ-हाँ, क्यों ?

हरि—तुम्हें पता है, वह अपनी कॉमेडी के लिए कितना प्रसिद्ध है ?

नरेश—है तो।

हरि—इस का रहस्य जानता है।

नरेश—नहीं।

हरि—बेटा उसकी प्रसिद्धि का रहस्य है 'ढीली-ढीली पेंण्ट' तुम अन्दाज लगा सकते हो उसकी पेंण्ट की मोहरी क्या होगी ?

नरेश—यही ज्यादा से ज्यादा १९ इंच

हरि—तब बेटे उस की पिक्चर देखो और मुझे बताओ उसकी पेंण्ट की मोहरी कितनी है।

नरेश—अच्छा भाई तुम्हीं बताओ।

हरि—कम से कम उसकी मोहरी होगी २२-२३ इंच। बेटे, उसके पैर के जूते भी दिखाई नहीं देते। ऊपर से तुर्रा यह कि बार २ ऊपर खींचता है मतलब ढीली-ढाली और हद से ज्यादा लम्बी।

(फिर हॉल में बैठे लोगों का ठहाका सुनाई देता है।)

हरि—(नरेश से)-ये बाहर के लोग क्यों हंस रहे हैं ?

नरेश पता नहीं आपस में ही चुहल हो रही होगी।

(हरि इस बात से आश्वस्त हो उस तरफ कोई ध्यान नहीं देता।)

नरेश—अच्छा भाई साहब ठण्डे दिल से कहो क्या मुझे वही पैण्ट पहननी है ?

हरि—(निर्णयात्मक रूप से)-हाँ वही।

नरेश—ठीक है इस ड्रामें में पहन लेता हूँ। फिर कभी पहनूं तो नाम बदल देना।

(नरेश का पेंण्ट पहनने चला जाना। हरि अपनी जगह खड़ा-खडा सोचता है-आज यह ड्रामा भी होगा या नहीं। इतने में इक युवती उसकी ओर आती हैं।)

शीला—देखिए भाई साहब यह हमारी सरासर तौहीन है कि हमें सूती साड़ी दी जा रही है और न ही पाउडर है नही लिपस्टिक।

हरि—इस में तौहीन की क्या बात है ?

शीला—मैं आप से अन्तिम बार कह रही हूं कि मुझ से अगर नाटक में पार्ट करवाना है तो 'टेरिलीन' की साड़ी मंगा दीजिए।

हरि—(गुस्से में मुंह बना कर चिढ़ाते हुए)-टेरीलिन की साड़ी मंगा दीजिए । हूं-हूं, आप बेशक यहाँ से जा सकती हैं ।

शील—क्यों ?

हरि—क्यों कि आपकी पसन्द का यहाँ कोई मूल्य नहीं । घर में भले ही सात रुपये वाली पैबन्द लगी सूती साड़ी पहन कर दिन गुजारेंगी लेकिन यह ड्रामा है इसलिए जोर-जबर्दस्ती कर रही हैं !

(बाहर से लगातार ठहाकों की आवाज आती है । हरि बार-बार चौंकता है लेकिन ध्यान नही देता । सोचता है होगी कोई बात ।

शील—(हरि से)-तो आप का फैसला है कि वही पहन कर पार्ट करूँ ।

हरि—जी, हाँ ।

(शील भुनभुनाती हुई चली जाती है । हरि खड़ा-खड़ा सोचता है । अचानक उसका ध्यान पास रखे माइक पर जाता है और तत्काल ही बाहर के ठहाकों का कारण उसकी समझ में आ जाता है, उसे बड़ा पश्चाताप होता है कि अन्दर की सारी बातें बाहरी लोग सुन२ कर आनन्द ले रहे हैं ।)

हरि—(खीज कर)—नरेश ।

नरेश—(नेपथ्य से)—हाँ भाई साहब ।

हरि—(गुस्से में)—क्यों बे पैण्ट नही पहनी ?

नरेश—(हरि से)—डॉयरेक्टर साहब कह रहे हैं, आज नाटक नहीं होगा ।

हरि—(गुस्से में) नाटक के बच्चे यह माइक मेरे पास क्यों छोड़ गया था, अब क्या और नाटक दिखाना बाकी रहा, बेटा नाटक तो पर्दा उठने से पहले ही हो गया ।

नरेश—आश्चर्य से—सो कैसे ?

हरि—(निराश स्वर में)—फुर्सत में आना सब समझाऊँगा । (गुस्से में) और बेटे अपनी अमेरिकन कट पैण्ट पहन कर खूब 'रॉक एन राल' करो ।

(बाहर से फिर ठहाकों की आवाज आती है)

नरेश—तो भाई साहब मुझ पर क्यों नाराज हो रहे हो ?

हरि—(हतोत्साहित सा) —बाज आया मैं तो नाटक करवाने से । यह अच्छी रही पर्दा उठने से पहले ही नाटक हो गया ।

(बाहर से फिर ठहाकों की आवाज आती है, हरि का ध्यान फिर माइक पर चला जाता है जो अभी तक वहीं रक्खा है ।)

हरि—(झल्ला कर माइक पर हाथ रख करके)—नरेश के बच्चे अभी तक यह नहीं हटाया ।

नरेश—(दूर से)—आता हूँ भाई साहब ।

हरि—अब आयेगा तो बेटा तेरा ही नाटक बना दूंगा । (हरि गुस्से में माइक फेंक देता है और सिर पर हाथ रख कर बैठ जाता है । पर्दा उठता है तो हॉल बिल्कुल खाली होता है, पर्दा फिर गिर जाता है ।)

(शेष पृष्ठ ८ का)

उन्हें शर्मा जी एवं बनारसी जी के साहित्य का अवगाहन करना चहिए । 'चहचहाते चिड़ियाघर' का वह नायाब प्राणी और 'बनारसी इक्के' का वह बेढब सवार अब हमारे बीच नहीं रहा ! किन्तु उनकी साहित्यिक देन हमें सदैव आह्लादित करती रहेगी । सम्पादकाचार्य अम्बिका प्रसाद बाजपेयी हिन्दी-पत्रकारिता की ऐसी कड़ी थे, जो कि 'पुरातन' एवं 'नूतन' का संघिस्थल कहा जा सकता है । वे मृत्युपर्यन्त पत्रकार का कठोर जीवन अपनाए रहे । उन्होंने कभी किसी के सामने हाथ नहीं पसारे । उनकी मृत्यु से हिन्दी-पत्रकारिता का एक युग ही समाप्त हो गया । माखनलाल चतुर्वेदी के निधन के साथ 'राष्ट्रीय कविता' का एक मूर्धन्य कवि, जिससे कभी नवीन, सुभद्रा और हरिकृष्ण

प्रेमी जैसे सुकवियों ने प्रेरणा ग्रहण की थी, और जो आजीवन राजनीति एवं साहित्य जगत् के एक प्रबल सूत्रधार रहे, वे भी हमारे रिक्त होते हुए कोष को और भी कंगाल कर गए। राष्ट्रीय स्वाधीनता का यह अग्रगी कवि हिन्दी की गरिमा का 'हिम किरीट' था और उसकी प्रबल वाणी हिन्दी-कविता के ओजस्वी कंठ की शृंगार थी!

१२. वेद-मूर्ति महर्षि सातवलेकर का सार्वजनिक अभिनन्दन

पं. सातवलेकर ने शताधिक वर्षों तक जीवित रहकर अनेक व्यक्तियों को सुखद आश्चर्य में डुबो दिया है! उनका सम्पूर्ण जीवन अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा है, वे वैदिक ज्ञान के जीवित-जाग्रत कोष हैं। अभी-अभी राजधानी में अपने अभिनन्दन के प्रत्युतर में आपने कहा कि भारत की उन्नति के लिए वेदों का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। आज देश के समक्ष जो भी समस्याएं हैं, चाहे वे धर्म की हों या भाषा या प्रतिरक्षा की—सभी का समाधान वेदमंत्रों के ज्ञान से ही हो सकेगा। ..... जब तक हम अपनी भाषाओं का आदर करना नहीं सीखेंगे और विदेशी भाषा को ही हृदय से चिपटाये रहेंगे, तब तक हमारी या हमारे राष्ट्र की उन्नति संभव नहीं। इसलिए सभी भारतीयों को चाहिए कि वे अपने देश, अपनी भाषा और अपनी संस्कृति से प्रेम करें।

आपकी महत्वपूर्ण सारस्वत सेवाओं के उपलक्ष्य में ५१ हजार का चेक दिल्ली के नागरिकों की ओर से भेंट किया गया तथा इतनी ही राशि निकट भविष्य में और एकत्रित की जायेगी, जिससे कि 'स्वाध्याय-मण्डल' की महर्षि-कल्पित योजनाओं को गति प्रदान की जा सके। बौद्धिक जड़ता के कुहासे को चीरता हुआ ऋषि का स्वर, जितना शीघ्र हमारे मन प्राणों को आन्दोलित करे, उतना ही शुभ है। महर्षि के चिरायु होने की कामना के साथ हम उनके उपयोगी जीवन के प्रति मनीषी-परिवार की शतशः श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

लक्ष्मीकांत शर्मा

English Section

Editorial

The year 1967–68

The dissolution of the Congress as the only party in power all over the country, in March 1967, and the emergence of the alternative United Front Governments in about half the states, was hailed as a sign of our democracy coming of age, after 20 years of almost oligarchical sway of the Congress. A healthy rivalry between the Congress and the non-Congress states was expected to start an era of continuous progress, in all the walks of life. What has since come to view, however, has only belied our hopes and given us cause for undiluted dismay only. The alternative governments in almost all the states except Madras and Orissa have faltered even more hopelessly than the congress governments in their worst days. And the reasons are not far to seek.

In spite of very basic and fundamental differences, the constituent parties of the United Fronts, maintained just a semblance of unity for some time. But the stress and strain involved in settling their internal squabbles and dissensions, have not allowed them to remain united for long and to pay sufficient attention to the serious problems of the country. The phenomenon of 'floor-crossing' every now and then, by ligislators interested primarily in getting ministerships, and their gross misconduct inside the Parliament and Assembly Halls, exhibited through 'bellowing, bawling, screaming' and even throwing shoes at one another, have completely shaken the common man's faith in Parliamentary democracy. No wonder, therefore, if the growing discontent and frustration all over the country, aggravated by the successive years of drought, are also expressed through a worse type of hooliganism, outside the legislatures. The cries of 'Assam for the Assamese,' and 'a Separate Tamilnad' and 'No Hindi in the South' have been added to the already vociferous cries of 'An Independent Nagaland' and a 'Separate Mizo State.' And the agitation has been taking a more and more violent form every where, involving destruction of valuable public property and murder of innocent men, and the growth of such para military forces as the Lachit Sena in Assam, the Gopal Sena in Kerala and the Shiva Sena in Maharashtra.

The Remedy—

Desperate remedies have sometimes been suggested for the desperate malady. There are many intelligent persons who affirm that a parliamentary democracy is unsuited to a large and predominantly illiterate country like ours. The growing divisive tendencies of our multi-lingual society and the challenge posed by a hostile Pakistan on one side and an aggressive China on the other, they assert, can be met only by a Presidential system of government or better still by military rule. A little careful thinking, however, will at-once convince us that, having hitched our wagon to the star of parliamentary democracy, for such a long time, we cannot now go back and make experiments with the Presidential system or even the military rule. For one thing, we do not at present have a leader of the stature and charisma of a Nehru, or Patel who may be acceptable to the whole country through direct election. And for another it is difficult to imagine that a central executive, however clever and strong it may be, can reconcile the conflicting local claims of a country of such continental dimensions and diversities as India. The remedy, therefore, lies only in the improvement of the existing political system. And the responsibility for this lies partly with the people and partly with the government. The government should realize that the essence of the

Parliamentary system is to try and achieve decisions by consensus, and it should, therefore, carrry with it, atleast on vital national issues, as many of the opposition groups and parties as it can persuade. The convention that our Prime Minister, Mrs. Gandhi, seems to be establishing, of consulting the opposition leaders, on issues like the Language Problem, is a step in the right direction, and should make for smoother and more dignified administration and parliamentary life. The people, on the other hand, have to see that they cannot now afford to repeat the mistake of sending to the legislatures insignificant men or parties, who have no locus standi in the country.

Nearer Home --

While matters of fundamental importance, to which we cannot shut our eyes, are being dealt with on the national and international planes, our immediate duty, we feel, lies nearer home, in our own college. It is here that we have to ward off narrow sectarian attitudes, that stand in the way of national integration. It is here again, that we have to set an ideal of voluntary and self-directed discipline among students and teachers —a discipline that requires no outside props and crutches, and remains best directed under self-direction. And for encouraging national integration, we have to play a more positive role by trying to find occasions for the appreciation of the good points of the cultures of different castes, creeds and communities. While we are reasonably proud of our tradition of having no problems of discipline in our college, we have to see that this discipline is maintained, as far as possible, through a sense of responsibility rather than through extraneous devices of imposing fines etc.

A grievous loss—

In the demise of Shri Mehr Chand Mahajan, the Ex-Chief Justice of India, on 12th Dec. '67, our college has suffered a most grievous loss Shri Mahajan was one of the few survivors of that old band of devoted and selfless Arya Samajists who had dedicated their lives to the cause of D. A. V. institutions all over the country. He was one of the few Arya Samaj educationists who believed in the highest standards of education and raised the D. A. V. College Lahore to the status of one of the best colleges in India. His dream was to bring all the D. A. V. Colleges under some sort of a Dayanand University which should be devoted exclusively to the realization of the high ideals of Swami Dayanand Saraswati, in the field of education. And he thought that Ajmer, the place of his dicease, would be the most suitable venue for this University. (Vide page I for his life-sketch).

Post Graduate Classes in Two More Subjects-

Lack of post-graduate classes in Hindi and Sanskrit, in a college like ours, was being felt as an inexcusable shortcoming. This overdue addition to the number of existing post-degree classes, was effected in August '67. We congratulate the respective Heads of the Deptt., Prof. M. P. Sharma and Prof. D. C. Shastri, at their well-deserved exaltation, and hope that the Departments will live up to the trust and confidence placed in them.

And Two More Doctorates—

We cannot also fail to congratulate heartily two more of the members of our staff, Dr. M. M. Lavania and Dr. R. K. Saxena, at their well deserved Doctorates (Ph. D.) in Sociology and Indian History, awarded this session. They have not only brought honour to themselves, but have also helped to raise the academic stature of the College. The subjects of their theses were: (1) Leadership and planned development and (2) The Marathas in Rajputana from

1761 to 1818. A brief gist of the conclusions arrived at by them is included in the Magazine, in the form of articles (Vide Pages 38 to 41 and 60 to 64).

A sad end—

